आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 29°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

अवध बार एसोसिएशन चुनाव की तारीखों का ऐलान

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 09 जुलाई, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 264 | www.janexpresslive.com/epaper



शिवकुमार ने पर्यावरण मंत्री से की... 12

# छांगुर बाबा की कोठी पर चला बुलडोजर

## सीएम बोले, सभी अपराधियों की संपत्तियां होंगी जब्त, 40 कमरों में से 20 ढहाए, 500 मीटर की प्राइवेट रोड, दीवारों पर लगा रखा था करंट

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

यूपी के बलरामपुर में धर्मांतरण व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की मधुपुर स्थित आलीशान कोठी पर मंगलवार को बुलडोजर गरजा। सुबह 10.30 बजे प्रशासनिक टीम ने इसे गिराने की कार्रवाई की शुरू की। एटीएस का दावा है, छांगुर बाबा यहीं से धर्मांतरण का नेटवर्क चलाता था। हालांकि यह कोठी उसकी महिला मित्र नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर है। बाबा ने ही नीतू का धर्मांतरण करके उसे नसरीन नाम दिया था। यह कोठी उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग पर है। 3 बीघा जमीन पर करीब 3 करोड़ से बनाई गई थी। इसमें 10 कैमरे लगे हैं। कोठी के चारों तरफ बाउंड्री वाल पर तार दौड़ाया गया था। इस पर रात को करंट दौड़ाई जाती थी, ताकि कहीं से कोई अंदर न आ सके।



### साढ़े 3 घंटे में 20 कमरे जमींदोज, छत से हटाए जा रहे सोलर पैनल

छांगुर बाबा की कोठी पर सुबह 10.50 बजे से बुलडोजर चल रहा है। दोपहर 2.15 बजे तक कोठी के 20 कमरे जमींदोज किए जा चुके हैं। अब मेन हॉल की छत पर सैकड़ों की संख्या में जो सोलन पैनल लगे हैं, उन्हें हटाया जा रहा है। इस हॉल का कुछ हिस्सा भी तोड़ा जाना है।

### कोठी में 10 कैमरे, तारों में दौड़ता है करंट

छांगुर बाबा की यह कोठी उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग पर बनी है। पुलिस अफसरों ने बताया, कोठी में 10 कैमरे लगे हैं। यानी, कोठी के अंदर से ही कोठी के बाहर की सभी एक्टिविटी को देखा जा सकता है। इसके अलावा, कोठी के चारों तरफ बाउंड्री वाल पर तार दौड़ाया गया था। इस पर रात को करंट दौड़ाई जाती थी, ताकि कहीं से कोई अंदर न आ सके। मेन गेट से कोठी तक जाने के लिए 500 मीटर की प्राइवेट रोड बनी हुई है। बुलडोजर एक्शन के दौरान लोगों की भीड़ न लगे, इसलिए पुलिस ने आसपास बैरिकेडिंग करवा दी है।

### यूएई के नेटवर्क को खंगाल रही एटीएस

छांगुर बाबा की करीबी नीतू नवीन रोहरा के यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के नेटवर्क को एटीएस खंगाल रही है। दरअसल, सातवीं कक्षा पास नीतू ने 2014 से 2019 तक 19 बार यूएई की यात्रा की, जिसकी वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। इसी तरह नवीन घनश्याम रोहरा ने भी 2016 से 2020 के बीच 19 बार यूएई की यात्रा की। पति-पत्नी होने के बावजूद दोनों केवल 8 अप्रैल, 2017 को एक बार साथ में गए थे, लेकिन वापसी अलग-अलग की थी। सूत्रों की मानें तो छांगुर बाबा के गिरोह का नेटवर्क यूएई में भी है।

### अवैध धर्मांतरण के खिलाफ फूटा सिख और सिंधी समाज का गुस्सा

प्रदेश में गैर-मुस्लिम लड़कियों को बहला फुसलाकर कराए जा रहे धर्मांतरण के खिलाफ सिख व सिंधी समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस तरह का कुत्सित प्रयास करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने धर्मांतरण की साजिश रचने वाले अपराधियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।

### दुबई सरकार ने प्रमाणित भी किया था

नवीन घनश्याम रोहरा, नीतू नवीन रोहरा और समाले नवीन रोहरा का धर्मांतरण 16 नवंबर, 2015 को दुबई के अल फारुख उमर बिन कताब सेंटर में हुआ था। इसे दुबई सरकार ने प्रमाणित भी किया था। हालांकि उनके पासपोर्ट की जांच में दुबई की यात्रा करने की पुष्टि नहीं हुई, जिससे आशंका जताई जा रही है कि छांगुर बाबा के गिरोह के गुर्गों ने अलग नाम से भी पासपोर्ट बनवाए हुए हैं।अधिकारियों को शक है कि गिरोह खाड़ी देशों के संगठनों के इशारे पर धर्मांतरण का रैकेट चला रहा था। उसका नेटवर्क यूपी के अलावा कई अन्य राज्यों में फैला होने के प्रमाण भी मिले हैं।

### छांगुर बाबा के टारगेट पर हिंदू लड़कियां होती थीं

जांच एजेंसियों के मुताबिक, छांगुर बाबा लड़कियों को बहला-फुसलाकर जबरन उनका धर्मांतरण करवाता। उसके टारगेट पर हिंदू लड़कियां होती थीं। हर जाति की लड़कियों का रेट फिक्स कर रखा था। जैसे- ब्राह्मण, सरदार और क्षत्रिय लड़कियों को 15 से 16 लाख रुपए दिए जाते थे। पिछड़ी जाति की लड़कियों को 10 से 12 लाख रुपए का भुगतान होता था। अन्य जाति की लड़कियों को 8 से 10 लाख रुपए दिए जाते थे।

### छांगुर बाबा 70 दिन लखनऊ के होटल में नसरीन के साथ रहा

छांगुर बाबा और उसकी महिला मित्र नसरीन लखनऊ के विकास नगर में स्टार रूम्स होटल में 70 दिन रहे। दोनों एक कमरे में रहते थे। यहीं से धर्मांतरण और लव जिहाद का नेटवर्क चलाते थे। होटल के कर्मचारी ने बताया कि रूम नंबर 104 में छांगुर बाबा और नसरीन पति-पत्नी की तरह रहते थे। उनकी गतिविधियां सामान्य थीं। उनसे कोई मिलने-जुलने नहीं आता था। सिर्फ एक वकील उनसे मिलने आता था। दोनों होटल से बहुत कम बाहर निकलते थे। छांगुर तो कभी-कभार ही निकलता था। नसरीन दिन में एक-दो बार ही बाहर निकलती थीं। दोनों ज्यादातर खाना होटल में ही खाते थे।

### छांगुर बाबा और नसरीन का कनेक्शन कैसे हुआ?

गांव वालों के मुताबिक, छांगुर बाबा प्रधानी का चुनाव हारने के बाद मुंबई चला गया था। यहां पर सिंधी परिवार की नीतू उर्फ नसरीन और उसके पति के संपर्क में आया। छांगुर बाबा ने नसरीन, उसके पति और बेटे का धर्मांतरण कराकर मुस्लिम बनाया। नसरीन ने मुंबई में अपनी संपत्ति बेचकर छांगुर बाबा के साथ गांव आ गई। यहां पर उसने कोठी बनवाई। छांगुर बाबा इसी कोठी में रहता था। वह यहीं से अपना नेटवर्क चलाता था।

### टेरर ऐसा कि बाबा के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं

उतरौला के आसपास के इलाके में छांगुर बाबा का टेरर है कि आसपास के लोग उसके खिलाफ कुछ भी बोलने से डरते हैं। कोठी पर बुलडोजर चलते देख कई लोग मौके पर पहुंचे। जिन्हें पुलिस ने बाहर ही रोक दिया। भास्कर रिपोर्टर ने जब ऑन कैमरा छांगुर बाबा के बारे में पूछा लोगों ने बात करने से इनकार कर दिया। हालांकि, कैमरा बंद करने पर उन्होंने बताया कि छांगुर बाबा को कोठी के बाहर कभी नहीं देखा। वो जब भी जाता था तो अपनी गाड़ियों से जाता था। काफिले में फॉर्च्यूनर-स्कॉर्पियो समेत कई महंगी गाड़ी लेकर चलता था। 10 साल में बाबा ने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर दिया। लेकिन किसी को ये नहीं पता चल सका कि उसकी कमाई का सोर्स क्या है। कोठी में देर रात तक लोगों का आना जाना लगा रहता था।

### गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी

छांगुर के घर बुलडोजर एक्शन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जलालउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी। उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने।

### ताला तोड़कर अंदर गई टीम

मंगलवार सुबह 10 बजे प्रशासन की टीम कोठी पर पहुंची तो मेन गेट पर ताला लगा था। डीएम पवन अग्रवाल की निगरानी में अफसरों की निगरानी में ताला तोड़कर टीम अंदर गई। घर के एक-एक कमरे की तलाशी ली गई। भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात है। उतरौला तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने बताया, 17 मई और 17 जून और 7 जुलाई को अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया गया था। हालांकि, कोई जवाब नहीं दिया गया। इसलिए, प्रशासन ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का निर्णय लिया। शनिवार को एटीएस ने 50 हजार रुपए के इनामी छांगुर बाबा को नीतू उर्फ नसरीन के साथ लखनऊ से गिरफ्तार किया था। दोनों के खिलाफ नवंबर, 2024 में एटीएस ने लखनऊ में मुकदमा दर्ज किया था।

# यूपी में 2000 बच्चों को योगी सरकार का तोहफ़ा

## बालश्रम से स्कूल तक अब बच्चों का बचपन लौटेगा

- भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत में 15 फीसद बनता है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ कभी सोचा है वो मासूम जो स्कूल की किताबों में डूबा होना चाहिए, वो सुबह से रात तक चाय की दुकान पर बर्तन धो रहा है। या वो नन्हे हाथ जो खिलौने पकड़ने लायक हैं, वो ईंट-भट्ठों में मजदूरी कर रहे हैं। लेकिन अब तस्वीर बदलने जा रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उठाया है एक ऐसा कदम, जो हजारों बच्चों का भविष्य बदलने वाला है।

### मिशन बालश्रम से स्कूल तक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने शुरू किया है एक स्पेशल अभियान बालश्रम से स्कूल



तक मकसद सिर्फ एक बच्चा मजदूर नहीं, विद्यार्थी बने!

### सीधी आर्थिक मदद हर महीने

1000 रुपये महीना - बालकों को 1200 रुपये महीना - बालिकाओं को और जब बच्चा कक्षा 8 तक की पढ़ाई पूरी करता है, तो मिलता है 6000 का प्रोत्साहन बोनस! सरकार का लक्ष्य है 2025 तक 2000 बच्चों को इस योजना से जोड़ना।

### बंधुआ मजदूरी पर भी एक्शन

भारत सरकार की योजना के तहत बंधुआ मजदूरों को मिल रही है 1 से 3 लाख तक की राहत राशि हर जिले में बना 10 लाख का कॉर्पस फंड ताकि ज़रूरत पड़ने पर तत्काल सहायता मिल सके। (कॉर्पस फंड: एक स्थायी राशि, जो इमरजेंसी में त्वरित मदद के लिए होती है।)

### अब तक की उपलब्धि

- बजट तय – 5 लाख
- 41285 बच्चों की पहचान
- 33405 बच्चों को स्कूल में दाखिला
- 623 ग्राम पंचायतें घोषित – बालश्रम मुक्त और ये सब संभव हुआ है एनआईसीईएफ के सहयोग से!
- 15-18 वर्ष के किशोर भी नहीं छूटे
- 14825 किशोरों को दी जा रही है वोकेशनल ट्रेनिंग ताकि वो बन सकें आत्मनिर्भर और सक्षम। उनके परिवारों को भी जोड़ा जा रहा है सरकारी योजनाओं से, ताकि आर्थिक मज़बूरी खत्म हो।

### बचपन बचेगा तो भारत बनेगा

एक देश तभी महान बनता है, जब उसका बचपन सुरक्षित, शिक्षित और मुस्कुराता हुआ हो। उत्तर प्रदेश उसी दिशा में कदम बढ़ा रहा है जहां बाल मजदूरी नहीं, शिक्षा ही असली शक्ति है।

### किसे मिलेगा फायदा?

योजना खासतौर पर उन बच्चों के लिए है जो अनाथ हैं या जिनके माता-पिता गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।

### बालश्रम पर चोट सर्वे शुरू!

9 से 14 वर्ष तक के बच्चों की पहचान के लिए सरकार ने शुरू किया है एक बड़ा सर्वे खतरनाक पेशों में लगे बच्चों की तलाश।

# नंदानगर में अतिवृष्टि से मची तबाही

## उफनते नालों ने उजाड़ा गांव, घर छोड़कर भागे लोग

- सिरपाख नाला और मोक्ष गाड का जलस्तर बढ़ा, भारी नुकसान
- एक गौशाला ध्वस्त, 11 आवासीय भवन खतरे की जद में
- कई संपर्क मार्ग हुए बाधित, ग्रामीणों में दहशत

**जन एक्सप्रेस। चमोली**

उत्तराखंड के चमोली जिले के विकासखंड नंदानगर में मंगलवार तड़के करीब चार बजे हुई अतिवृष्टि ने भारी तबाही मचा दी। सिरपाख नाला और मोक्ष गाड के उफान पर आने से मोख मल्ला के बगड़ तोक, धुर्मा, और सेरा गांव में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ग्रामीणों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम धुर्मा में एक गौशाला पूरी तरह से ढह गई है। वहीं, मोख मल्ला के बगड़ तोक में छह, धुर्मा में तीन, और सेरा गांव में दो आवासीय भवन नदी के कटाव के कारण खतरे की जद में आ गए हैं।



### खेतों में मलबा, फसलें नष्ट

गदेरे का पानी पैदल रास्तों और आवासीय क्षेत्रों तक पहुंच गया, जिससे खेतों में मलबा भर गया और फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गईं। नुकसान का आकलन प्रशासनिक टीम द्वारा किया जा रहा है।

### कई मोटर मार्ग और लिंक सड़कें बंद

भारी बारिश के चलते सेरा-मोख धुर्मा मोटर मार्ग बंद हो गया है। नंदानगर-नंदप्रयाग मार्ग सैतोली के पास, और नंदानगर-भेंटी मार्ग समेत क्षेत्र की कई लिंक सड़कें भी अवरुद्ध हैं, जिससे राहत कार्यों में भी बाधा आ रही है।


### प्रशासन सतर्क, मौके पर भेजी गई टीम

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने तत्काल प्रभाव से एसडीएम आरके पांडे के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम को मौके पर भेजा। टीम ने स्थिति का मौका मुआयना किया और तत्काल राहत कार्य शुरू करवाए।

# पीसीएस अफसर अरविन्द कुमार सिंह सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस। बिजनौर/देवरिया**

2012 बैच के पीसीएस अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह को आखिरकार अपनी कुर्सी मोह की कीमत चुकानी पड़ी। बिजनौर में तीन साल से एडीएम के पद पर जमे अरविन्द कुमार को मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बाद सस्पेंड कर दिया गया है। सरकार ने 30 मई को उनका तबादला देवरिया कर दिया था, लेकिन उन्होंने समय पर नई तैनाती स्थल पर योगदान नहीं दिया। नतीजतन,



सरकार ने यह कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक, अरविन्द कुमार सिंह ने देवरिया में ज्वाइन करने के बजाय बिजनौर में ही पद पर बने रहने की कोशिश की। शासन ने इसे आदेश की अवहेलना मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरशाही में अनुशासन को सर्वोपरि मानते हुए इस मामले में कड़ा रुख अपनाया। ऐसे में सरकार का साफ संदेश है-तबादले और आदेश की अनदेखी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं। अब अरविन्द कुमार सिंह पर विभागीय जांच की तलवार भी लटक रही है।

# मेरठ में मेडिकल सीट घोटाला! पूर्व बीजेपी विधायक की बेटी पर सीबीआई की नजर

- एमबीबीएस की 50 सीटें रद्द करने की तैयारी में एमसीआई जांच में बड़ा खुलासा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ/ मेरठ**

मेरठ का चर्चित मेडिकल कॉलेज अब भ्रष्टाचार के जाल में उलझता नजर आ रहा है। पूर्व बीजेपी विधायक और यूपी महिला आयोग की सदस्य डॉ. सरोजिनी अग्रवाल की बेटी शिवानी अग्रवाल पर अब सीबीआई का शिकंजा कसता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, शिवानी अग्रवाल ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की टीम को भारी रिश्वत देकर कॉलेज में एमबीबीएस की 50 अतिरिक्त सीटें मंजूर करवाई थीं। लेकिन अब वही सीटें रद्द होने की कगार पर हैं, जिससे कॉलेज प्रबंधन और छात्र दोनों में हड़कंप मचा हुआ है।

### मोबाइल और चैट बनीं सबूत

सीबीआई के पास शिवानी अग्रवाल के मोबाइल, व्हाट्सएप चैट्स और अन्य डिजिटल साक्ष्य मौजूद हैं। सूत्रों



का कहना है कि पूछताछ की आंच तेज होते ही शिवानी ने अपना फोन इस्तेमाल करना बंद कर दिया, और अब कॉलेज का पूरा प्रबंधन स्टाफ के जरिए ही संचालित हो रहा है।

### फिर लौटेगी सीबीआई टीम

सीबीआई की टीम जल्द ही फिर से मेरठ पहुंच सकती है और शिवानी से गहन पूछताछ की तैयारी में है। इससे पहले भी जांच एजेंसी कॉलेज से जुड़े दस्तावेज खंगाल चुकी है।

### सियासी परिवार पर बड़ा दाग

गौरतलब है कि शिवानी अग्रवाल बीजेपी की पूर्व विधायक डॉ. सरोजिनी अग्रवाल की बेटी हैं, और फिलहाल यूपी महिला आयोग की सदस्य के पद पर आसीन हैं। इस खुलासे ने राज्य की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या मेडिकल शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह का भ्रष्टाचार करने वालों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है? और क्या दोषियों पर समय रहते कड़ी कार्रवाई होगी? आगे की कार्रवाई पर पूरे प्रदेश की नजर टिकी हुई है।

# धारचूला में बारिश का कहर : घटखोला नाला उफान पर, लोहे का पुल बहा, पेयजल संकट गहराया

- 93.20 मिमी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई गांवों का संपर्क टूटा, पंचायत चुनाव पर भी संकट

**जन एक्सप्रेस। धारचूला/पिथौरागढ़**

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला तहसील में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। घटखोला नाले में उफान आने से लोहे का पैदल पुल बह गया और नया पुल भी खतरे की जद में आ गया है। इस पुल के बहने से खोतिला गांव पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है, वहीं नगर को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे करीब 15 हजार लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

### पेयजल लाइन टूटी, शहर में पानी का संकट

घटखोला से धारचूला नगर को पेयजल आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइपलाइन भारी मलबे और पानी के बहाव से क्षतिग्रस्त हो गई है। मंगलवार को पूरे नगर में पानी की आपूर्ति बंद रही, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। जलस्रोत में भारी मलबा भर जाने से पेयजल योजना भी ठप हो गई है।

### गांवों का संपर्क टूटा

मुनस्यारी-बुईपांतो सड़क पर पहाड़ी टूटने से तीन गांव - बुई, पातो और रालम - अलग-थलग पड़ गए हैं। सेराघाट के पास जौलजीबी-मुनस्यारी मार्ग मलबे से पूरी तरह बंद हो गया है। दुलियाबगड़-राया-बजेता सड़क तीन दिन से बाधित है, जिससे राशन और अन्य जरूरी सामान गांवों तक नहीं पहुंच पा रहा है।



### पंचायत चुनाव पर भी असर, प्रत्याशियों ने दी चेतावनी

सड़क बंद होने से पंचायत चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को प्रचार में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों और प्रत्याशियों ने चेतावनी दी है कि अगर 11 जुलाई तक सड़क नहीं खोली गई, तो वे नामांकन वापस ले लेंगे। क्षेत्रीय प्रशासन पर सुस्ती का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों में गहरा रोष है।

### 93.20 मिमी बारिश ने बढ़ाई चिंता

धारचूला में बीती रात 93.20 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो जिले में सर्वाधिक रही। इसके अलावा बंगापानी में 72 मिमी, तेजम में 93 मिमी, और मुनस्यारी में 31 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हालांकि उच्च हिमालयी गांवों में बारिश नहीं होने से वहां के ग्रामीण खेती-बाड़ी के लिए परेशान हैं।

### ग्रामीणों की मांग, जल्द खुले सड़कें, बहाल हो पानी

प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अविलंब मलबा हटाकर संपर्क मार्गों को खोला जाए और पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए। आपदा की इस घड़ी में प्रशासन की तत्परता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बारिश और भूस्खलन से घिरे पिथौरागढ़ के कई गांवों में जनजीवन संकट में है। प्रशासनिक राहत की गति धीमी होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश और असंतोष दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

# खुद की हत्या की अफवाह फैलाकर बेकसूर को मारने वाला गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कहते हैं अपराध करने वाला कितना भी बड़ा शातिर हो, लेकिन पुलिस की पकड़ से वह बच नहीं सकता। कुछ न कुछ सबूत जरूर छोड़ जाता है।घटनाओं का खुलासा करने में माहिर एसपी अरुण कुमार सिंह ने आज एक सनसनीखेज मामले का एक हफ्ते में खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि करोड़ों रुपए का बीमा क्लेम लेने के लिए पति पत्नी ने मिलकर फिल्मी स्टाइल में प्रिप्लानिंग कर एक दर्दनाक घटना को अंजाम दिया है। दोनों ने क्राइम पेट्रोल,सावधान इंडिया और यूट्यूब में कुरूप नाम की फिल्म देखकर घटना को अंजाम दिया है। महंगे शौक रखने वाले आरोपी सुनील और उसकी पत्नी हेमा ने मिलकर बीमा क्लेम के लिए एक निर्दोष व्यक्ति को कार में जलाकर मार डाला और इसके बाद पत्नी हेमा ने कार में जली लाश को अपने पति सुनील का बता कर उसके बचे हुए अवशेष का अंतिम संस्कार कर झूठी कहानी रची। इसके बाद मामले में पत्नी पर शक होने के बाद पुलिस का असली आरोपी तक पहुंचने के लिए जाल बिछाया।

एसपी ने बताया कि चित्रकूट जनपद में बीते 30 जून को सड़क किनारे खड़ी जली ऑल्टो कार में लाश मिलने के मामले में अब एक और नया मोड़ आ गया है । जिसपर कार में मिली जली हुई लाश को एमपी के रीवा की रहने वाली महिला ने कार चालक के रूप में अपने पति सुनील सिंह के रूप में शव की शिनाख्त कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया था, लेकिन वहीं मृतक कुछ दिनों बाद अपने रिश्तेदारों के यहां जिंदा दिखाई देने पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मृत हो चुके सुनील और उसकी पत्नी हेमा को गिरफ्तार कर पूरी घटना का सनसनी खेज खुलासा कर दिया है । मामला राजापुर थाना क्षेत्र के सिकरी अमान गांव का है, जहां बीते 30 जून को सड़क किनारे एक जली हुई कार मिली थी जिसमें कार के अंदर ड्राइवर की बगल वाली सीट में एक शव के कुछ अवशेष और कुछ टूटी हुई चूड़ियां मिली थी जो कार की हालत को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे कार के अंदर विस्फोट भी हुआ था जिसपर पुलिस ने हादसा या हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुट गई थी।

पुलिस भी अब यह एक महज हादसा मान रही थी, लेकिन पुलिस ने मृतक सुनील और उसके परिजनों का क्छ। टेस्ट कराने की बात कही थी। जिससे शव की पुष्टि हो सके कि यह शव सुनील का है या किसी और का। जिसके बाद महिला हेमा सिंह उस शव का अंतिम संस्कार कर आराम से अपने घर पर रह रही थी। तभी पुलिस के जांच के दौरान महिला की हाव भाव कुछ अजीब लग रहे थे और क्छ। टेस्ट कराने में आनाकानी कर रहे थे। जिसपर पुलिस को शक और बढ़ गया था।लेकिन इसी बीच पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जिस व्यक्ति का जला हुआ शव कार में मिला था वह व्यक्ति अपने रिश्तेदार के यहां जिंदा घूम रहा है। जिसपर पुलिस ने तुरंत सुनील को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू किया तो पति पत्नी द्वारा मिलकर एक निर्दोष व्यक्ति की जिंदा फूंक देने की सनसनी खेज वारदात का खुलासा हो गया है । पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह घटना का खुलासा करते हुए बताया है कि मध्यप्रदेश के रीवा जिले के जवां गांव के रहने वाले सुनील सिंह ने कुछ लोन लेकर अपनी पत्नी हेमा सिंह को 55 लाख की लागत से एक ब्यूटी पार्लर खुलवाया था जो पार्लर की कमाई और लोन को बढ़वा कर दो करोड़ का इन्वेस्टमेंट प्लान लिया जिससे एक हार्वेस्टर मशीन भी खरीद लिया था। लेकिन महंगे शौक के कारण कोरोना काल में किश्त नहीं भर पा रहा था। तभी उस दौरान उसने युटुब में साउथ मूवी की कहानी को देखकर कि लोन न भरना पड़े अपने आप को मृत दिखाने के लिए किसी और की हत्या करने की एक खौफनाक साजिश रचना शुरू कर दिया और अपने जैसे कद काठी का एक युवक ढूंढना 2024 से शुरू कर दिया जो बीते 28 जून को एक शराब की दुकान गया जहां उसे एक व्यक्ति मिला जिसे अपनी गाड़ी में बैठकर खूब खाना पीना और शराब पिलाकर उसे उसके घर छोड़ दिया और अगले दिन इस घटना को अंजाम देने के लिए अपनी पत्नी को बताकर अगले दिन उसी व्यक्ति को फिर बुलाकर शराब पिलाने के बहाने बुला लिया और घर से उसकी हत्या करने के लिए निकल आया रास्ते भर उसे खूब शराब पिलाता रहा पहले उसे बरगढ़ से प्रयागराज की तरफ ले जा रहा था लेकिन ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण प्लान बदल कर उसे चित्रकूट होते हुए लखनऊ के रास्ते जाने का प्लान किया क्यों कि नंदिन कुर्मियान गांव में उसकी ससुराल भी थी और मऊ रामनगर राजापुर मार्ग सूनसान रास्ता भी रहता है इसीलिए उसने अमान सिकरी गांव में सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर जब वह शराब में धुत हो गया तो गाड़ी का शीशा बंद कर प्लान के तहत गाड़ी में लाए गैस सिलेंडर का स्विच खोल दिया और कपूर उसके ऊपर छिड़काव कर दिया और दो बॉडी स्प्रे भी उसके पास रख दिया। जिसके बाद कपूर में आग लगाकर उसके शरीर में आग लगा दिया और गाड़ी से कुछ दूर चला गया। जिसके बाद गाड़ी में विस्फोट होने के बाद वह युवक जिंदा जल गया। जिसके बाद मौके से फरार हो गया था। जो कुछ दिनों बाद आरोपी सुनील के रिश्तेदारी में आने पर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी जिसपर गिरफ्तार कर पूरी घटना का खुलासा हो गया। जो व्यक्ति को जिंदा जलाया था उस व्यक्ति की शिनाख्त विनय चैहान के रूप में हुई। जिसके भाई ने बताया कि उसका भाई कई दिनों से लापता है जिस पर मृतक विनय के परिजनों का भी डीएनए लेकर शव की पुष्टि की जा रही है।

# विद्यालय मर्जर के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना

**जन एक्सप्रेस । उरई**




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर विद्यालयों के संविलियन के विरोध में विद्यासागर मिश्रा एवं नरेश निरंजन के नेतृत्व में धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार हरदीप सिंह को सौंपा। धरने की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्र ने कहा कि यह विद्यालयों का मर्जर नहीं गरीबों की शिक्षा का मर्डर है। नौनिहालों को शिक्षा से वंचित करने का एक कुत्सित प्रयास है। विद्यालय में सुविधाएं बढ़ाने की वजाय बंद करना सर्वथा अनुचित है। जिलामंत्री नरेश निरंजन ने कहा की सरकार का यह कदम आरटीई एक्ट 2009 का सीधा उल्लंघन है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम में प्रावधान है कि प्रत्येक किलोमीटर पर प्राथमिक विद्यालय एवं प्रत्येक 3 किलोमीटर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना होनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए पूर्ववर्ती सरकारों ने हर गांव मजरे में विद्यालय खोले थे किंतु आज विद्यालय को बंद करने की साजिश की जा रही है संगठन इस आदेश का विरोध करता है। धरना सभा में उपवन कुमार सिंह, मनीष समाधिया, चंद्रपाल सिंह गुर्जर, रामहेत सिंह, विपिन उपाध्याय, राजेश शुक्ला, महेंद्र वर्मा, योगेंद्र जादौन, संजय निरजन, शैलेन्द्र सिंह बबेले समेत कई शिक्षकों ने धरना सभा को संबोधित किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष एवं ब्लाक डकोर के ब्लॉक अध्यक्ष श्री बृजेंद्र राजपूत के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई जिसमें सभी शिक्षको ने 2 मिनट का मौन रखा। इस धरना सभा में सुनील श्रीवास्तव, अयोध्या प्रसाद, उपेंद्र याज्ञिक, दीपक दाँतरे, राजीव थापक, पवन निरंजन, प्रशांत त्रिपाठी, बृजेश तिवारी, वेद प्रकाश मिश्रा, चन्द्र प्रकाश राजपूत, जीवन त्रिपाठी, हर्षिका सचान जानकी रैकवार, उमादेवी, प्रतिभा प्रजापति, माहेश्वरी निरंजन, प्रीति उदानिया, आराधना साहू, सुशीला देवी, भानु प्रताप, संजय, अमित सिंह आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# सर्प के डसने से वृद्ध महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के हथनोरा में घर में वृद्ध महिला को सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथनोरा निवासी शिवनारायण सिंह की वृद्ध पत्नी नन्ही देवी स्वास की मरीज है। बताया गया कि सोमवार की रात वह खाना खाने के बाद घर के कमरे में दीवार में बनी अलमारी से अपनी सांस की दवा निकालने गई थी। जैसे ही उसने अलमारी खोली तभी अन्दर बैठे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जिससे वह चीखने लगी, चीखने की आवाज सुनकर घर में मौजूद परिजन मौके पर पहुंच गए। जहां पर वृद्धा ने सर्प के डसने की बात कही। जानकारी होते ही परिजन उसे तत्काल झाड़ फूंक के लिए नियामतपुर सिमहरा कासिमपुर ले गए। जहां पर हालत बिगड़ने पर तांत्रिक ने उसे मेडिकल कॉलेज ले जाने का सुझाव दिया।इतना सुनते ही रात में ही परिजनो ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। नाती रजनीश सिंह व प्रदुम सिंह ने बताया की अपनी दादी मां को हम बाइक से बैठा कर उरई जा रहे थे। तभी औता के पास बाइक फिसल कर गिर गई थी। गति धीमी होने से दादी मां को हल्की चोटे आने के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया गया। लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना परिजनों के द्वारा थानाध्यक्ष को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बारिश के चलते कच्चे घर की दीवार हुई धराशाई, तीन बहनों सहित मासूम घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के मुहाना में बारिश के चलते कच्चे घर की दीवार धराशाई हो गई। बताया गया कि जिस समय घर की दीवार गिरी उस समय घर के सभी सदस्य सो रहे थे। जिसमें दीवार गिरने से चंद्रभान पाल की बड़ी पुत्री 20 वर्षीय सुगवंती, छोटी पुत्री 16 वर्षीय पूजा देवी, पुत्र 11 वर्षीय वेवांश अटारी की दीवार के मलबे से दबकर घायल हो गए, जबकि घर का सामान दब गया। हादसे के बाद मची चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर दौड़ पड़े और दीवार के मलवे से दबे सभी लोगों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां पर उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। किसान चंद्रभान पाल का कहना है कि दीवार के नीचे घर का ग्रस्थी का सामान भी दबकर टूट फूट गया है। बताया कि वह 6 बीघा जमीन से बच्चों का भरण पोषण करता है, दीवार गिरने से काफी नुकसान हुआ है। इस संबंध में तहसीलदार मिश्रा का कहना कि मौका मुआना के लिए लेखपाल को भेजा जाएगा और पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी।

## करंट लगने से स्कूल बस चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** धंतौली में पंखे का प्लग लगाते समय करंट लगने से स्कूल बस चालक की मौत हो गई। नगर के ग्राम धंतौली निवासी कृष्ण कुमार उर्फ कल्लू 46 वर्ष डीडी मेमोरियलय विद्यालय की बस चलाता था, जो बच्चों को घर छोड़कर वापस अपने घर आ गया था। बताया गया कि पत्नी सीमा देवी, पुत्र प्रद्युम्न, सुमित व पुत्री प्रतीक्षा मामा के यहां झांसी में थे। शाम को वह घर के कमरे में पंखा चलाने के लिए पहुंचा, तो प्लग लगाते हुए उसे पंखे से करंट लग गया। जिससे वह बेसुध होकर कमरे में गिर गया और उसके ऊपर पंखा भी गिर गया। देर शाम को जब उसका भतीजा अजय प्रताप घर पहुंचा, तो देखा कि चाचा के ऊपर पंखा पड़ा है उनका शरीर भी झुलसा हुआ है, बल्कि उनकी मौत हो गई है।

# बिना कार्य कराये फर्जी मस्टरोल बनाकर निकाले छब्बीस हजार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

ग्रामीणों ने तीन साल से एक ही गांव में तैनात सचिव व प्रधान पर मिलीभगत का लगाया आरोप तीन साल से एक ही गांव में जमे सचिव और ग्राम प्रधान की बंदरबांट से फर्जी मास्टररोल बनाकर छब्बीस हजार रूपये निकाल लिया गया। जबकि उक्त तालाब के भूभाग पर कोई भी कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराये जाने के साथ ही दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करने की मांग उठाई है। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के खण्डवा ग्राम पंचायत में तालाब के नाम दर्ज जमीन पर फर्जी जीर्णोद्धार दिखाकर धनराशि के बंदरबांट का मामला सामने आया है। गांव के धनंजय तिवारी, विनोद कुमार आदि ने मुख्यमंत्री प्रमुख सचिव समेत उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि तीन साल से ग्राम पंचायत में जमे सचिव ने ग्राम प्रधान के साथ मिलीभगत कर तालाब के नाम दर्ज गाटा संख्या चौवालिस के जीर्णोद्धार कराने का मास्टर रोल निकालकर छब्बीस हजार दो सौ आठ रूपये का भुगतान करा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस गाटा संख्या में कोई भी कार्य नहीं कराया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक फर्जीवाड़े की शिकायत पहले भी की गयी लेकिन ब्लाक के अधिकारी मामले को दबाकर अपनी छीछालेदर छिपाने में लगे हैं। शिकायती पत्र के साथ ग्रामीणों ने गूगल लेंस की फोटो व मास्टर रोल की सूची बतौर साक्ष्य संलग्न कर फर्जीवाड़े की शिकायत किया है। ग्रामीणों ने दोषी सचिव व ग्राम प्रधान के खिलाफ एफआईआर की मांग भी उठायी है। फर्जीवाड़ा कर कराये गये भुगतान की जानकारी होने पर ब्लाक के कर्मचारियों में हडकंप मचा है। इस बारे में रामपुर संग्रामगढ़ के बीडीओ विजय शंकरमणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो मामले की जांच कराते हुए जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# घुइसरनाथ धाम में सीडीओ ने सावन मेले की तैयारियों का लिया जायजा, साफ-सफाई के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

सावन मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों के सिलसिले में सीडीओ ने सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में निरीक्षण किया। सोमवार की सुबह बाबा धाम पहुंची सीडीओ डॉ0 दिव्या मिश्रा ने पहले भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। दर्शन पूजन के पश्चात वह सावन मेले को लेकर बाबा धाम में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। बाबा धाम परिसर में फैली गन्दगी को तत्काल साफ करवाने के लिए पर्याप्त मात्रा में स्वच्छताकर्मियों को तैनात करने का निर्देश सांगीपुर के खण्ड विकास अधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में गंदगी मिलने पर सफाईकर्मियों व दोषी अफसरों के खिलाफ प्रतिकूल प्रवृष्टि देने के साथ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं व कांवड़ यात्रियों के लिए ऑडीटोरियम को तैयार करने की बात कही। सीडीओ ने साफ सफाई के साथ ही मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य टीम, प्रकाश व सई तट पर बैरीकेटिंग आदि के बारे में भी बीडीओ को निर्देशित किया। प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष मिश्र से भी आवश्यकतानुसार सहयोग करने की बात भी सीडीओ ने कही। इस मौके

# चोरी की 15 सोलर प्लेटों के साथ चार चोर गिरफ्तार, एक फरार

**जन एक्सप्रेस । उरई**




डकोर कोतवाली क्षेत्र के गुढ़ा सिमरिया के पास बने सोलर प्लांट से सोलर प्लेट चोरी होने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस ने मुखबिरों को लगाया। बीते दिन सोमवार की देर रात सूचना मिली कि पांच लोग सोलर पैनलों को चोरी कर कही ले जाने की फिराक में बंधौली के जंगल में घूम रहे है। खबर मिलते ही इंस्पेक्टर ने पुलिस की तीन टीमें बनाकर अलग अलग दिशाओं में कांबिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी ने टीम के साथ घेराबंदी कर चार लोगो को 15 सोलर पैनल व एक बाइक और तीन मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में सफल हो गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम गौरव सिंह पुत्र जगपाल सिंह मोहल्ला गांधी नगर कोच, ब्रजकिशोर उर्फ विवेक पुत्र रघुवर सिंह ग्राम रूरा रेंडर, विवेक राजपूत पुत्र रविन्द्र राजपूत ग्राम ऐर और समीर खान पुत्र इस्लाम खान निवासी ऐर डकोर बताया। जबकि मौके से आशीष वर्मा काशीराम कालोनी फरार होने में सफल हो गया। मामले में इंस्पेक्टर शशिकांत चौहान ने बताया कि इनका एक गिरोह है। सात जुलाई की रात ये लोग सोलर प्लांट के अंदर चहारदीवारी फांदकर गए थे और कटर से बाउंड्रीवाल के तार काटकर सोलर प्लांट के अंदर घुसकर प्लेटें खोल लेते थे। पैनलों को बाहर फेंक देते थे। एक एक कर सोलर प्लेट को बाइक पर रखकर जंगल में इकट्ठा कर रहे थे। जिन्हें दबोच लिया लिया गया है अब इन्हें इनकी सही जगह भेजने का काम किया जा रहा है।

# नवागंतुक बीईओ से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की शिष्टाचार भेंट

**जन एक्सप्रेस । जालौन**



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई जालौन के प्रतिनिधिमंडल ने बीआरसी भिटारा में ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश रजक व नगर अध्यक्ष हिमांशु पुरवार के संयुक्त नेतृत्व व प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नवागंतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्ञानप्रकाश अवस्थी के साथ शिष्टाचार भेंट की व पुष्पगुच्छ सौंपकर उनका स्वागत किया। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ÷राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज÷ के ध्येय को लेकर काम करने वाला संगठन है। ब्लॉक महामंत्री अभिषेक पुरवार ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रयास रहता है कि वो शिक्षकों की समस्याओं तक स्वयं पहुंचकर उन्हें शीघ्रता से निस्तारित कराए। जिससे शिक्षक अपने मूल दायित्व का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से कर सकें। प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के उत्थान के लिए खंड शिक्षा अधिकारी और संगठन को साझा प्रयास करना चाहिए ताकि शिक्षकों व छात्रों की समस्याओं को समझा जा सके और उनका समाधान किया जा सके। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा संगठन को आश्वासन दिया गया है कि ब्लॉक में शिक्षकों की आने वाली समस्याओं का समयबद्ध निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में पवन प्रजापति, देवीचरण प्रजापति, अलोक कुमार गुप्ता, राजेश सक्सेना, अनुराग याज्ञिक आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्रावण मास के दृष्टिगत धर्मनगरी में दुरुस्त कर लें व्यवस्थाएं : डीएम



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में श्रावण मास व कावड़ यात्रा की तैयारीयों के सम्बन्ध में मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में बर्षा ऋतु के दृष्टिगत नदियों का जल स्तर बढ़ने की संभावना रहती है, जिसके तहत सम्बन्धित विभाग सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखेंगे। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट पर चल रहे पुनर्निर्माण कार्य के तहत अवशेष सामग्रियों को कार्यदाई संस्थाओं से वार्ता कर हटवाएं तथा पार्किंग स्थल के लिए जगह चिन्हित करें। निर्देशित किया कि श्रावण मास के दृष्टिगत रामघाट, परिक्रमा मार्ग सहित प्रमुख स्थलों पर साफ-सफाई की व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। साथ ही चेंजिंग रूम आदि की भी व्यवस्था करें। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में खराब विद्युत पोलों व लटकने वाले पिद्युत तारों को सही कराए। इसके साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक से कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की भी व्यवस्था होनी चाहिए। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में टैंकरों की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि भरतकूप से लेकर राम सैया तक सड़क के किनारे बड़ी हुई झाड़ियों की साफ सफाई कराएं। डीएम ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य दिए गए हैं, उनका सभी लोग समन्वय बनाकर निर्वहन करें।

इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार, उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ सौरभ यादव, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्रनारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजीत यादव, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 12 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आगामी 12 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे से नवीन गल्ला मंडी परिसर स्थित सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

बताया कि इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कंम्पनियां एफआईईएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सिल्वर स्पार्क अपैरल लिमिटेड, न्यू हॉलैंड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड, हैवेल्स इंडिया लिमिटेड आदि द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इन कम्पनियों द्वारा 1000 से अधिक लोगों को उनकी शैक्षिक अर्हता के अनुसार रोजगार के लिए चुना जाएगा। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार के लिए अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठायें।

# आईजीआरएस प्रकरण निस्तारण में मऊ और मानिकपुर ने प्राप्त किया पहला स्थान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आईजीआरएस मामलों के निस्तारण में प्रदेश स्तर में जनपद की तहसीलों मऊ व मानिकपुर ने प्रथम रैंक प्राप्त की है। मामलों के निस्तारण में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने मऊ व मानिकपुर के उपजिलाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशानुसार आईजीआरएस मामलों के निस्तारण के लिए मऊ के उपजिलाधिकारी सौरभ यादव व मानिकपुर के उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम द्वारा प्राथमिकता से आवेदकों से संपर्क कर समस्याओं का निस्तारण कराया गया। जिससे जनपद की दोनों तहसीलों को प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। प्रथम रैंक प्राप्त करने पर जिलाधिकारी ने दोनों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वह ऐसे ही कार्य कर जनपद को एक नई पहचान दिलाएं। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुरूप निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराएं। इसके साथ ही निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए।डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुरूप निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराएं। इसके साथ ही निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए।

# पौधरोपण कर मंडलायुक्त ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



वृहद पौधरोपण अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित एसडीएम कॉलोनी पार्क में मंगलवार को चित्रकूट धाम मण्डल बॉदा आयुक्त अजीत कुमार ने नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोग शासन की मंशानुरूप अधिक से अधिक पौधरोपण करें। प्रत्येक जनपदवासी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित करें तथा उनकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी लें। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पौध रोपण अभियान के तहत आज जिन पौधों को रोपित किया गया है, उनकी सुरक्षा हर हाल में होनी चाहिए ताकि आगे चलकर यह पार्क हरा भरा बने तथा लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध हो।

यह अभियान तभी सफल होगा, जब सभी लोग पौध रोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता करेंगे। इस दौरान सभासद शंकर यादव ने मंडलायुक्त को पत्र देकर पार्क के सर्वांगीण विकास और सुंदरीकरण की मांग की। जिस पर आयुक्त ने जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी को पार्क के सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार, एसडीओ राजीव रंजन सिहं, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, सभासद आदि ने भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित किए।

इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी कर्वी रेंज मोहम्मद नफीस, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे गोपाल कृष्ण गुप्ता, चित्रकूट वन दरोगा सुरेंद्र कुमार, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, सफाई नायक सुनील कुमार, अमित कुमार, शारदा प्रसाद तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।



**अलर्ट पर देश की नदियां...**
देश में मानसून ने रफ्तार पकड़ी है और इसके साथ ही कई राज्यों में नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ताजा बुलेटिन के मुताबिक, असम, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की चार नदियों में गंभीर बाढ़ की... पढ़ें पेज 12 पर...



# अवध बार एसोसिएशन चुनाव की तारीखों का ऐलान

## हाईकोर्ट लखनऊ बेंच की बार राजनीति में मचा घमासान, 29 जुलाई को डाले जाएंगे वोट, 30 को आएंगे नतीजे

जन एक्सप्रेस | हर्ष त्रिपाठी

**लखनऊ।** अवध बार एसोसिएशन, लखनऊ हाईकोर्ट बेंच के सबसे प्रतिष्ठित और प्रभावशाली चुनाव की तारीखों का आखिरकार ऐलान कर दिया गया है। बार की सियासत में गहमागहमी तेज हो गई है। इस बार चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए नई चुनाव समिति का गठन भी कर दिया गया है।

### नई चुनाव कमेटी संभालेगी कमान

बार सदस्यों की सहमति से गठित की गई नई चुनाव कमेटी चुनावी प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से संचालित करेगी। समिति ने चुनाव कार्यक्रम का औपचारिक एलान करते हुए सभी वकीलों से शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण मतदान की अपील की है।



### बड़े चेहरों की एंट्री से मुकाबला होगा रोचक

चुनाव की तारीखों के एलान के साथ ही बार के गलियारों में सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कई वरिष्ठ अधिवक्ता मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। माना जा रहा है कि इस बार मुकाबला बेहद कांटे का होगा।

### नामांकन से लेकर नतीजे तक का पूरा शेड्यूल घोषित

- **14 और 15 जुलाई:** नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे
- **16 जुलाई:** नामांकन पत्रों की जांच
- **17 जुलाई:** नाम वापसी की अंतिम तारीख
- **18 जुलाई:** प्रत्याशियों की अंतिम सूची होगी जारी
- **29 जुलाई:** मतदान की तारीख
- **30 जुलाई:** मतगणना और परिणाम घोषित

### सुरक्षा और पारदर्शिता पर रहेगा विशेष जोर

बार परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए भी योजना बनाई जा रही है। डिजिटल मोड में भी मतदाताओं की सूची व अन्य जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

### नजरें टिकी हैं 29-30 जुलाई पर!

अब सबकी निगाहें 29 जुलाई को होने वाले मतदान और 30 जुलाई को घोषित होने वाले नतीजों पर टिकी हैं। यह चुनाव न सिर्फ बार की कमान तय करेगा, बल्कि हाईकोर्ट बेंच की लॉ पॉलिटिक्स की दिशा भी निर्धारित करेगा।

# जलकल मुख्यालय पर हंगामा

## कर्मचारियों ने ऐशबाग कार्यालय का किया घेराव, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ राजधानी में सोमवार को जलकल विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सैकड़ों कर्मचारियों ने ऐशबाग स्थित जलकल मुख्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। अपनी लंबित मांगों को लेकर आक्रोशित कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि वे कई महीनों से वेतन विसंगतियों, समय पर प्रमोशन, पेंशन से जुड़ी समस्याओं और काम के अत्यधिक दबाव जैसी कई अहम मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन ने अब तक कोई सुनवाई नहीं की।

### हक नहीं तो काम नहीं!

जलकल मुख्यालय के बाहर सड़कों पर हक नहीं तो काम नहीं, सरकार होश में आओ जैसे नारों से माहौल गरमा गया। प्रदर्शन के चलते कार्यालय में सामान्य कामकाज भी घंटों ठप रहा।

### यूनियन ने दी चेतावनी

जलकल कर्मचारी यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। इससे राजधानी की जल आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।

### प्रशासन सख्त, रिपोर्ट तलब

प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को शांत कराने की कोशिश की नगर निगम और जल संस्थान के उच्चाधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है।

# बिजली के निजीकरण के खिलाफ देशभर के बिजली कर्मी आज हड़ताल पर, 27 लाख कर्मचारी होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में बिजली के निजीकरण के खिलाफ यूपी सहित देशभर के बिजलीकर्मी कल एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। इस हड़ताल में प्रदेश से करीब एक लाख बिजलीकर्मी शामिल होंगे। पूरे देश से करीब 27 लाख कर्मचारी इस हड़ताल का हिस्सा बनेंगे। हालांकि इस हड़ताल से सेवाओं पर किसी प्रकार का असर नहीं पड़ेगा। बिजली से जुड़ी सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहेंगी। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर यह हड़ताल बुलाई गई है। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल के साथ उप्र के एक लाख से अधिक बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी ,जूनियर इंजीनियर और अभियंता पूरे दिन कार्यालयों / कार्य स्थल के बाहर आकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के सभी जिलों में इस सांकेतिक हड़ताल का असर देखने को मिलेगा। मालूम हो कि प्रदेश के बिजलीकर्मी लगातार बिजली के निजीकरण के खिलाफ महापंचायत और हड़ताल कर रहे हैं।

# हज यात्रा 2026 की घोषणा: 31 जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

हज करने की ख्वाहिश रखने वाले आजमीन 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज 2026 घोषणा कर दी है। हज यात्रा के लिए घर बैठे अपने मोबाइल से हज सुविधा एप के साथ ही हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज यात्रा के लिए वही आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जिनके पास अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट मौजूद है। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों के आवेदक ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक हज के लिए आवेदन करने से पहले हज कमेटी की वेबसाइट पर उपलब्ध हज गाइडलाइन को जरूर पढ़ लें। उन्होंने बताया कि फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है। आवेदन करने वाले आवेदकों के पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसंबर 2026 तक होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नही होगा। पासपोर्ट आवेदन की अंतिम तिथि तक या उससे पहले का जारी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिलों में स्थापित हज सुविधा केंद्र, साइबर कैफे, एंड्रायड व आईफोन के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया की घोषणा होने के साथ ही सरोजनीनगर हज हाउस स्थित राज्य हज कमेटी कार्यालय में ई सुविधा केंद्र शुरू कर दिया गया है। इस पर तैनात कर्मचारियों से मोबाइल नंबर- 7905953578 और 7310103534 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अखिलेश बोले, वृंदावन में कॉरिडोर के नाम पर हो रहा जमीनों का खेल



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विरासत और धरोहर को बर्बाद कर रही है। वृंदावन में कॉरिडोर के नाम पर जमीनों का खेल हो रहा है। अपने कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए भाजपा लाखों लोगों को उजाड़ रही है। वृंदावन में आस्था की गलियां हैं। उनका स्वरूप वैसा ही रहना चाहिए। अगर चौड़े स्थान से ही भीड़ संभल सकती तो कुंभ खुले मैदान में लगा था, पर वहां भगदड़ क्यों हो गई। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार को उन देशों से प्रेरणा लेना चाहिए, जिन्होंने अपनी विरासत और संस्कृति को बचाते हुए विकास किया है। वृंदावन में जो लोग आते हैं, वे कुंज गलियों को देखने आते हैं। कुंज गलियों में राधा-कृष्ण के हजारों गीत बने हैं। उनका अपना इतिहास है। जिस तरह से भाजपा ने अयोध्या में जमीनों में हेरफेर किया, वाराणसी में हजारों मंदिर तोड़े वही वृंदावन में भी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा सरकार बनने पर हर मुआवजा और घोटाले की जांच होगी। अखिलेश ने सवाल उठाया कि सीएम ने कांवड़ियों के लिए एक हजार करोड़ रुपया लगाकर कांवड़ यात्रा के लिए कारीडोर क्यों नहीं बनाया। समाजवादी सरकार बनने पर हम कांवड़ियों के लिए नया कॉरिडोर बनाएंगे। इस सरकार में धार्मिक ट्रस्टों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी, पूर्व सांसद वीरपाल यादव, पूर्व सांसद फूलन देवी की बहन रुकमणी देवी भी मौजूद रहे।

# यूपी में स्कूलों का विलय: प्रदेश के बीएसए कार्यालयों में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, फैसला निरस्त करने की मांग

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश में कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों के विलय (पेयरिंग) को लेकर शिक्षक संगठनों का विरोध जारी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर मंगलवार को प्रदेश भर में बीएसए कार्यालयों पर शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। साथ ही ज्ञापन देकर स्कूलों का विलय न करने और जिनका विलय हो चुका है उन्हें निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन भी दिया। इसके माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली, विशिष्ट बीटीसी व उर्दू बीटीसी वाले शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति करने, सामूहिक बीमा दस लाख तक करने, शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान देने, उपार्जित व अध्ययन अवकाश देने की मांग की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। उनकी मांगों पर सरकार द्वारा उपेक्षा की जा रही है। यदि हमारी मांगे नहीं मानी गई तो प्रदेश स्तर पर धरना-प्रदर्शन व रैली की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रहेगा। इसी तरह स्कूलों का विलय बच्चों के भविष्य को प्रभावित करेगा। इसके दूरगामी परिणाम होंगे, यह एक पीढ़ी को पढ़ाई से वंचित करने वाला निर्णय होगा।



### आप का स्कूल बचाओ अभियान आज से

आम आदमी पार्टी (आप) का स्कूल बचाओ अभियान नौ जुलाई को जौनपुर से शुरू हो रहा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह जौनपुर में सिकरारा के प्राथमिक विद्यालय मीरगंज के पास लोगों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूलों के विलय पर पार्टी चुप नहीं बैठेगी। प्रदेश में जहां-जहां भी स्कूल बंद होगा, पार्टी गांव से लेकर जिले तक संघर्ष करेगी। संजय सिंह ने कहा कि हम इस लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्कूलों की खराब व्यवस्था, खराब मिड डे मील की वजह से बच्चे स्कूलों से दूर हो रहे हैं।

# गोमतीनगर विस्तार के चार सेक्टर नगर निगम के हवाले पेयजल व सीवर से जुड़े कार्यों के लिए मिले 40.79 करोड़

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

एलडीए ने मंगलवार को गोमतीनगर विस्तार योजना के चार सेक्टर नगर निगम को हैंडओवर कर दिए। अब इन सेक्टरों में पेयजल व सीवर सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। यहां पर सीवर व पेयजल सुविधाओं को बेहतर करने के लिए एलडीए ने नगर निगम को 40.79 करोड़ रुपये दिए हैं। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमतीनगर विस्तार योजना के सेक्टर- 1, 4, 5 एवं 6 में पेयजल व सीवर की व्यवस्था का कार्य वर्तमान में एलडीए कर रहा था। चारों सेक्टर अब नगर निगम को सौंप दिए गए हैं। पहले दोनों विभागों की टीमों ने चारों सेक्टर का संयुक्त सर्वे किया। वहां जनसुविधाओं से जुड़ी जरूरतों की पहचान की गई। एस्टीमेट बनाया गया। आकलन के अनुसार ही एलडीए ने 40.79 करोड़ रुपये नगर निगम के जलकल विभाग को ट्रांसफर किए हैं। इसी बजट से जरूरत के काम कराए जाएंगे।




### जनसुविधाओं से जुड़े ये काम कराएगा नगर निगम

- चारों सेक्टर में नगर निगम जरूरत के अनुसार 3000 मीटर पाइप लाइन व 2500 मीटर सीवर लाइन बिछाएगा।
- पेयजल के लिए पांच जोनल पंपिंग स्टेशन बनेंगे और चार नए नलकूप लगाए जाएंगे।
- पहले से बने 26 नलकूपों की कमियां दूर करते हुए क्षमता बढ़ाई जाएगी।
- क्षतिग्रस्त हो चुकी एक पानी की टंकी (ओवरहेड टैंक) का फिर से निर्माण होगा।
- सुपर सक्शन मशीन से 12 किमी लंबी सीवर लाइन की सफाई व डिसिल्टिंग कराई जाएगी।
- लगभग 350 मैनहोल की मरम्मत कराई जाएगी।

# पुलिस, होमगार्ड और शिक्षक भर्ती में महिलाओं को मिलेगी वरीयता, पेश हुआ डब्ल्यूईई सूचकांक: योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होमगार्ड एवं शिक्षक भर्ती में पुलिस भर्ती की तर्ज पर महिलाओं को वरीयता दी जाए। राज्य सरकार का दायित्व है कि महिलाओं को न सिर्फ सम्मान मिले, बल्कि उन्हें सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन की संरचनाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्राप्त हो। प्रदेश की महिलाएं यदि योजनाओं की मूल शक्ति बनेंगी, तभी समाज और राज्य की समग्र प्रगति सुनिश्चित हो सकेगी। वह मंगलवार को महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक (डब्ल्यूईई इंडेक्स) का प्रस्तुतिकरण देखने के बाद संबोधित कर रहे थे। बता दें कि यह सूचकांक योजना विभाग द्वारा उदयती फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य है कि राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों से महिलाओं को कितना लाभ मिल रहा है, इसका सटीक मूल्यांकन किया जा सके और सुधार के लिए दिशा तय की जा सके। योगी ने इसे नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की दिशा में यूपी का एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस सूचकांक में 5 प्रमुख विषयों, उद्यमिता, रोजगार, शिक्षा और कौशल, आजीविका तथा सुरक्षा और आवागमन से जुड़ी सुविधाओं के आधार पर प्रदेश के सभी 75 जिलों का मूल्यांकन किया गया है।

### कई जिलों में विशेष प्रयास की जरूरत

इस दौरान सामने आया कि कई योजनाओं में कुछ जिलों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ जिलों में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी जैसे जिलों में योजनाओं का लाभ महिलाओं तक बेहतर ढंग से पहुंचा, जबकि श्रावस्ती, संभल, महोबा, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर आदि में विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। सीएम ने निर्देश दिए कि ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत महिलाओं को लाभांवित करने के लिए जिलों में विशेष अभियान चलाया जाए। जहां अभी तक महिलाओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है, वहां विशेष प्रयत्न किए जाएं। तकनीकी संस्थानों, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का विशेष कार्यक्रम चलाएं। प्रशिक्षण से बाहर हो चुकी महिलाओं को दोबारा जोड़ने के लिए जिलों में विशेष %पुन: नामांकन इकाई% स्थापित करें। स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र से जुड़ी शिक्षा में महिलाओं को आगे लाने हेतु पैरामेडिकल संस्थानों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। महिलाओं को ड्राइवर और कंडक्टर जैसे कार्यों में अवसर दिए जाएं। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा की कि वे इस सूचकांक को केवल रिपोर्ट मानकर न छोड़ें, बल्कि इसे कार्य का आधार बनाएं और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करें।

# रैथा रोड पर एलडीए की नाक के नीचे अवैध 'सहाय एन्क्लेव' कॉलोनी और पांच मंजिला कॉम्प्लेक्स, सेप्टिक टैंक धंसने से मजदूरों की मौत का मामला भी दबाया गया

जन एक्सप्रेस | अनिल कुमार सिंह

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के रैथा रोड पर एक बेहद चौंकाने वाला निर्माण घोटाला सामने आया है, जो न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाता है बल्कि भविष्य में एक जानलेवा त्रासदी की नींव भी बन सकता है। 'केस्टो इंफ्रास्ट्रक्र प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा बनाई जा रही 'सहाय एन्क्लेव' कॉलोनी पूरी तरह अवैध रूप से विकसित की जा रही है, और हैरान करने वाली बात ये है कि एलडीए की जानकारी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

### 150 से अधिक मकान बिना स्वीकृति के तैयार, एलडीए मूकदर्शक

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कॉलोनी एलडीए के जोन-4 में आती है, जहां निर्माण से पहले प्राधिकरण की मंजूरी लेना अनिवार्य है। लेकिन यहां न कोई मानचित्र पास हुआ, न सीवर या जल आपूर्ति की योजना, और न ही किसी प्रकार की अधिस्वीकृति ली गई। फिर भी कॉलोनी में 150 से अधिक मकानों का निर्माण कर दिया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बिना किसी विभागीय गठजोड़ के यह संभव नहीं।



### मुख्य गेट पर पांच मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेप्टिक टैंक के ऊपर बना 'मौत का बुलडोजर'

कॉलोनी के मुख्य द्वार पर एक विशाल पांच मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी खड़ा कर दिया गया है, जो सेप्टिक टैंक के ठीक ऊपर बना है। विशेषज्ञों की मानें तो ऐसा निर्माण अत्यंत खतरनाक है क्योंकि इसके नीचे की जमीन कभी भी धंस सकती है, जिससे बड़ी जनहानि की आशंका है।

### धंसी थी जमीन, मर गए थे मजदूर लेकिन दफन हो गया सच

सबसे खौफनाक पहलू यह है कि करीब डेढ़ साल पहले जब इस जगह पर सेप्टिक टैंक के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था, तब ज़मीन धंसने से 2-3 मजदूर उसमें दबकर मर गए थे। स्थानीय लोगों और मजदूरों के परिजनों द्वारा पुलिस में शिकायत भी की गई, लेकिन मामले को बिल्डर और पुलिस के बीच 'समझौते' के जरिये दबा दिया गया। न एफआईआर हुई, न जांच, और न ही किसी की जवाबदेही तय हुई। आज भी उन मजदूरों की मौत एक गुमनाम हादसा बनकर रह गई है।

### एलडीए की चुप्पी-क्या भ्रष्टाचार की बू नहीं?

प्रश्न उठना लाज़िमी है कि जब एक संपूर्ण अवैध कॉलोनी बस रही है, पांच मंजिला इमारत खड़ी हो रही है, और लोग उसमें रहना शुरू कर चुके हैं - तब एलडीए क्या कर रहा है? क्या कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह सब हो रहा है? या फिर कागजों पर खानापूरी कर ज़मीनी सच्चाई से आंखें मूंद ली गई हैं?

### भविष्य का खतरा: गैस रिसाव, धंसाव, विस्फोट की आशंका

सेप्टिक टैंक पर खड़ी इमारत को लेकर विशेषज्ञ स्पष्ट चेतावनी दे चुके हैं - ऐसे निर्माणों में कभी भी जहरीली गैस का रिसाव, जमीन का धंसाव या विस्फोट जैसी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। कॉलोनी में कोई अग्निशमन व्यवस्था, पार्किंग, जलनिकासी, बिजली आपूर्ति या सुरक्षा उपाय मौजूद नहीं हैं।

### बिल्डर का बचाव: हमें जिला पंचायत से नक्शा पास है लेकिन ये कानूनन अमान्य

जब इस घोटाले पर बिल्डर से बात की गई तो उनका कहना था कि हमें जिला पंचायत से नक्शा पास मिला है। लेकिन जानकारों के अनुसार रैथा रोड क्षेत्र पूरी तरह एलडीए के अधीन आता है, जहां पंचायत की स्वीकृति मान्य ही नहीं है। यह तर्क नियमों की जानबूझकर गलत व्याख्या कर लोगों और प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास प्रतीत होता है।

### अब सवाल जनता और शासन के सामने हैं

- क्या एलडीए इस अवैध कॉलोनी और कॉम्प्लेक्स के खिलाफ कार्रवाई करेगा या अपने अधिकारियों को बचाने में जुटा रहेगा?
- क्या मजदूरों की दबाई गई मौतों की फिर से जांच होगी?
- क्या जिला प्रशासन और नगर निगम इस ticking time bomb को रोकने की हिम्मत दिखाएंगे?
- **और सबसे बड़ा सवाल-** क्या रियल एस्टेट माफिया के आगे कानून हमेशा यूं ही झुकता रहेगा?

यह मामला लखनऊ के शहरी नियोजन पर एक गंभीर धब्बा है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो रैथा रोड की यह अवैध कॉलोनी आने वाले समय में एक भयानक हादसे का केंद्र बन सकती है। जन एक्सप्रेस की टीम इस प्रकरण की हर परत को उजागर करती रहेगी। यदि आप भी इस कॉलोनी से जुड़े हैं या आपके पास कोई जानकारी है, तो हमें जरूर संपर्क करें।
हमें ई-मेल करें: janexpress1@gmail.com

# प्राइवेट अस्पताल में सरकारी एंबुलेंस 108 से बनी यूट्यूब रील

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी




तिलोई विकासखंड क्षेत्र के सेमरौता गांव में स्थित राधा देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गया है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस प्राइवेट अस्पताल जो एक स्थानीय कांग्रेसी नेता से जुड़ा हुआ है,में सरकारी 108 एंबुलेंस का उपयोग प्रचार रील बनाने के लिए किया गया।यह रील यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रचार सामग्री के रूप में साझा की गई,जिसमें एंबुलेंस को एक आपात सेवा के बजाय एक ब्रांडिंग टूल के रूप में प्रस्तुत किया गया।इस वीडियो में सरकारी एंबुलेंस की मौजूदगी ने प्रशासनिक नियमों और सरकारी संसाधनों के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय ग्रामीणों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यही एंबुलेंस ज़रूरत के समय मरीजों को समय पर नहीं मिल पाती,जबकि निजी प्रचार के लिए आसानी से उपलब्ध हो जाती है। यह न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर अनदेखी है,बल्कि आमजन के विश्वास के साथ भी खिलवाड़ है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी से मांग की है,कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं अभी तक प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।इस घटना ने यह सवाल ज़रूर खड़ा कर दिया है,कि क्या राजनीतिक संरक्षण प्राप्त संस्थानों को सरकारी सेवाओं का इस प्रकार से खुलेआम दुरुपयोग करने की छूट मिल गई है?

## नए एआरटीओ ने अनफिट स्कूल वाहन और ओवरलोड ट्रकों समेत 15 वाहनों का काटा चालान

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली में नए एआरटीओ प्रवर्तन अंबुज ने पदभार संभालते ही सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया है। उन्होंने मुंशीगंज बरगद चौराहा और रायबरेली में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 15 वाहनों का चालान काटा गया। एआरटीओ अंबुज ने बताया कि सड़कों पर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की गाड़ियां चल रही थीं। ओवरलोड वाहनों की शिकायतें भी मिल रही थीं। इसलिए बिना फिटनेस वाले स्कूली वाहन, ओवरलोड ट्रक और डंपर के खिलाफ कार्रवाई की गई। कानपुर से स्थानांतरित होकर आए एआरटीओ अंबुज रायबरेली की सड़कों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

## बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन शातिर गिरफ्तार, 10 लाख की बैटरियां बरामद

जन एक्सप्रेस । अमेठी



स्वाट टीम व गौरीगंज पुलिस ने मंगलवार को जिले में सक्रिय बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। स्वाट टीम व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन अंतर्जनपदीय चोरों के पास से 208 चोरी की बैटरियां, महिंद्रा पिकअप व एक डीसीएम वाहन बरामद किए गए हैं।बरामद बैटरियों की अनुमानित कीमत दस लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।गिरफ्तारी गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पंडरी गांव के पास उस वक्त हुई, जब स्वाट टीम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि चोर गैंग के सदस्य बैटरियां एक वाहन से दूसरे में लोड कर रहे हैं।मौके पर पहुंची टीम ने महिंद्रा पिकअप व डीसीएम गाड़ी के साथ तीनों को रंगेहाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रतापगढ़ जनपद के उदयपुर थाना क्षेत्र निवासी सद्दाम पुत्र आलेमान खान, मकसूद उर्फ दुन्ने पुत्र आलेमान खान और दीपांशु पुत्र रामकुमार कोरी शामिल हैं।महिंद्रा पिकअप से 39 ई-रिक्शा बैटरी,डीसीएम से 64 इनवर्टर बैटरी,90 मोटरसाइकिल बैटरी और 15 चार पहिया वाहनों की बैटरियां बरामद हुईं।पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी अपने दो फरार साथियों प्रवीण सिंह और मुन्ना के साथ मिलकर बाराबंकी,अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली,प्रतापगढ़ और अमेठी में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।वे सड़क किनारे खड़े वाहनों व घरों को निशाना बनाते थे।गिरफ्तार सद्दाम के खिलाफ ग्यारह और मकसूद पर चार मुकदमे विभिन्न जनपदों में दर्ज हैं।पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।और पूरे गिरोह की कुंडली खंगाली जा रही है।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष पर जमीन कब्जाने का आरोप, करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अमेठी के जिला अध्यक्ष महेश सोनी पर जमीन कब्जाने का गंभीर आरोप लगा है।एक बुजुर्ग महिला द्वारा लगाए गए इस आरोप के बाद मामला गरमा गया है।मंगलवार को करणी सेना डब्ल्यूएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने अपने समर्थकों के साथ एसडीएम अमेठी को ज्ञापन सौंपा।और निष्पक्ष जांच की मांग की।करणी सेना अध्यक्ष प्रदीप सिंह का कहना है कि महेश सोनी पर लगे आरोप राजनीतिक साजिश के तहत लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोनी को राजनीतिक रूप से बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।वहीं सोशल मीडिया पर यह चर्चा जोरों पर है कि महेश सोनी ने एक बुजुर्ग महिला की जमीन का बिना भुगतान किए बैनामा करा लिया है।महेश सोनी ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि न तो मैंने किसी की जमीन का बैनामा कराया और न ही कब्जा किया है।अगर बुजुर्ग महिला को न्याय चाहिए,तो मैं खुद प्रशासन के साथ खड़ा हूं।करणी सेना ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच करवाई जाए।अगर महेश सोनी दोषी पाए जाएं,तो कानूनन कार्रवाई की जाए,और यदि वह निर्दोष हों,तो उन्हें बदनाम करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## रायबरेली में सड़क सुरक्षा के लिए वाहन चेकिंग

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली में नए एआरटीओ प्रवर्तन अंबुज ने पदभार संभालते ही सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया है। उन्होंने मुंशीगंज बरगद चौराहा और रायबरेली में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 15 वाहनों का चालान काटा गया। एआरटीओ अंबुज ने बताया कि सड़कों पर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की गाड़ियां चल रही थीं। ओवरलोड वाहनों की शिकायतें भी मिल रही थीं। इसलिए बिना फिटनेस वाले स्कूली वाहन, ओवरलोड ट्रक और डंपर के खिलाफ कार्रवाई की गई। कानपुर से स्थानांतरित होकर आए एआरटीओ अंबुज रायबरेली की सड़कों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से हल किया जाएगा। अनफिट और बिना परमिट की गाड़ियों पर कार्रवाई की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जीएसटी में संशोधन की मांग को लेकर व्यापारियों का प्रदेशव्यापी आंदोलन

जन एक्सप्रेस । अमेठी



उत्तर प्रदेश भर में व्यापारियों ने जीएसटी कानून में सुधार की मांग को लेकर एकजुट होकर आवाज बुलंद की।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आह्वान पर सभी जिलों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम ज्ञापन सौंपा गया।जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल जीएसटी कार्यालय पहुंचा,जहां सहायक आयुक्त संदीप श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान जिला संरक्षक राकेश लोहिया जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील जायसवाल युवा जिला महामंत्री पवन वैश्य समेत अन्य व्यापारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।महेश सोनी ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था में तमाम जटिलताएं हैं,जिनका खामियाजा छोटे व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि सचल दल द्वारा पूरा टैक्स अदा करने के बावजूद छोटी कमियों को आधार बनाकर भारी जुर्माना लगाया जाता है।चालीस लाख रुपये तक के टर्नओवर पर टैक्स छूट के प्रावधान के बावजूद कम टर्नओवर वाले व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है।और जबरन जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने का दबाव बनाया जा रहा है।व्यापारियों की प्रमुख मांगें जीएसटी नियमों को सरलीकृत किया जाए,चालान व दस्तावेजों की छोटी त्रुटियों पर कठोर दंड को रोका जाएटर्नओवर आधारित छूट को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। तथा फील्ड अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न पर लगाम लगाई जाए।

## रायबरेली शहर में हो रही अवैध वसूली को लेकर टेंपो चालकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली ! उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा अवैध वसूली पर रोक लगाए जाने के बावजूद शहर के राणा नगर पर संचालित टेंपो स्टैंड पर अवैध वसूली जोरों पर है जिसका विरोध करते हुए टेंपो चालकों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा है ड्राइवरो का साफ तौर पर कहना है कि ?30 की रसीद काटी जाती थी लेकिन पूर्व में मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अवैध वसूली पर रोक लगा दी गई थी कुछ दिन रोक लगी रही लेकिन वसूली पुनः दोबारा शुरू हो गई है और ?35 की जगह ?80 जबरन वसूले जा रहे हैं जिससे गरीब टेंपो चालकों का रोड पर चलना दुश्वार हो गया है जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए टेंपो चालकों ने अवैध वसूली पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## एम्स रायबरेली में दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चे का इलाज,10 घंटे की जटिल सर्जरी से मिली नई जिंदगी, अब स्कूल जा सकेगा बच्चा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

एम्स रायबरेली में एक 9 वर्षीय बच्चे को इन्कॉन्टिनेंट एपिस्पेडियस नामक दुर्लभ जन्मजात बीमारी से मुक्ति मिल गई है। यह बीमारी प्रति एक लाख जन्मों में केवल 2.5 बच्चों को होती है।

बीमारी के कारण बच्चे का लिंग सामान्य रूप से विकसित नहीं हुआ था। उसे मूत्र पर कोई नियंत्रण नहीं था। इस वजह से वह कभी स्कूल नहीं जा पाया और सामाजिक जीवन से दूर रहा।

पद्मश्री प्रो. शिव नारायण कुरील के मार्गदर्शन में डॉक्टरों की टीम ने 10 घंटे की जटिल सर्जरी की। टीम में डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अलीम, डॉ. दिव्या, डॉ. विनय और अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। 20 दिनों की विशेष देखभाल के बाद बच्चे को उसके 9वें जन्मदिन पर अस्पताल से छुट्टी मिली।

सर्जरी के बाद अब बच्चे का लिंग सामान्य आकार में विकसित हो गया है। वह मूत्र का संवेग महसूस कर सकता है और सामान्य रूप से जीवन जी रहा है।

एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल (डॉ.) विभा दत्ता के सहयोग से यह जटिल इलाज संभव हो पाया। यह संस्थान में इस तरह की पहली सर्जरी थी। बच्चे के माता-पिता ने डॉक्टरों और संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया है। एम्स रायबरेली में हर कार्यदिवस पर बाल शल्य चिकित्सा की ओपीडी उपलब्ध है। यहां बच्चों की दुर्लभ और जटिल बीमारियों का इलाज किया जाता है।

## प्राथमिक विद्यालयों को बचाने की लड़ाई जनता को खुद लड़नी होगी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उच्च न्यायालय के निर्णय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाकपा ( माले) राज्य स्थाई समिति के सदस्य विजय विद्रोही ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों को बचाने की लड़ाई जनता को को खुद लड़नी होगी। शैक्षिक क्षेत्र में इतनी बड़ी तबाही की सरकार ने आंकड़ेबाजी के साथ वर्षों तैयारी की है । इसका मुकाबला व्यापक जनप्रतिरोध से सरकार की साजिश का पर्दाफाश करते हुए किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के कम पंजीकरण के लिए विद्यालयों की दुर्दशा और कुप्रबंधन प्रमुख हैं। सरकार प्राथमिक विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में विफल रही है। इस शर्मनाक स्थिति के लिए सरकार जिम्मेदारी लेने के बजाय तरह तरह के तर्क गढ़ रही है।

कॉमरेड विद्रोही ने कहा कि सरकार को शायद यह याद नहीं है कि कोविड के बाद के जैसे ही विद्यालय खुले तो इन्हीं विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए जमीन कम पड़ गई थी और दूसरी ओर उच्च न्यायालय ,उच्चतम न्यायालय के बार बार निर्देश देने के बावजूद किसी भी निजी स्कूल से बंदी के समय की फीस सरकार द्वारा माफ नहीं कराई जा सकी।

उन्होंने कहा कि किसी भी लाखों रुपया वार्षिक फीस लेने वाले निजी स्कूल के मुकाबले हजार गुना योग्यतम शिक्षकों के बावजूद संख्या में गिरावट के कारणों का अध्ययन करना चाहिए था, किंतु सरकार द्वारा अपार और पेन जैसी आई डी सृजित करवाकर एक ऐसा चक्रव्यूह तैयार किया जिसमें गरीब परिवारों का गांव से रोटी रोजी के लिए होने वाले पलायन और वापसी में बच्चों का पुनर्प्रवेश रोक दिया गया साथ 6 वर्ष की बाध्यता ने भी संख्या को बुरी तरह प्रभावित किया। ड्रेस के पैसे का सीधे खाते में स्थानांतरण का निर्णय भी परिजनों को भारी पड़ा, आधार कार्ड में छोटी छोटी वर्णनात्मक त्रुटियों के कारण उनके भुगतान फंस गए, परिजन कार्यालयों के चक्कर लगाते रहते है।

प्राथमिक विद्यालय किसी भी दशा में बन्द नहीं होने दिए जायेगे। यह लड़ाई सरकार द्वारा बंदी कथित मर्जर के आदेश को वापस लेने तथा विद्यालयों के बुनियादी ढांचों को सुदृढ़ कर प्रतिस्पर्धा लायक बनाने तक जारी रहेगी। जनता की मूलभूत बुनियादी जरूरतों के खात्मे का अधिकार किसी भी सरकार और संस्था को नहीं है।

# रोपित पौधों की अपने बच्चों की तरह करें सुरक्षा: नोडल अधिकारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 शासन/नोडल अधिकारी सुभाष चन्द शर्मा की अध्यक्षता में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम-2025 को सफल बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

नोडल अधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष जायसवाल से जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा पौधों के उठान एवं अन्य तैयारियों के बारे में जानकारी ली। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद में 53 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष लगभग 56 लाख पौध तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग को लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का उठान करने के निर्देश दे दिए गए हैं। चिन्हित स्थलों पर गड्ढे खोदने का कार्य भी कर लिया गया।

नोडल अधिकारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएं की मां के साथ एक पौधा अपने गुरु के नाम का भी लगाए। उन्होंने कहा कि पेड़ स्वास्थ्य लाभ के साथ प्रसन्नता भी देते हैं। अतः खुशी के कार्य को पूरी तन्मयता से करें। उन्होंने बैठक में मियांवाकी पद्धति से पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की भी जानकारी ली। कार्यक्रम में व्यापार मंडल व स्वैच्छिक संगठनों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद सबसे बड़ी जिम्मेदारी उनकी सुरक्षा की है इसके लिए समय-समय पर पौधारोपण स्थलों का निरीक्षण किया जाए। किसानों को कम से कम 10 पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सई नदी के किनारे ऐसे गांवों और कस्बों का चिन्हांकन कर लिया जाए जहां पर अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग रहते हैं। उन्हें भी पर्यावरण के संबंध में जागरूक किया जाए और उन्हें भी पौधे उपलब्ध कराया जाए।उन्होंने गौशालाओं में बरगद व पीपल सहित छायादार पौधों को लगाने के निर्देश दिए।जिला बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि स्कूली बच्चों को ऐसे कार्यक्रम में अवश्य शामिल किया जाए। उन्हें माँ के साथ-साथ गुरु के नाम पर भी एक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। निर्देश दिया कि अटल वन, एकलव्य वन, शौर्य वन, एकता वन,आक्सी वन, गोपाल वन स्थापित कराया जाए। साथ ही अटल आवासीय विद्यालय और आश्रम पद्धति विद्यालय में भी पौधारोपण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पौधों की अपने बच्चों की तरह देखभाल करें क्योंकि आने वाले समय में यह हमारी पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन देंगे।

# विद्यालय बंद करने से होगा शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन: राजेश शुक्ला

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज विकास भवन में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में संगठन द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करके विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है,आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम से नजरंदाज कर दिया गया है। अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी एवं संरक्षक दान बहादुर सिंह ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के माण्डलिक मंत्री जगजीवन शुक्ला और महिला अध्यक्ष गीता त्रिपाठी ने कहा कि संविधान कहता है कि बच्चों को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी और जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि विभाग कैसे मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद कर सकता है। जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई व संघर्ष समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि विभाग आज मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद करने पर आमादा है। जनपदीय उपाध्यक्ष/ऊंचाहार अध्यक्ष दिनेश सिंह और जनपदीय लेखाकार गंगा चरण भारती ने कहा कि आरटीई एक्ट कहता है कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह और छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं। खीरों अध्यक्ष नीरज हंस ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है,संगठन इसकी भी लडाई लडेगा।

जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह ने कहा कि इस उत्पीडन के खिलाफ क्रमबद्ध लडाई लडनी पडेगी। जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी व अनुराग शुक्ला ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी,ग्राम प्रधान,विद्यालय प्रबंध समिति,अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा। इस अवसर पर हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी,डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह,सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी,महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी,सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय,डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा,बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ला,रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला,शिवगढ अध्यक्ष गयेन्दु सिंह,लालगंज अध्यक्ष शेषर यादव,गौरा अध्यक्ष शैलेश पाण्डेय,अमावां अध्यक्ष अशोक पाल,राही अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, जटा शंकर बाजपेई,राम जी सरोज,अजय मिश्र,ओमानंद श्रीवास्तव,मो सगीर,अरविन्द मिश्र,अखिलेश कुमार,डा बृज किशोर,श्रवण यादव,नीलेश शुक्ला, जितेन्द्र सिंह,आकाश त्रिपाठी,दिलीप गुप्ता,दर्शन लाल,मुन्ना लाल,शशांक मिश्र, आदि उपस्थित रहे।



**स्कूल विलय के विरोध में...**

जौनपुर स्कूल विलय, अधिसंख्यक प्रधानाध्यापकों, विलय स्कूल वाले रसोइयों के पदों एवं अन्य शिक्षक मांगो के समर्थन में मंगलवार को बीएसए कार्यालय परिसर... ▸ शेष पेज 10 पर...

# भक्तों ने भक्ति में सराबोर होकर मनाते नीलाद्री बीजे उत्सव

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





नीलादि बीजे की रस्म को रसगुल्ला दिवस के नाम से भी जाना जाता है। यह भगवान जगन्नाथ और उनकी पत्नी महालक्ष्मी के बीच प्यार से रुठने-मनाने रिश्ते को दर्शाती है। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ निकल जाते हैं और इस बात की जानकारी जब उनकी पत्नी महालक्ष्मी को होती है तब उनका गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ जाता है। यह गुस्सा तब भी बना रहता है जब जगन्नाथ जी दस दिन की यात्रा के बाद अपने निवास पर पहुंचते हैं। माता लक्ष्मी रुष्ट होने के कारण जय-बिजय द्वार बंद कर देती हैं। अपनी रूठी पत्नी को मनाने लिए के मनमोहने भगवान जगन्नाथ जी रसगुल्ले का सहारा लेते हैं। गुस्सा शांत करने के लिए जगन्नाथ जी उपहार स्वरूप माता लक्ष्मी को रसगुल्ले देते हैं और यह वादा करते हैं कि वो फिर ऐसी गलती नहीं दोहराएंगे। आज 08 जुलाई शाम को करीब 6 बजे श्री श्री जगन्नाथ मंदिर कल्यानपुर बिठूर रोड बैकुंठपुर में इसी रश्म को मनाते हुए प्रभु बलभद्र माला सुभद्रा तथा प्रभु श्री श्री जगन्नाथ जी को मंदिर में स्थित उनके सिंहासन में विराजित कराया गया । कई सहस्त्र भक्त प्रभु की एक छटा पाने के लिए ललायित थे। उसके पश्चात महाप्रभु की आरती राजा के रूप में इं0 श्री श्याम सुंदर दास तथा जगन्नाथ रथयात्रा कमेटी के सदस्यों ने की। मंदिर प्रांगण के भूतल में स्थित हाल में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कालपुर के पुलिस कमिश्नर श्री अखिल कुमार (ढ्व.क्क्स्) जी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और प्रभु जी की आरती की । ओडिशा से पधारी श्रीमती अनिदिता दास जी, कानपुर के निवासी श्रीमती सुनीता दास डॉ0 शिवाशीष दास, मास्टर शिवशक्ति दास, सौम्यादीप खुटिया, और आयुषी बिस्वाल द्वारा भजन प्रस्तुत किये गए जिन्होंने सभी दर्शको को भाव विभोर कर दिया। ललितकला अकादमी अनुष्ठान के बाल कलाकारो ने भक्तिमय प्रस्तुति दी जिससे दर्शको की ताली थमने का नाम नहीं ले रही थी। प्रस्तुतियों के पश्चात सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र रथ यात्रा समिति के सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। इसके बाद इं श्याम सुन्दर दास जी ने धन्यवाद संबोधन दिया 7 ये कार्यक्रम करीब रात को 9~30 बजे तक चले उसके उपरांत आये हुवे भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद लेते हुवे अपने अपने घर को प्रस्थान किया। इसी मौके पर भगवान जी का मंदिर भक्तो के दर्शन के लिए देर रात तक खुला रहा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एस0पी0 पटनायक, अनुग्रह श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार साहू, श्री अजय मिश्रा, अजय गौर, अरुण कुमार कटियार, अनिल कुमार मिश्रा, अरुण नारायण दिवेदी, अनिल कुमार बिस्ता, अनिल गुप्ता, बिजय केतन पांडा, बिंदु सागर सेनापति, भामर राउत, बीमाधर प्रधान, चन्द्र मणि नायक, डॉ0 सिद्धार्य पांडा, डॉ0 ए. के. पात्रा, डॉ0 स्वरुप मोहंती, दीपक कुमार खुटिया, दुर्गेश कुमार साहू, इं. मयंक त्रिपाठी, इं सुरेश त्रिपाठी, इं प्रतीश प्रकाश परिदा, जगदीश नारायण शुक्ला, मौजूद रहे।

## चोरों ने मंदिर में बोला धावा, दानपात्र सहित ज्वैलरी की पार




दो चोर सीसीटीवी में कैद, पुलिस जांच कर चोरों को पकड़ने का कर रही प्रयास




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रावतपुर में सोमवार आधी रात दो चोरों ने मंदिर का ताला तोड़ दो दान पात्र में रखी नकदी, ज्वैलरी पार कर दी सुबह पुजारी मंदिर पहुंचा तो जानकारी हुई। पुजारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने छानबीन की तो मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी में दो चोर कैद हुए हैं। जो मंदिर के मेन गेट का ताला तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी से पहचान कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

रावतपुर के तुलसी नगर स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में देर रात दो शातिर चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ कर दो दान पात्र, चांदी के मुकुट समेत करीब 50 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोरों ने चोरी की घटना को सोमवर रात करीब ढाई बजे अंजाम दिया।

सिगरेट का नशा करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद दो चोरों में एक शातिर चोर ने सिर पर अपनी टीशर्ट डाल रखी थी। वहीं दूसरा साथी उसे ताला तोड़ने का औजार पकड़ाते दिखाई दे रहा है। सुबह पुजारी पहुंचा तो लोगों ने ताला टूटे होने की जानकारी दी।जिसके बाद पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। मंदिर के पुजारी महेंद्र शास्त्री ने बताया कि बीती रात मंदिर का सेवादार राजा सविता ने साढ़े ग्यारह बजे मंदिर बंद किया था।सुबह देखा तो मंदिर से दोनों दान पात्र,हनुमान जी का चांदी का मुकुट, मातारानी की सोने की बेहसर, चांदी का ब्रेसलेट,7 पीतल व तांबे के लोटे, 3 पीतल की थालियां चोरी हुई है।

उन्होंने बताया कि एक माह से दान पात्र खोला नहीं गया है।

थानाप्रभारी रावतपुर केके मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

## बिल्हौर पुलिस ने मोबाइल और पर्स छीनने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

फ्लोर पुलिस द्वारा मोबाइल और पर्स जीने का मामला प्रकाश में आया था पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कार्यो की तलाश तेज कर दी गई थी जिसके चलते अभियुक्त आए दिन अपने नाते रिश्तेदारों का स्थान बदल रहे थे मोबाइल का प्रयोग न करने के कारण पुलिस को गिरफ्तारी में देर हो रही थी मुखर की सटीक सूचना पर डायनेमो अंडरपास को मोबाइल और खाली पर्स आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण करने आने के बाद में जेल भेज दिया गया है अथक प्रयासो के बाद प्रकाश में आये अभियुक्तण राजा पुत्र सोनेलाल बाल्मीकी निवासी बाल्मिकी नगर , शिवम यादव पुत्र स्व0 गुलाब सिंह निवासी वैष्णो नगर, थाना बिल्हौर कानपुर नगर को गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 कपिल कुमार,उ0नि0 सचिन सिरोही , उ0नि0 पंकज कुमार मिश्र , हे0का0 2004 दिलीप कुमार , यशपाल यादव आदि। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने गिरफ्तार करने वाली टीम की सराहना की है उन्होंने बताया कि हमारी टीम मेहनत से काम कर रही है। एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया सभी थाना क्षेत्र में टीमें मेहनत से काम कर रही हैं।

## कानपुर साइबर ठगी केस में बड़ी कामयाबी, दूसरा गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर नगर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शेयर मार्केट में फर्जी निवेश के नाम पर 1.80 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में एक और आरोपी को नागपुर, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।

वादी विनोद कुमार से की गई धोखाधड़ी के इस केस में पहले भी एक आरोपी चंद्रशेखर भुजाड़े को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसके खाते में 1.08 करोड़ रुपये जमा कराए गए थे। अब गिरोह के दूसरे सदस्य राकेश प्रसाद गुप्ता को भी 06 जुलाई 2025 को नागपुर से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर कानपुर लाया गया और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। डीसीपी क्राइम एसएम कासिम आबादी ने बताया कि आरोपी फर्जी एप ,श्रश्चश्चद्यश्च स्रद्वद्वड्ड के माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर निवेश करवाते थे।

## पति-पत्नी विवाद में पति आठ दिन पहले निकला, गांव के बाहर उसी की खेत में मिला शव





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के महिगवां गांव के एक खेत में 54 वर्षीय राजमिस्त्री सियाराम का शव मिला। वह 1 जुलाई से लापता थे। मृतक की जेब से मिले वोटर कार्ड और आधार कार्ड से उनकी पहचान हुई। सियाराम के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा राजेश खेती करता है। दूसरा बेटा गौरव कानपुर में एक कंपनी में काम करता है। में छोटा बेटा सौरभ उत्तरीपूरा कस्बे में नौकरी करता है। बेटे गौरव ने बताया कि उनके पिता शराब के आदी थे। वह अक्सर घर में विवाद करते थे। एक महीने पहले घर के जेवर चोरी कर बेच दिए थे।पैसेखत्म होने के बाद घर लौटेङ्मथे। 1 जुलाई को पत्नी से विवाद के बाद बिना बताए घर से चले गए थे। मौके से शराब की बोतल, जहरीले पदार्थ सल्फास की दो पुड़िया, पानी की बोतल और चिप्स का खाली पैकेट मिला। शव कई दिन पुराना था और जानवरों ने उसे इधर-उधर घसीटा था। गांव में कई दिनों से खेत में शव होने की चर्चा थी। सोमवार शाम को पुलिस पहुंची, लेकिन अंधेरे में कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को दोबारा जांच में शव मिला। परिजनों ने कपडों से मृतक की पहचान की।

थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया फारेंसिक टीम को बुलाया गया है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## खैरेश्वर मंदिर में डीसीपी ने की बैठक, गंगा घाट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में गंगा घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर सावन मास और कावड़ यात्रा में सुरक्षित आयोजन को लेकर डीसीपी दिनेश त्रिपाठी व एसीपी अमरनाथ यादव ने थाना शिवराजपुर क्षेत्र खैरेश्वर मंदिर में बैठक की। उन्होंने सावन कावड़ यात्रा समिति के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया और यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

डीसीपी ने कावड़ यात्रा समिति से त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन आमजन की आस्था और परंपराओं का सम्मान करेगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च दी प्राथमिकता जाएगी।

शिवराजपुर क्षेत्र के सरैया गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीसीपी ने घाट पर बैरिकेडिंग, पुलिस बल की तैनाती, बिजली की व्यवस्था और पार्किंग से जुड़े निर्देश दिए। यातायात नियंत्रण के लिए भी विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

कार्यक्रम में बिल्हौर एसडीएम संजीव दीक्षित और एसीपी अमरनाथ यादव सरजापुर थाना अध्यक्ष वरुण शर्मा भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें इससे त्योहार को सुरक्षित तरीके से संपन्न कराया जा सकेगा।

## दाखिले से पहले 7 जिलों के 11 महाविद्यालयों की मान्यता बहाल, शहीद भगत सिंह ग्रुप के महाविद्यालय भी शामिल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर। बीएड और डीएलएड कॉलेजो में दाखिले से पहले छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालय की मान्यता बहाल कर दी गई है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई की उत्तर क्षेत्रीय समिति ने यह बहाली की है। इसमें परियर सहित चार और महाविद्यालय शामिल हो गए हैं। परिषद ने हाल ही में मानक न पूरा करने वाले देश के 1000 से अधिक बीएड और डीएलएड महाविद्यालय की मान्यता रद्द कर दी थी। इस पर कई कॉलेज संचालकों ने मानक पूरे कर मान्यता बहाल कराने की अपील की थी ।उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित कॉलेज संगठन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने बताया कि प्रवेश शुरू होने से पहले 4 कॉलेज की मान्यता बहाल होने से छात्रों को लाभ मिलेगा। जिसके चलते उच्च न्यायालय ने दिल्ली की आदेश अनुसार निम्न महाविद्यालय की बी0एड0 एमएड्श एवं डी0एल0एड0(बी0टी0सी0) पाठ्यक्रमों की मान्यता बहाल एवं सत्र 2025-26 की काउंसलिंग में जोड़ने व प्रवेश लेने हेतु प्रार्थना की गई थी। जिसमें परियर स्थित लव कुश महाविद्यालय, शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज सूबेदार नगर बिठूर, लव कुश इंस्टीट्यूट फॉर हायर एजुकेशन चौबेपुर कानपुर व पंडित बाल गोविंद दीक्षित कॉलेज ऑफ एजुकेशन बिठूर की भी मान्यता बहाल कर दी गई है। यह

जानकारी शहीद भगत सिंह ग्रुप आफ एजुकेशन के डायरेक्टर विमल कुमार दीक्षित ने दी है।

## स्कूल न जाने पर पिता ने डांटा तो पांचवीं का छात्र जंगल में छिपा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिधनू थानाक्षेत्र के दलेलपुर गांव में स्कूल न जाने पर पिता ने 13 वर्षीय पांचवीं के छात्र को सोमवार रात डांट दिया। डराने के लिए वह मंगलवार सुबह नहर किनारे स्थित जंगल में जाकर छिप गया। नहर किनारे साइकिल मिलने पर डूबने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। नहर में तलाश के बाद जंगल में वह झाड़ियों में छिपा मिल गया। दलेलपुर निवासी किसान का 13 वर्षीय बेटा पांचवीं का छात्र है। पिता ने पुलिस को बताया कि स्कूल एक जुलाई को खुल गए थे, लेकिन बेटा स्कूल नहीं जा रहा था। उन्होंने सोमवार रात उसे डांटते हुए मंगलवार से स्कूल जाने को बोला था। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे बेटा साइकिल से नहर किनारे निकला था। जब काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो छोटे बेटे को उसे तलाशने भेजा। घर से चार सौ मीटर दूर नहर किनारे दलेलपुर पुल के पास उसकी साइकिल खड़ी मिली।

करीब पांच घंटे तक नहर में छह किलोमीटर तक पीएसी के जवानों संग बेटे की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच मां अचेत होकर गिर पड़ी। ग्रामीणों में लकड़बग्घा के भी उठा ले जाने की चर्चा रही। हालांकि पुलिस ने शक के आधार पर जंगल में तलाश शुरू की तो छात्र झाड़ियों में छुपा बैठा मिल गया। पूछताछ में छात्र ने बताया कि उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता।

## एक्सप्रेस खबरें...

### लोन दिलाने के नाम पर युवक से ठगी, जांच शुरू

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर निवासी सुमित कुमार से ऑनलाइन मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर 30826 रुपये की ठगी हो गई। सुमित ने थाने में दी तहरीर में बताया कि एजेंट बनकर एक व्यक्ति ने क्यू आर कोड भेजा और पहले 30,826 रुपये ले लिए फिर 4999 रुपये और मांगे। बाद में शक होने पर उन्होंने लोन रद्द कर दिया और दिए गए रूपए वापस मांगे, लेकिन आरोपी 10 दिन का समय देकर टालता रहा। अब वह फोन भी नहीं उठा रहा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### उप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ने कानपुर ग्रामीण कमेटी के सदस्यों को प्रमाण पत्र बांटे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर तहसील के कांग्रेस पदाधिकारी को उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय जी द्वारा जिला कॉंग्रेस कमेटी कानपुर नगर ग्रामीण के सम्मानित पदाधिकारी मनोनीत किए गए हैं।8 जुलाई 2025 मंगलवार को कॉंग्रेस मुख्यालय तिलक हॉल मेस्टन रोड मे आयोजित सम्मान एवं पदभार ग्रहण समारोह हुआ जिसमें बिल्हौर विधान सभा से मो.अकिल भाई,डॉ. अभिषेक कटियार (अमन) व वरुण कठेरिया, शोएब, शरीक जाफरी को कानपुर नगर ग्रामीण का जिला सचिव को पद ग्रहण कराया गया व प्रमाण पत्र और संकल्प दिलाया गया पीड़ित किसानो व मजदूर, असहाय लोगों को न्याय दिलाने का काम करूंगा, तथा कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा कांग्रेस पार्टी की बात हर घर घर तक पहुंचाने का काम करूंगा जिस की 2027 उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने। काम करूंगा, तथा इस मौके पर बड़े भाई पंडित श्रीकांत शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुशील पटेल, अजीत किशोर कटियार, रामचरण पांडे, श्रीकृष्ण कठेरिया आदि मौजूद रहे।

### एमपी क्राइम ब्रांच बताकर तीन लाख वसूलने वालों में एक दरोगा भी शामिल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। एमपी की क्राइम ब्रांच बता किराना दुकानदार को अगवाकर तीन लाख रुपये वसूलने के मामले में एक दरोगा की भूमिका संदिग्ध मिली है। सोमवार को पीड़ित ने मामले की जांच कर रहे एसीपी पनकी के सामने ही किदवईनगर थाने के एक दरोगा को पहचान लिया। कहा कि उस दिन आरोपियों के साथ वह भी शामिल था। उसे जिस कार में बैठाकर घुमाया गया, वह भी दरोगा के नाम पर ही रजिस्टर्ड है। दो जुलाई को सचेंडी के सिद्धपुर सीढ़ी निवासी किराना दुकानदार राम बहादुर को पांच लोगों ने एमपी क्राइम ब्रांच बताकर अगवा लिया। उन्हें किदवईनगर के होटल में रख कर रात भर पीटा गया। किदवईनगर की चौकी भी ले जाया गया। जहां पर रखकर धमकाया गया। छोड़ने के बदले पत्नी से पांच लाख रुपये मांगे लेकिन बाद में की मांग गई। अगले दिन सुबह किदवई नगर चौकी ले जाया गया, जहां फिर मारपीट कर पैसे देने का दबाव बनाया गया। पीड़ित की पत्नी ने जेवर बेचकर तीन लाख रुपये तक की जुगाड़ करने का भरोसा दिया। अगले दिन पत्नी,मौसा और साला रुपये लेकर साकेत नगर पहुंचे जहां आरोपी उन्हें कार में लेकर आए और तीन लाख रुपये लेने के बाद छोड़ दिया। दुकानदार ने इस मामले की शिकायत डीसीपी वेस्ट से की थी। मामले की जांच कर रहे एसीपी पनकी सोमवार को पीड़ित को लेकर किदवईनगर चौकी पहुंचे थे। पीड़ित के बताए गए रास्ते पर लगे सीसीटीवी में उसे कार से ले जाते दिखने के फुटेज पुलिस को मिले हैं।

### लाल इमली मिल के कर्मियों को इसी सप्ताह मिल सकता है बकाया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। लाल इमली मिल कर्मियों का बकाया भुगतान इसी सप्ताह हो सकता है। ऑडिट रिपोर्ट जल्द ही कपड़ा मंत्रालय को सौंपी जानी है। रिपोर्ट आने के साथ ही भुगतान शुरू कर दिया जाएगा। 16 मई को कपड़ा मंत्रालय ने 36 महीने के भुगतान के लिए 87.42 करोड़ जारी किए थे। लाल इमली में पूर्व में वेतन भुगतान में 52 लाख रुपये का घोटाला सामने आया था। इससे सबक लेते हुए भुगतान से पहले कर्मचारियों का ऑडिट कराने का निर्णय किया गया था। इसके लिए मई में सात सदस्यीय टीम शहर आई थी। ऑडिट प्रक्रिया करके 30 मई को लौट गई थी। सूत्रों ने बताया कि ऑडिट रिपोर्ट इसी सप्ताह मंत्रालय को मिलने की संभावना है। बीआईसी, लालइमली और धारीवाल मिल में अब 260 कर्मचारी ही बचे हुए हैं। डेढ़ साल पहले 102 करोड़ रुपये के बजट से 34 महीने का बकाया भुगतान किया गया था। लाल इमली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि कर्मचारियों के बकाया का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए।

## ऑयल टैंकर की टक्कर से स्कूटी चला रही युवती पचास मीटर घिसटी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



सचेंडी थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह नेशनल हाईवे पर किसाननगर के पास स्कूटी सवार मां-बेटे और बुआ को ऑयल टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटा उछलकर दूर जा गिरे। वहीं, स्कूटी चला रही बुआ टैंकर में फंसकर करीब पचास मीटर तक घिसटती चली गई। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पीटा और पुलिस को सौंप दिया।

कानपुर देहात के थाना गजनेर के रहुरा रसूलपुर गोगूमऊ निवासी रघुनाथ पाल की बेटी सोनम पाल (22) बीएड कर चुकी थी। पिता के अनुसार सुबह करीब 11 बजे सोनम तीन साल के भतीजे ऋषि को स्कूल से लेने के लिए भाभी साधना के साथ स्कूटी से किसाननगर ओवरब्रिज के पास गई थी। भतीजे को लेने के बाद वह लोग घर लौट रहे थे। अभी तीनों किसाननगर नायरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि भौंती से रनिया की तरफ जा रहे तेज रफ्तार इंडियन ऑयल के टैंकर ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मां व बेटा उछलकर बाईं तरफ गिरकर घायल हो गए। वहीं, पकड़े जाने के डर से टैंकर भगाने के चक्कर में चालक ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान स्कूटी चला रही बुआ को पचास मीटर घसीटता चला गया। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। लोगों ने चालक की पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। सचेंडी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर टैंकर को कब्जे में लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर परिजनों से तहरीर ली जा रही है।

## पर्यावरण संरक्षण अभियान माई ड्रीम कानपुर ग्रीन की जर्सी का किया अनावरण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण अभियान माई ड्रीम कानपुर ग्रीन की जर्सी का अनावरण किया। अभियान के अध्यक्ष और टिंबर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री गुरुजिंदर सिंह ने बताया कि यह अभियान 2020 से चल रहा है। अब तक 50 हजार से अधिक पौधे गमले सहित वितरित किए जा चुके हैं। बुधवार को लाजपतनगर पार्क में पौधे रोपे जाएंगे। सीएम की प्रेरणा से शहर में जल्द ग्रीन रथ बनाया जाएगा जो एक फोन पर कहीं भी पहुंचकर निशुल्क पौधे और गमले वितरित करेगा। इस पर जिलाधिकारी ने इसे डायल ए ट्री नाम दिया। इस दौरान सुखासान सेवा सोसाइटी गुरुद्वारा चौक के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सम्मानित किया। मौके पर सरबजीत सिंह, राजीव सिंह, जोगिंदर सिंह बाजवा, भूपिंदर सिंह, मनदीप सिंह, तजिंदर सिंह, कुंदन शर्मा, अतहरुद्दीन, नदीम खान ,राकेश शर्मा, मनीष वसंदानी, रमेश दूसेजा आदि मौजूद रहे।

▶ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद से मोदी ने ब्रिक्स को बनाया विकासशील देशों की आशा का मंच

**ब्रिक्स भारत को पश्चिमी दबावों से स्वतंत्र होकर अपनी विदेश नीति निर्धारित करने की स्वतंत्रता देता है। रूस और चीन जैसे पड़ोसी राष्ट्रों के साथ मंच साझा कर भारत अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करता है। इसके अलावा, भारत ब्रिक्स के माध्यम से वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करता है, जिससे उसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक और आर्थिक प्रभाव बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से भारत को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वैकल्पिक वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।**

*2025 की ब्रिक्स शिखर बैठक ने एक बार फिर यह साबित किया है कि यह समूह न केवल वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में संतुलन लाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन और भारत की नीतिगत प्राथमिकताओं ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की स्थायी भूमिका को रेखांकित किया है। इस बैठक में जहां एक ओर भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मजबूती दी, वहीं दूसरी ओर चीन, रूस और ब्राजील जैसे अहम सहयोगियों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने की पहल भी की। ब्रिक्स बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की बात करें तो आपको बता दें कि उनका आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद देखने लायक था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक में तीन स्तरों पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स को केवल एक आर्थिक मंच नहीं, बल्कि एक रणनीतिक, वैचारिक और नैतिक मंच बना दिया है जो पश्चिमी प्रभुत्व के विकल्प के रूप में उभर रहा है। यह स्पष्ट हो रहा है कि भारत अब केवल भागीदार नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और संतुलनकर्ता की भूमिका निभा रहा है- वह भी आत्मविश्वास, गरिमा और स्थिरता के साथ। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल की सराहना करते हुए ब्रिक्स देशों को इस अनुभव से सीख लेने की सलाह दी और आत्मनिर्भर भारत की नीति को वैश्विक आत्मनिर्भरता की अवधारणा से जोड़ा और कहा कि एक-दूसरे पर निर्भर होकर भी आत्मनिर्भर राष्ट्र बन सकते हैं। देखा जाये तो ब्रिक्स शिखर बैठक 2025 ने यह सिद्ध किया कि यह मंच अब केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और व्यावहारिक महत्व का बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट, दूरदर्शी और समावेशी विचारों ने भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को उजागर किया। आने वाले वर्षों में ब्रिक्स भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माता के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनता रहेगा। इसके अलावा, ब्रिक्स समूह की ओर से पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करना और आतंकवाद को ÷कतई बर्दाश्त न करने÷ का दृष्टिकोण अपनाना तथा इससे मुकाबला करने में दोहरे मापदंड त्यागने के भारत के रुख को दोहराना, भारतीय विदेश नीति की एक बड़ी जीत है। हम आपको यह भी बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका में हुई क्वॉड की बैठक में भी पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गयी थी। क्वॉड सदस्य देशों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का जबरदस्त विरोध करते हुए जो संयुक्त बयान जारी किया था उसका एक एक शब्द दर्शा रहा था कि भारत की बुलंद आवाज का विश्व भर में कितना असर हुआ है। उधर, ब्रिक्स बैठक 2025 के प्रमुख निष्कर्षों पर गौर करें तो आपको बता दें कि इस वर्ष की बैठक में जो बड़े निर्णय हुए उसके तहत सदस्यों देशों ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक करेंसी सिस्टम विकसित करने पर चर्चा की। साथ ही कई नए विकासशील देशों को ब्रिक्स के तौर पर जोड़ने की दिशा में सहमति बनी, जिससे समूह का वैश्विक प्रभाव और व्यापक होगा। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और जैसे संस्थानों में विकासशील देशों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।*

## एक्सप्रेस आलेख

**गुरु का मार्गदर्शन एकमात्र रास्ता है जो हमें इस भवसागर से निकाल सकता है। गुरु हमें यह सिखाते हैं कि सच्चा सुख आत्मिक शांति और आत्म-जागरूकता में है, न कि भौतिक सुख-सुविधाओं में। वे हमें यह समझाते हैं कि जीवन का असली उद्देश्य आत्म-विकास और समाज के कल्याण में योगदान देना है।गुरु का मार्गदर्शन हमें यह सिखाता है कि हमें अपने विचारों और कर्मों को शुद्ध रखना चाहिए। वे हमें यह समझाते हैं कि जीवन में संतुलन और संयम ही हमें सच्ची सफलता और शांति की ओर ले जा सकता है। गुरु के मार्गदर्शन में हम यह सीखते हैं कि हमें अपने अहंकार, क्रोध और लोभ को त्यागकर एक सात्विक और सार्थक जीवन जीना चाहिए।**

# सनातनी संस्कृति और परंपरा की द्योतक है गुरु पूर्णिमा



राजेन्द्र सिंह

**गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें यह याद दिलाता है कि गुरु हमारे जीवन का वह प्रकाश है जो हमें अंधेरे से निकालकर ज्ञान और सत्य की ओर ले जाता है। आज के युग में, जब समाज मानसिक प्रदूषण और भटकाव का शिकार हो रहा है, गुरु की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। गुरु का आचरण, उनके विचार और जीवन जीने की कला हमें एक सार्थक और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है।**

गुरु पूर्णिमा, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्हें प्रथम गुरु के रूप में पूजा जाता है। गुरु पूर्णिमा न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह एक ऐसा अवसर है जो हमें हमारे जीवन में गुरु की महत्ता, उनके आचरण, विचारों और जीवन जीने की कला को समझने और अपनाने के लिए प्रेरित करता है। आज के आधुनिक युग में, जब समाज में भौतिकवाद, मानसिक प्रदूषण और यूट्यूब जैसे माध्यमों से फैल रहे अधूरे या भ्रामक ज्ञान के कारण युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है, गुरु का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। गुरु वह दीपक है जो अज्ञान के अंधेरे को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। गुरु शब्द का अर्थ है- ÷गु÷ अर्थात अंधकार और ÷रु÷ अर्थात उसका नाश करने वाला। इस प्रकार, गुरु वह है जो हमें अज्ञानता, भ्रम और भटकाव से निकालकर सत्य, ज्ञान और आत्मजागरूकता की ओर ले जाता है। गुरु केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, प्रेरक और जीवन का पथ प्रदर्शक होता है। वे हमें न केवल बौद्धिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि नैतिकता, संयम, धैर्य और आत्म-अनुशासन जैसे गुणों को भी हमारे जीवन में समाहित करते हैं।ऋग्वेद में कहा गया है, आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः अर्थात् हमें सभी दिशाओं से शुभ और कल्याणकारी विचार प्राप्त हों। गुरु ही वह माध्यम है जो हमें इन शुभ विचारों तक ले जाता है। गुरु की महत्ता इस बात में निहित है कि वे हमें सही और गलत का भेद समझाते हैं, हमें जीवन के उद्देश्य को पहचानने में मदद करते हैं और हमें भवसागर से पार करने का मार्ग दिखाते हैं। गुरु का आचरण और विचार उनके शिष्यों के लिए एक आदर्श होते हैं। एक सच्चा गुरु स्वयं अपने जीवन में उन मूल्यों को जीता है, जो वह अपने शिष्यों को सिखाता है। उनका जीवन सादगी, सत्य, और संयम का प्रतीक होता है। गुरु का आचरण हमें यह सिखाता है कि जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति और नैतिकता में है।गुरु के विचार हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। वे हमें यह समझाते हैं कि जीवन में संतुलन, धैर्य और समर्पण कितने महत्वपूर्ण हैं। गुरु हमें यह सिखाते हैं कि हर परिस्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए और चुनौतियों को अवसर के रूप में देखना चाहिए। उदाहरण के लिए, भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को युद्ध के मैदान में न केवल युद्ध की कला सिखाई, बल्कि जीवन के गहन दार्शनिक सत्य भी समझाए। श्रीकृष्ण जैसे गुरु का मार्गदर्शन



**इस पर्व के माध्यम से हम न केवल अपने गुरु को सम्मान देते हैं, बल्कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञान को अपने जीवन में उतारने का संकल्प भी लेते हैं। इस प्रकार, गुरु पूर्णिमा हमें आत्म-जागरूकता, नैतिकता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।**

ही अर्जुन को भटकाव से निकालकर कर्तव्य पथ पर ले गया। गुरु हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। यह कला केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू- जैसे समय प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, नैतिक निर्णय और सामाजिक जिम्मेदारी- को शामिल करती है। गुरु हमें नियम और संयम का महत्व समझाते हैं। संयम वह आधार है जो हमें अनुशासित और केंद्रित रखता है। नियमित जीवनशैली, स्वस्थ आदतें और नैतिक मूल्य हमें मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं।गुरु हमें यह सिखाते हैं कि जीवन में सुख और दुख, सफलता और असफलता क्षणिक हैं। इनका सामना करने के लिए हमें आत्मनियंत्रण और धैर्य की आवश्यकता होती है। गुरु के मार्गदर्शन में हम यह सीखते हैं कि क्रोध, लोभ, और अहंकार जैसे नकारात्मक गुणों को नियंत्रित कर हम अपने जीवन को और अधिक सार्थक बना सकते हैं। आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है। यूट्यूब और सोशल मीडिया जैसे माध्यमों ने ज्ञान के प्रसार को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही भ्रामक और अधूरे ज्ञान का प्रसार भी बढ़ा है। आज की युवा पीढ़ी यूट्यूब पर उपलब्ध त्वरित और सतही सामग्री की ओर आकर्षित हो रही है। यह सामग्री अक्सर सनसनीखेज, भ्रामक और मूल्यहीन होती है, जो युवाओं को भटकाव, मानसिक तनाव और दिशाहीनता की ओर ले जाती है। समाज में बढ़ता भौतिकवाद, नैतिक पतन और मानसिक प्रदूषण इस बात का प्रमाण है कि हम सही मार्गदर्शन से दूर हो रहे हैं।यूट्यूब और अन्य डिजिटल माध्यमों पर उपलब्ध सामग्री में गहराई और प्रामाणिकता का अभाव होता है। यह सामग्री तात्कालिक सुख और मनोरंजन पर केंद्रित होती है, जो युवाओं को आत्म-जागरूकता और नैतिकता से दूर ले जाती है। ऐसे में गुरु की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। गुरु वह दिशा-सूचक है जो हमें सही और गलत का भेद समझाता है और हमें भवसागर से निकालकर सही मार्ग पर ले जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि गुरु के बिना जीवन की यात्रा अधूरी है। गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा अवसर है जो हमें आत्म-चिंतन और आत्म-मूल्यांकन के लिए प्रेरित करता है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम अपने गुरु के दिखाए मार्ग पर कितना चल पाए हैं और अपने जीवन को कितना सार्थक बना पाए हैं।गुरु पूर्णिमा का महत्व इस बात में भी है कि यह हमें गुरु-शिष्य परंपरा की याद दिलाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा अत्यंत प्राचीन और समृद्ध है। इस परंपरा में गुरु अपने शिष्य को केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों, संस्कारों और नैतिकता का भी पाठ पढ़ाता है। गुरु पूर्णिमा हमें यह सिखाती है कि हमें अपने गुरु के प्रति न केवल श्रद्धा रखनी चाहिए, बल्कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और मार्गदर्शन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। आज के समाज में, जहां मानसिक प्रदूषण, भौतिकवाद और भटकाव अपने चरम पर है, गुरु का मार्गदर्शन एकमात्र रास्ता है जो हमें इस भवसागर से निकाल सकता है। गुरु हमें यह सिखाते हैं कि सच्चा सुख आत्मिक शांति और आत्म-जागरूकता में है, न कि भौतिक सुख-सुविधाओं में। वे हमें यह समझाते हैं कि जीवन का असली उद्देश्य आत्म-विकास और समाज के कल्याण में योगदान देना है।गुरु का मार्गदर्शन हमें यह सिखाता है कि हमें अपने विचारों और कर्मों को शुद्ध रखना चाहिए। वे हमें यह समझाते हैं कि जीवन में संतुलन और संयम ही हमें सच्ची सफलता और शांति की ओर ले जा सकता है। गुरु के मार्गदर्शन में हम यह सीखते हैं कि हमें अपने अहंकार, क्रोध और लोभ को त्यागकर एक सात्विक और सार्थक जीवन जीना चाहिए। गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें यह याद दिलाता है कि गुरु हमारे जीवन का वह प्रकाश है जो हमें अंधेरे से निकालकर ज्ञान और सत्य की ओर ले जाता है। आज के युग में, जब समाज मानसिक प्रदूषण और भटकाव का शिकार हो रहा है, गुरु की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। गुरु का आचरण, उनके विचार और जीवन जीने की कला हमें एक सार्थक और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। गुरु पूर्णिमा हमें यह सिखाती है कि हमें अपने गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता रखनी चाहिए और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 25:34 तक |
| नक्षत्रः | मूल 28:41 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | ब्रह्मा, 21:56 |
| सूर्योदयः | 05:34 |
| सूर्यास्तः | 19:17 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 12:25-14:08 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### नहीं मानते ट्रंप !

*रह रह कर शिगूफा ।*
*नहीं मानते ट्रंप ।।*
*बोल बोल कर दुनिया में ।*
*ला रहे भूकंप ।।*
*हर पल नया तमाशा ।*
*अर्थ क्षेत्र पर मार ।।*
*इस टैरिफ ने उनके ।*
*कर दिया प्रहार ।।*
*उथल पुथल बाजार में ।*
*हाहाकार है छाया ।।*
*उनके जो प्रतिद्वंदी ।*
*कर रहे सफाया ।।*
*आगे बढ़ने की ललक ।*
*धुन है अलग सवार ।।*
*लेकिन दुनिया धीरे धीरे ।*
*बनी होशियार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ब्लड प्रेशर बढ़ने पर पीने चाहिए ये 5 ड्रिंक्स, जल्द मिलेगा आराम



**देश** में बीते कुछ वर्षों से डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के रोगियों में भारी इजाफा देखने को मिला है। दरअसल, मिलावटी खाना और सुस्त दिनचर्या के कारण लोगों को ब्लड प्रेशर से जुड़ी समस्याएं होने लगी है। इसके अलावा, स्ट्रेस और अनुवांशिक कारण भी ब्लड प्रेशर को अनियंत्रित करने की एक बड़ी वजह माने जाते हैं। फिलहाल आज के दिनो में उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर एक आम समस्या बन गई है, जो दिल, किडनी, और दिमाग जैसे महत्वपूर्ण अंगों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। हालांकि डॉक्टर्स का मानना है कि यदि व्यक्ति लाइफस्टाइल और डाइट में कई जरूरी बदलाव करें तो इस समस्या और इसके जोखिम कारकों से बचा जा सकता है।

**नारियल पानीः** नारियल पानी में पोटैशियम और मैग्नीशियम अधिक मात्रा में होती है, जो सोडियम के प्रभाव को संतुलित करती है और हाई बीपी को नियंत्रित करने में मदद करती है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीज रोज सुबह या दोपहर के समय 1 नारियल पानी पी सकते हैं। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखने के साथ-साथ दिल की धड़कन को सामान्य बनाए रखने में भी मदद करता है।

**चुकंदर का जूसः** चुकंदर हर मौसम में आसानी से मिलता है। इसमें मौजूद नाइट्रेट्स शरीर में जाकर नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल जाते हैं, जो नसों को फैलाने में मदद करते हैं। इससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। इसके लिए आप रोजाना सुबह करीब एक या दो चुंकदर का जूस पी सकते हैं। आप इसमें गाजर और आंवला मिलाकर भी पी सकते हैं। इसे पीते समय ध्यान दें कि अधिक मात्रा में पीने से ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है।

**गुड़हल की चायः** ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए आप गुड़हल की चाय पी सकते हैं। गुड़हल के फूलों में मौजूद एंथोसायनिन्स और अन्य एंटीऑक्सिडेंट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड वैसेल्स यानी नसों को रिलैक्स करने में मदद करते हैं, जिससे ब्लड प्रेशर घटता है। करीब दो कप पानी में एक से चम्मच सूखे गुड़हल के फूलों को डालकर उबाल लें। जब पानी आधा रह जाए तो इसमें शहद मिलाकर पी लें।

**तुलसी और आंवला पानीः** तुलसी में एंटीऑक्सिडेंट्स और आंवला में विटामिन सी होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखने और ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने में मदद करता है। सुबह और शाम के समय 4-5 तुलसी की पत्तियों और 2 चम्मच आंवला रस को गुनगुने पानी में मिलाकर पिएं। यह इम्युनिटी को भी मजबूत बनाता है।

**अनार का रसः** अनार में मौजूद पॉलीफेनॉल्स और एंटीऑक्सिडेंट्स नसों की सूजन को कम करके ब्लड प्रेशर को घटाने में मदद करते हैं। आप रोजाना 1 गिलास अनार का रस पिएं। सुबह खाली पेट पीना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है, लेकिन बाजार का पैकेट वाला जूस पीने से बचें। उसमें शुगर और कई प्रीजर्वेटिव्स मिलाएं जाते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# एलन मस्क बनाम ट्रंप: आदर्शों की लड़ाई या निजी युद्ध?



प्रो. आरके जैन

**मस्क का यह कदम केवल एक पार्टी का गठन नहीं है; यह एक विचार है, जो अमेरिकी जनता को यह सोचने पर मजबूर कर रहा है कि क्या वाकई उनका लोकतंत्र सच्चा है। उनकी 'अमेरिकन पार्टी' उस सपने का प्रतीक है, जिसमें सरकार जनता की सेवा करती है।**

**अगर मस्क अपनी दृष्टि को एक ठोस वैचारिक ढांचे में ढाल पाए, तो 'अमेरिकन पार्टी' अमेरिकी सियासत में तीसरे विकल्प की कमी को पूरा कर सकती है। खासकर वे युवा मतदाता, जो मौजूदा व्यवस्था से असंतुष्ट हैं, मस्क में एक नया नेतृत्व देख सकते हैं। दूसरी ओर, यह भी संभव है कि उनकी पार्टी ट्रंप के वोट बैंक को बांटकर डेमोक्रेट्स को अप्रत्यक्ष रूप से फायदा पहुंचाए।**

**अमेरिका** की राजनीति में एक नया सूरज उग रहा है, जिसकी चमक ने वाशिंगटन के गलियारों को हिलाकर रख दिया है। एलन मस्क, वह शख्स जिसने अंतरिक्ष को छुआ और धरती को इलेक्ट्रिक सपनों से सजाया, अब एक नए युद्धक्षेत्र में कदम रख चुके हैं। उनकी 'अमेरिकन पार्टी' न केवल एक राजनीतिक दल का ऐलान है, बल्कि यह एक क्रांति का शंखनाद है, जो अमेरिकी जनता की खोई हुई आजादी को वापस लाने का वादा करता है। यह वह आग है जो डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को चुनौती दे रही है, रिपब्लिकन और डेमोक्रेट के एकछत्र राज को झकझोर रही है, और अमेरिकी लोकतंत्र को एक नया रास्ता दिखाने का दम रखती है। मस्क का यह कदम न तो सनक है, न ही तमाशा–यह एक ऐसी चिंगारी है, जो अमेरिका के सियासी जंगल में आग लगा सकती है। मस्क का गुस्सा 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' से शुरू हुआ, जिसे ट्रंप ने अपनी नीतियों का ताज बताया। इस 940 पन्नों के महालेख में ट्रंप के पहले कार्यकाल की कर कटौती को स्थायी करने, सैन्य और सीमा सुरक्षा पर खर्च बढ़ाने, और सामाजिक कल्याण योजनाओं में कटौती जैसे प्रावधान हैं। ट्रंप इसे अमेरिका की महानता की वापसी कहते हैं, लेकिन मस्क इसे देश को कर्ज के गड्ढे में धकेलने वाला 'पागलपन' मानते हैं। उनका मानना है कि यह बिल न केवल सरकारी खजाने को खोखला करेगा, बल्कि नवाचार और उभरते उद्योगों–जैसे इलेक्ट्रिक वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा–को भी चोट पहुंचाएगा। मस्क की टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियां इस बिल के प्रभाव से अछूती नहीं रहेंगी, और यही वह आर्थिक और वैचारिक जंग है, जिसने मस्क को सियासत के मैदान में उतार दिया। मस्क का दावा है कि अमेरिका में सच्चा लोकतंत्र खतरे में है। डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टियों का एकछत्र राज अब एक 'पॉर्की पिग सिस्टम' बन चुका है, जहां बर्बादी, भ्रष्टाचार और अनावश्यक खर्च की नीतियां जनता की आवाज को दबा रही हैं। उनकी 'अमेरिकन पार्टी' इस बंद गली से निकलने का रास्ता है। यह पार्टी केवल चुनावी गणित का हिस्सा बनने नहीं आई, बल्कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जिम्मेदार राजकोषीय नीतियों और कम सरकारी हस्तक्षेप का झंडा बुलंद करना चाहती है। मस्क ने साफ कहा है कि वे उन नेताओं का विरोध करेंगे, जो देश को कर्ज के बोझ तले दबाने की नीतियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने प्रतिनिधि थॉमस मैसी जैसे नेताओं का समर्थन किया, जिन्होंने इस बिल का डटकर विरोध किया, और उन सांसदों को प्राइमरी चुनाव में हराने की बात कही, जिन्होंने इसे पास करवाया। मस्क और ट्रंप का रिश्ता कभी दोस्ती का प्रतीक था। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में मस्क ने ट्रंप के लिए करीब 288 मिलियन डॉलर का चंदा दिया और उन्हें 'अमेरिका का सच्चा नेता' बताया। ट्रंप ने भी मस्क को 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' का नेतृत्व सौंपकर उनका सम्मान किया। लेकिन यह बिल दोनों के बीच की खाई को चौड़ा कर गया। मस्क ने ट्रंप की नीतियों को 'देश के लिए आत्मघाती' करार दिया, जबकि ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सरकारी सब्सिडी खत्म करने और उन्हें दक्षिण अफ्रीका वापस भेजने की धमकी दी। यह तनातनी अब वैचारिक मतभेदों से आगे बढ़कर निजी हमलों तक पहुंच चुकी है, जिसमें मस्क ने ट्रंप पर एपस्टीन फाइल्स जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठाकर पलटवार किया है। 'अमेरिकन पार्टी' का ऐलान भले ही जोश और जुनून से भरा हो, लेकिन इसका रास्ता कांटों से भरा है। अमेरिकी इतिहास में तीसरी पार्टी कभी सत्ता के शिखर तक नहीं पहुंची। रॉस पेरोट ने 1992 में 19ब वोट हासिल किए, लेकिन इलेक्टोरल कॉलेज में उनकी पार्टी को एक भी वोट नहीं मिला। मस्क का दक्षिण अफ्रीकी मूल उन्हें राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य बनाता है, और उनकी पार्टी की नीतियां, संगठन और नेतृत्व अभी तक धुंध में हैं। विदेश नीति, सामाजिक न्याय और स्वास्थ्य जैसे जटिल मुद्दों पर मस्क की स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिर भी, उनकी आर्थिक ताकत, तकनीकी नवाचार और युवाओं के बीच लोकप्रियता उन्हें एक अनोखा खिलाड़ी बनाती है। उनके मंच एक्स पर लाखों समर्थक उनकी हर बात को गंभीरता से लेते हैं, और उनकी वित्तीय शक्ति 2026 के मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। मस्क की पार्टी का प्रभाव कितना गहरा होगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे कितनी जल्दी एक स्पष्ट रणनीति और संगठन तैयार कर पाते हैं। अगर यह केवल ट्रंप के खिलाफ उनकी नाराजगी का परिणाम साबित हुई, तो यह एक अल्पकालिक हलचल बनकर रह सकती है।

# निजी अस्पताल की लापरवाही से भड़का जनाक्रोश

## मृत युवक के इलाज के नाम पर वसूले गए तीन लाख रूपये

■ परिजनों ने डॉक्टरों पर ठगी और झूठे इलाज का आरोप लगाया, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद के एक निजी अस्पताल की कथित लापरवाही और ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने न केवल चिकित्सा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है, बल्कि आमजन में भी रोष की लहर फैला दी है। परिजनों का आरोप है कि एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, लेकिन निजी अस्पताल प्रशासन ने युवक को जीवित बताकर तीन दिनों तक इलाज का नाटक किया और इस दौरान परिजनों से करीब तीन लाख रुपये वसूल लिए। घटना सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के गोहनिया रेलवे क्रासिंग के पास स्थित एक निजी न्यूरोसर्जरी अस्पताल की बताई जा रही है। चाट फीरोजपुर निवासी विष्णु (20) अपनी पत्नी नीलम व एक अन्य व्यक्ति के साथ शनिवार को बाइक से ससुराल जा रहा था। इसी दौरान बाइक की टक्कर एक गोवंश से हो गई, जिससे विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पहले ही हो चुकी थी मौत, फिर भी इलाज का दिखावा

विष्णु के भाई राजेंद्र ने बताया कि जब वे अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने सबसे पहले 50 हजार रुपये जमा कराए, इसके बाद ऑपरेशन के नाम पर एक लाख रुपये और लिए गए। लगातार खर्च बढ़ते जाने के बावजूद मरीज को देखने नहीं दिया जा रहा था। सिर्फ दवाइयां ऑपरेशन थिएटर में भेजी जाती रहीं। तीन दिन तक यही स्थिति बनी रही। मंगलवार को जब परिजनों ने जबरदस्ती भीतर जाकर देखने की कोशिश की, तब चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई–विष्णु की मौत पहले ही दिन हो चुकी थी।

### रेफर के बहाने दबाने की कोशिश, डॉक्टर और स्टाफ मौके से भागे

मामले में परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने विरोध जताया तो अस्पताल प्रबंधन ने युवक को बरेली रेफर करने की तैयारी कर दी। एंबुलेंस तक बुला ली गई थी। लेकिन परिजनों ने कड़ा विरोध किया तो डॉक्टर और अस्पताल कर्मी मौके से भाग खड़े हुए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

### सीएमओ ने कार्रवाई से पहले शिकायत जरूरी बताई

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक इस प्रकरण की कोई लिखित शिकायत उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जनता में आक्रोश, अस्पताल की साख पर सवाल

इस गंभीर लापरवाही और कथित ठगी की घटना ने पूरे जनपद में सनसनी फैला दी है। यह मामला दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। मंगलवार देर रात तक कई थानों की पुलिस फोर्स अस्पताल में तैनात रही। परिजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह की पीड़ा न झेलनी पड़े।

## 40 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी

भीरा पुलिस द्वारा गौवध की घटना में शामिल एक आरोपी कमर जहां पत्नी अजीजुल को चालिस किलो प्रतिबंधित मांस व अदद तराजू मय बाट के साथ गिरफ्तार कर लिया।एसपी खीरी द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना भीरा के नेतृत्व में मंगलवार को थाना भीरा पुलिस द्वारा गौवध की घटना में संलिप्त आरोपी कमर जहां पत्नी अजीजुल खान निवासी मोहल्ला मनिहारन कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी को एक अदद तराजू मय बाट तथा चालिस किलो प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सचिन कुमार, हेड कांस्टेबल राम अचल, सत्यम शर्मा,महिला सिपाही चंचल शर्मा रहें।

# मीना बाजार की ज़मीन पर कब्ज़े का मामला न्याय की दरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी




**हमारी मांग है कि**

- 1. रेड क्रॉस सोसाइटी को उसका वैध कब्जा शीघ्र दिलाया जाए।
- 2. नगर पालिका द्वारा अब तक वसूला गया किराया सोसाइटी के खाते में जमा कराया जाए।
- 3. इस भूमि पर हुए सभी निर्माणों की कानूनी जांच कर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए।
- 4. पूर्व नगर पालिका अध्यक्षों और संबंधित अधिकारियों पर भी विधिक कार्यवाही की जाए।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर के हृदयस्थल पर स्थित मीना बाजार आज एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और स्वार्थी राजनैतिक चालों की पोल खोल रहा है। जिस ज़मीन को कभी बच्चों और महिलाओं के कल्याण के उद्देश्य से रेड क्रॉस सोसाइटी को दान किया गया था, वह अब न केवल अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है, बल्कि उसकी आय पर भी नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध रूप से कब्जा जमाया गया है। यह न केवल एक सार्वजनिक संपत्ति पर धोखाधड़ी है, बल्कि जनसेवा की भावना को भी ठेस पहुंचाने वाला मामला है। साहित्यिक संस्था शब्दांकुर के अध्यक्ष अरुण भारद्वाज एडवोकेट द्वारा की गई यह शिकायत एक ऐसे गम्भीर विषय को उजागर करती है, जो वर्षों से प्रशासनिक और राजनैतिक मिलीभगत के कारण दबा रह गया। शिकायत में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद ने रेड क्रॉस की संपत्ति पर अवैध निर्माण करवा कर उसे स्थानीय माफिया और व्यापारियों को किराए पर दे दिया और वर्षों से उसका किराया हड़प रही है। ज़ाहिर है कि अगर यह आरोप सत्य सिद्ध होते हैं तो यह करोड़ों रुपए के घोटाले और सरकारी संपत्ति की लूट का मामला बनता है।इस मामले में खास चिंता का विषय यह भी है कि यह सब उस संस्था की ज़मीन पर हो रहा है, जिसका उद्देश्य सेवा, स्वास्थ्य और आपदा राहत कार्यों में अग्रणी रहना है। जिस भूमि पर नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र चलता था, उसे गिराकर उस पर दुकानें बनाना और उनका व्यावसायिक लाभ लेना एक नीतिगत अपराध है। इस तरह की कार्यवाही न केवल नैतिक पतन को दर्शाती है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि कैसे कुछ जनप्रतिनिधि और अधिकारी जनहित के बजाय निजी लाभ को प्राथमिकता देते हैं। चिंताजनक पहलू यह है कि इस भूमि से संबंधित सारे राजस्व अभिलेखों में आज भी रेड क्रॉस सोसाइटी का नाम दर्ज है, फिर भी नगर पालिका किस आधार पर किराया वसूल रही है? यह न केवल कानूनी उल्लंघन है, बल्कि समाज की सामूहिक असफलता का प्रतीक भी है, जहां ज़रूरतमंदों की सेवा हेतु दी गई भूमि का उपयोग केवल मुनाफाखोरी के लिए किया जा रहा है। इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई समय की मांग है। एसडीएम सदर को इसकी जांच सौंपी गई है, परंतु यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि यह जांच भी औपचारिकता बनकर न रह जाए, जैसा कि आमतौर पर इस तरह के मामलों में होता है। राष्ट्रपति, राज्यपाल और सीएम को भेजी गई शिकायत इस मामले की गंभीरता को रेखांकित करती है और अब यह केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व का विषय बन चुका है। यह मामला हमें यह सिखाता है कि जनहित की संपत्तियों की रक्षा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि समाज के हर सजग नागरिक का कर्तव्य है। अरुण भारद्वाज जैसे लोगों की सजगता ही ऐसे मामलों को प्रकाश में लाती है। अब आवश्यकता है कि शासन और प्रशासन सजगता से कार्य करे और यह सुनिश्चित करे कि सेवा भाव के लिए दी गई जमीन का उपयोग केवल सेवा कार्यों के लिए ही हो, न कि स्वार्थ सिद्धि के लिए।

# श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट पुलिस लाइन में तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

■ कांवड़ यात्रा-2025 के मद्देनज़र पीलीभीत को चार जोन, 16 सेक्टर और 57 सब सेक्टर में बांटा गया, सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




**जनपद को चार जोन, 16 सेक्टर और 57 सब सेक्टर में विभाजित**

कांवड़ यात्रा के सुचारू संचालन हेतु जनपद को चार जोन, 16 सेक्टर और 57 सब सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक जोन का प्रभारी सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, सेक्टर का प्रभारी सम्बन्धित थाना प्रभारी और सब सेक्टर का प्रभारी उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी होंगे। सभी को अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन ने जनसामान्य से अपील की है कि वे श्रावण मास और कांवड़ यात्रा में शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ भाग लें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल 112 डायल कर सहायता प्राप्त करें।

आगामी श्रावण मास और कांवड़ यात्रा-2025 को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आ रहा है। सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में बरेली परिक्षेत्र के डीआईजी अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव व अपर पुलिस अधीक्षक ने जनपदभर के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छता, रोशनी, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और सोशल मीडिया पर भी सतत मॉनिटरिंग हो। आपसी सौहार्द बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को धर्मगुरुओं और समाज के सम्मानित लोगों से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए।कांवड़ियों के आवागमन के लिए सुरक्षित मार्ग तय कर ट्रैफिक डायवर्जन की ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए गए। भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण, वैकल्पिक मार्गों का चिन्हांकन, पुलिसकर्मियों की तैनाती और यातायात संकेतों की स्थापना के लिए निर्देशित किया गया। प्रमुख चौराहों, हाइवे और धार्मिक स्थलों के पास पुलिस पिकेट स्थापित की जाएंगी।प्रमुख शिवालयों, जल स्त्रोतों, विश्राम स्थलों पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और लाउडस्पीकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही, ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से यात्रा मार्गों की निगरानी की जाएगी।स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि जिला अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी में 24 घंटे चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। यात्रा मार्गों और शिविर स्थलों पर एंबुलेंस व मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाए। नगर निकायों और पंचायतों को मार्गों की सफाई, पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को शांति समिति की बैठकें आयोजित कर आमजन, समाजसेवियों और धर्मगुरुओं से सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए। प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में रूट मैप, विश्राम स्थल, जल वितरण बिंदुओं और बैरिकेडिंग प्वाइंट्स का भौतिक सत्यापन करने को कहा गया है। सभी थाना प्रभारियों और क्षेत्राधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पति बीमार, देवर कर रहा जबरन संबंध बनाने की कोशिश

## लगातार शिकायतों के बाद भी पुलिस मौन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने अपने देवर पर शारीरिक उत्पीड़न और अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि उसका पति बीमार है।इसी का फायदा उठाकर देवर राम लखन कई बार उसके साथ जबरदस्ती की कोशिश कर चुका है। विरोध करने पर वह लाठी-डंडे से पिटाई करता है। पीड़िता ने पढ़ुआ थाने में अब तक 9 बार शिकायत की है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।पीड़िता सोमवार को निघासन सीएचसी दवा लेने पहुंची थी, जहां उसने अपनी आपबीती सुनाई। महिला का आरोप है कि उसका देवर अवैध हथियार लेकर रात में घर के आसपास मंडराता है। कई बार हाथ पकड़कर खींचने की कोशिश कर चुका है।उसने बताया कि जब वह विरोध करती है तो देवर बुरी तरह पीटता है। पीड़िता के मुताबिक, उसकी शादी 15 साल पहले हुई थी और उसके चार बच्चे हैं। पति पांच भाइयों में से एक हैं, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है। पति की तबीयत खराब होने के कारण वह अक्सर घर पर नहीं रहते, इस कारण देवर राम लखन उस पर गलत नीयत रखने लगा।पीड़िता के पति ने भी पुलिस से 9 बार शिकायत करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि देवर की हरकतों से उनकी पत्नी परेशान है और वह खुद भी मानसिक रूप से टूट चुके हैं। उन्होंने थाने के अलावा गांव के प्रधान से भी मदद मांगी थी,

लेकिन कोई राहत नहीं मिली।वहीं, पीड़िता के भाई ने भी 6 जुलाई को थाने में तहरीर दी थी। उनका आरोप है कि पुलिस मामले में कोई कदम नहीं उठा रही। पीड़िता की हालत बिगड़ने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे थे।थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। हालांकि उन्होंने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## शिव कॉरीडोर के कच्छप गति से चल रहे कार्य को देख कर नाराज हुये विधायक

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



गोला में सावन माह की तैयारियों को लेकर शिव मन्दिर कॉरिडोर में दो महीनों से चल रहे कार्य की धीमी गति को देखकर नाराज हुए विधायक अमन अरविंद गिरी ने एडीएम व सीओ गोला व तहसील प्रशासन समीक्षा अधिकारियों को बुलाकर ठेकेदारों व अन्य अधिकारियों की शिकायत प्रदेश स्तर पर की। जिससे आए हुए श्रद्धालुओं व कावरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों और जल्द ही सावन माह के मेले को सही कराने का आदेश दिया इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा जी केके शुक्ला गुरु रामगुलाम पांडे डॉ, बच्चू सिंह सुधीश बाजपेई दिलीप यादव अन्य लोग मौजूद रहे।

## कस्बा खीरी में स्थित शिया वक्फ इमामबाड़े में 12 दिवसीय मजलिस का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



कस्बा खीरी में स्थित शिया वक्फ इमामबाड़े में 12 दिवसीय मजलिस का हुआ समापन समापन के बाद बारगाहे इलाही में मुल्क में शांति अमन के लिए दुआ की गई ।बता दें मोहर्रम के चलते पहली मोहर्रम से 12 मुहर्रम तक मजलिसों का सिलसिला शिया वक्फ इमामबाड़े में चला रहा था जिसकी अंतिम मजलिस मंगलवार को दुआओं के साथ संपन्न हुई। अंजुमन गुलमाने हुसैन और अंजुमन हुसैनिया द्वारा 12 दिवसीय मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें मौलाना जीशान हैदर साहब सिमरापुरी और लखनऊ से आए मौलाना सैय्यद नज़र अब्बास जैदी साहब ने मजलिसों को खीताब किया मंगलवार को सुबह मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत के दूसरे दिन तीजा की मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें मौलाना ने इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनके घर वालों पर जो कर्बला से दमिश्क तक और कुफे में जो जुल्म हुए उनकी दर्दनाक दास्तां सुनाया इमाम हुसैन के घर वालों पर हुए जुल्म की दास्तां सुनकर मजलिस में बैठे हुए लोगों ने आंसुओं से खिराजे अकीदत पेश किया इस मौके पर बाबर मिर्जा, राशिद हुसैन अर्शी, हामिद हुसैन ,गुड्डू भाई, इमरान अब्बास, मन्नू, आज़मी हुसैन, आसिफ, शकील मियां अब्बान जैदी, तफसीर हुसैन, दानिश पप्पू आदि लोगों ने मजलिस में हिस्सा लिया मजलिस के बाद लोगों ने सीने पर मातम करके हजरत इमाम हुसैन को पुरसा दिया।

# निष्काम कर्म : मोक्ष का मार्ग और आत्मा की शुद्धि का यथार्थ

■ जो प्राणी दूसरों के लिए अच्छे या बुरे कर्म करता है, उसका कर्म सकाम होता है- महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत






जब संसार की आपाधापी में मानव अपने अस्तित्व को भूल बैठता है, तब किसी सत्संग या आध्यात्मिक संवाद में सुना गया एक गूढ़ विचार उसे भीतर तक झकझोर देता है। बीते मंगलवार को पीलीभीत के खमरिया पुल स्थित श्री परम अक्रियधाम आश्रम में आयोजित पंचदिवसीय सत्य परमात्मा बोध शिविर के चौथे दिन महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने जो विचार प्रस्तुत किए, वह न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### निष्काम कर्म- कर्म में परमात्मा की अनुभूति

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने अपने प्रवचन में निष्काम कर्म योग के गूढ़ अर्थ को सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि जो प्राणी दूसरों के लिए अच्छे या बुरे कर्म करता है, उसका कर्म सकाम होता है, क्योंकि उसमें फल की इच्छा जुड़ी रहती है। लेकिन जो सभी कर्मों को केवल आत्मा की आत्मा के लिए करता है, वही निष्काम कर्म है।÷ इस व्याख्या के केंद्र में कर्म की पवित्रता और निस्वार्थता निहित है। स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि आत्मा की शुद्धि और मोक्ष की ओर अग्रसर होने का मार्ग केवल निष्काम कर्म हैं। ऐसा कर्म जिसमें न तो स्वार्थ हो, न ही फल की आकांक्षा। यह विचार गीता के कर्मण्येवाधिकारस्ते सूत्र को जीवंत करता है। वर्तमान समय में जब धर्म अक्सर दिखावे और बाह्याचार तक सीमित हो गया है, स्वामी जी का यह संदेश कि ÷हर कार्य सेवा और समर्पण की भावना से होना चाहिए, अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति वही है जिसमें भक्त परमात्मा से एकाकार होने की भावना से प्रेरित होकर कर्म करे। इस विचार से स्पष्ट होता है कि आध्यात्मिकता केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन में अपनाए गए मूल्यों का नाम है। शिविर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सत्संग में गूंजते भजन, ध्यान एवं आत्मचिंतन की अनुभूतियाँ इस बात की पुष्टि करती हैं कि समाज अब भी आत्मिक उन्नयन की ओर जागरूक हो रहा है। यह किसी एक आश्रम या आयोजन की उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सामूहिक चेतना का संकेत है। आयोजकों द्वारा अगले दिन भंडारे और आत्मा-बोध सत्र के साथ शिविर समापन की योजना दर्शाती है कि यह आयोजन केवल प्रवचन तक सीमित नहीं, बल्कि एक जीवंत आध्यात्मिक यात्रा का अंग है।

### राजनीतिक नेतृत्व में आध्यात्मिक दृष्टिकोण

स्वामी प्रवक्तानंद न केवल एक संत हैं, बल्कि एक जनप्रतिनिधि भी हैं। ऐसे समय में जब राजनीति अक्सर स्वार्थ और सत्ता की जोड़तोड़ से परिभाषित होती है, तब किसी विधायक द्वारा निष्काम कर्म योग जैसे विषयों पर व्यापक जनसमूह को संबोधित करना एक दुर्लभ उदाहरण है। यह दर्शाता है कि जनप्रतिनिधित्व और आध्यात्मिक नेतृत्व यदि एक साथ चलें, तो समाज में न केवल व्यवस्था सुधरती है, बल्कि मानसिक और आत्मिक विकास भी संभव होता है। निष्काम कर्म केवल एक धार्मिक अवधारणा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हैं।

जो हमें परिणामों की चिंता किए बिना अपने दायित्व निभाने की प्रेरणा देती है। यही वह विचार है जो वर्तमान समाज को संतुलन, शांति और आत्मिक उन्नति की दिशा में ले जा सकता है। ऐसे आयोजनों की आवश्यकता इसलिए भी है कि समाज को आत्मबोध का दर्पण दिखाया जा सके, ताकि व्यक्ति अपने भीतर झांककर अपने अस्तित्व का पुनः मूल्यांकन कर सके। श्री परम अक्रियधाम आश्रम का यह शिविर निश्चय ही श्रद्धालुओं के लिए एक नई दिशा का संकेतक सिद्ध हुआ है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दो बाइक की टक्कर-चार लोग गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बेलरायां स्टेट हाईवे पर मंगलवार को बांग्लहा ताकिया मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राजीव निगम ने तत्काल घायलों को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां सभी का उपचार जारी है।घायलों की पहचान बथुआ टांडा निवासी बबलू और रिजवान तथा सुरजीपुरवा निवासी रमेश पुत्र रामचंद्र और गौतम पुत्र नन्नू के रूप में हुई है। बताया गया कि एक बाइक सवार निघासन की ओर आ रहा था, जबकि दूसरी ताकियापुरवा की ओर जा रही थी। उसी दौरान मोड़ पर आमने-सामने टक्कर हो गई। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि घायलों को हर संभव चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है और हादसे की जानकारी संबंधित विभागों को दे दी गई है।

### पकरिया गांव मे नाली की सफाई न होने से गांव मे भर रहा बरसात का पानी

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत विलहरी के गांव पकरिया मे लगभग ऐक वर्ष से पूर्व जिला पंचायत की ओर से बनबाये गया नाले देखरेख के आभाव मे छतिग्रस्त हो गया है। और उस पर बडी बडी झाडियां उग आई है। ग्रामीण असलम, ऐहसान; मुन्ना, कल्लू,सरताज, रवि उल्ला, पप्पू, जमशीद, जमाल आदि ने बताया कि गांव मे जरा सी बारिस होने पर पानी नाले मे नही निकल पाता है जिससे बरसात व नाली का पानी घरो मे भर्ती है। जिससे वीरानियों का खतरा बना रहता है। गामीणो ने इसकी सिकायत जब ग्राम प्रधान अजमुद्दीन से की तो उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र ही सफाई कर्मचारियो को वुलाकर नाले की सफाई कराई जायेगी। वही ग्रामीणो नै बताया कि कोई सफाई कर्मी लगभग ऐक महीने से ज्यादा का समय हो गया है गांव मे झांकने तक नही आया है।

### शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए रवाना

जन एक्सप्रेस। भीरा खीरी। भीरा से शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ बाबा बर्फानी के दर्शनों हेतु रवाना हुआ। मंगलवार की सुबह कस्बे के सात सदस्यों में किशन अग्रवाल, रामनरेश शर्मा, आशा शर्मा, कमल गोयल, अतुल चौधरी, रोहित गोयल, अरविन्द सिंह अमरनाथ बाबा बर्फानी के दर्शनों हेतु रवाना हुए सभी भक्त जत्थे के सदस्य रामनरेश शर्मा के घर पर एकत्रित हुए वहां से सभी को जलपान कराने के बाद चंदन वंदन कर माला व अंगवस्त्र पहनाकर रवाना किया। शिव भक्तों का जत्था ढोल बाजे के साथ बाजार से निकला तो जगह-जगह लोगों ने जत्थे का स्वागत किया।

## बिजली समस्याओं से परेशान किसानों ने देवगवां उपकेंद्र पर शुरू किया बेमियादी धरना

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

**कुतुबनगर।** भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्र शक्ति) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को देवगवां बिजली उपकेंद्र पर अनिश्चित कालीन प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसान बिजली संबंधित समस्याओं और विभागीय कर्मचारियों की मनमानी से परेशान हैं। उन्होंने समस्याओं का समाधान होने तक प्रदर्शन जारी रखने की बात कही है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह यादव ने बताया कि गड़ासा गांव में तीन महीने से बिजली नहीं पहुंची है, जबकि बिल बराबर भेजे जा रहे हैं।

फेक मीटर लगे होने से दो सौ से तीन सौ रुपये का आने वाला बिल 1600 से 1800 रुपये का आ रहा है। इसके अलावा टेनी निवासी ईश्वरदीन के निजी नलकूप की लाइन को दबंगों ने क्षतिग्रस्त कर लाइन को गायब कर दिया। इससे नलकूप ठप है। उन्होंने बताया कि किसान एक माह से पुलिस चौकी व बिजली विभाग के चक्कर काट रहा है,

लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इसके अलावा पांच से आठ घंटे की कटौती की जा रही है। फॉल्ट होने पर तत्काल समस्या का समाधान नहीं किया जाता है।

## भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन व वृहद वृक्षारोपण को लेकर आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने की दो महत्वपूर्ण बैठकें

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। बरेली मण्डल की आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने मंगलवार को जनपद पीलीभीत में प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा के अंतर्गत दो अहम बैठकें गांधी सभागार में सम्पन्न कराई। पहली बैठक भारत-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबंधन और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु आयोजित टास्क फोर्स बैठक रही, जबकि दूसरी बैठक वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों को लेकर हुई। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय सैनी की अध्यक्षता में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में सीमा क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में बार्डर पिलर्स की क्षति, जाली मुद्रा, मानव तस्करी, खाद्यान्न व खाद की तस्करी, वनों की अवैध कटान, पर्यावरणीय अपराध, वाहन चोरी, और धार्मिक कट्टरवाद जैसी गतिविधियों पर चिंता जताई गई।आयुक्त ने मादक पदार्थों और खाद्यान्न की तस्करी पर रोक के लिए संयुक्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में धार्मिक गतिविधियों के बहाने कट्टरवाद पनपता हो, तो तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए और उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए। उन्हें जाली मुद्रा के संबंध में कोई मामला सामने न आने की जानकारी दी गई। साथ ही पेट्रोल तस्करी रोकने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया। सीमावर्ती ग्रामों में दूरसंचार सेवा, शैडो एरिया की पहचान, और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बार्डर पर आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने और वनों में अवैध गतिविधियों की सतत निगरानी पर बल दिया। एसएसबी कमांडेंट को बार्डर पिलर्स की नियमित निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), एसएसबी कमांडेंट, आबकारी अधिकारी, औषधि निरीक्षक, आईबी अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ज्वेलरी शॉप में चोरी, पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआईआर

## पुलिस की निष्क्रियता पर व्यापारियों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज



कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खनुआ बाजार में बीती रात चोरों ने एक स्वर्ण आभूषण की दुकान को निशाना बनाते हुए शटर तोड़कर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात चुरा लिए। इस घटना से पूरे क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि घटना के 30 घंटे बीत जाने के बावजूद सोनौली पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है, जिससे व्यापारियों में गहरा रोष है।

मिली जानकारी के अनुसार, नौतनवा बाजार निवासी स्वर्ण व्यवसायी निखिल कुमार वर्मा (पुत्र प्रभुनाथ वर्मा) शनिवार की शाम दुकान बंद कर घर लौटे थे। रविवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि दुकान का शटर टेढ़ा नजर आ रहा है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि शटर तोड़ा गया था और दुकान की अलमारी क्षतिग्रस्त थी। उसमें रखा करीब ?1.5 लाख मूल्य का सोने का आभूषण चोरी हो चुका था।

व्यवसायी ने तत्काल सोनौली पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) नौतनवा जयप्रकाश त्रिपाठी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रारंभिक जांच की। हालांकि, लिखित शिकायत देने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस पुलिसिया निष्क्रियता से नाराज व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष सुधांशु वर्मा के नेतृत्व में हरदी डाली बाजार में आपात बैठक कर विरोध जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मुकदमा दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो व्यापारी सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे।

व्यापारियों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं, जिससे उनकी सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इस बाबत सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा घटना की जांच की जा रही है। जैसे ही जांच पूरी होगी मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। हालांकि व्यापारियों का तर्क है कि मामला स्पष्ट चोरी का है, फिर भी प्राथमिकी दर्ज न किया जाना प्रशासन की निष्क्रियता का प्रमाण है।

बैठक में शत्रुघ्न वर्मा, राजेश वर्मा,मनीष वर्मा, जुगल किशोर वर्मा, लालू मद्धेशिया, लाल बहादुर यादव, निर्भय वर्मा, संजय शर्मा,चिनक जायसवाल, परशुराम जायसवाल, विजय, सईद अहमद सहित तमाम व्यापारीगण मौजूद रहे।

## डीएम और एसपी ने दुग्धेश्वरनाथ मंदिर पर लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । देवरिया

पौराणिक महत्व के दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर श्रवण मेल को लेकर तैयारी तेज हो गई है। सोमवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और एसपी विक्रांत वीर ने मंदिर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिए। उन्होंने पथ प्रकाश, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि एक माह के श्रावण मास में पुराने पारंपरिक तरीके से दर्शन और पूजन का कार्यक्रम चलेगा। पौराणिक महत्व के मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को सुरक्षा देने के लिए व्यापक पुलिस बल तैनात रहेगा। जलाभिषेक करने के लिए पश्चिमी दरवाजे से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिलाया जाएगा। श्रद्धालु गर्भ गृह में जलाभिषेक कर पूर्वी दरवाजे से निकल जाएंगे। मंदिर में प्रवेश के लिए दक्षिणी दरवाजे पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव को बैरिकेडिंग एवं पथ प्रकाश की व्यवस्था के अलावा श्रावण मास में मंदिर परिसर की सफाई में विशेष सफाई कर्मियों की टीम लगाने का निर्देश दी।

# 11 जुलाई से नवनिर्मित हॉट बाजार में लगेगी दुकान, तैयारियां पूरी



जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज

भारत-नेपाल सीमा से सटे ग्रामसभा ठूठीबारी में लाखों की लागत से बने नवनिर्मित मैत्री हॉट बाजार का संचालन 11 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाजार की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद से संचालन की कवायद तेज हो गई थी, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी के चलते इसे प्रारंभ नहीं किया जा सका था।

इसी क्रम में सोमवार को खंड विकास अधिकारी शमा सिंह ने एक आवश्यक बैठक कर आवंटित दुकानदारों से आवश्यक सुझाव लिए। बैठक में बाजार को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें व्यापक प्रचार-प्रसार, बाजार परिसर में निःशुल्क सब्जी मंडी की स्थापना, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, नियमित बिजली आपूर्ति, शौचालयों में पानी की उपलब्धता, भारत-नेपाल लिंक मार्ग की मरम्मत एवं बाजार परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था प्रमुख रही। बीडीओ ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों व दुकानदारों से समन्वय बनाकर बेहतर संचालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में एडीओ पंचायत विनय कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान अजीत कुमार उर्फ अजय, सेक्रेटरी पिंटू रौनियार, पंचायत सहायक विजय पांडेय, रोजगार सेवक पवन सहित बाजार के सभी आवंटित दुकानदार मौजूद रहे। वहीं नवनिर्मित हॉट बाजार शुरू होने से स्थानीय लोगों में उत्साह है, और उम्मीद जताई जा रही है कि यह हॉट बाजार सीमावर्ती क्षेत्र के व्यापार और रोजगार को नई दिशा देगा।

# मल्टीलेवल पार्किंग: लोगों से वसूला...खुद जमा नहीं किया, चेतावनी देते रहे

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर




अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने बताया कि ठेकेदार ने निविदा की शर्तों का उल्लंघन किया है। न तो समय पर लाइसेंस फीस जमा किया और न ही नवीनीकरण की औपचारिकताएं पूर्ण की। फर्म को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 12.45 लाख व 2025-26 के लिए 13.07 लाख यानी कुल 25.53 लाख रुपये जमा करने थे।

नगर निगम ने जलकल परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के संचालन में लापरवाही बरतने पर बशारतपुर स्थित मेसर्स श्रृनिका ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेडिंग कंपनी का ठेका निरस्त करने के साथ ही उसे काली सूची में डालने की तैयारी शुरू कर दी है। निगम बकाया किराए की वसूली के लिए आरसी भी जारी करेगा।

अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने बताया कि ठेकेदार ने निविदा की शर्तों का उल्लंघन किया है। न तो समय पर लाइसेंस फीस जमा किया और न ही नवीनीकरण की औपचारिकताएं पूर्ण की। फर्म को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 12.45 लाख व 2025-26 के लिए 13.07 लाख यानी कुल 25.53 लाख रुपये जमा करने थे। जमा करने की अंतिम तिथि बीत चुकी है। कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी फर्म ने न तो कोई धनराशि जमा की और न ही कोई स्पष्टीकरण दिया। नगर निगम ने पहले भी 16 अगस्त 2024 और विगत 19 जून को पत्र जारी कर कंपनी को चेतावनी दी थी, लेकिन इनका कोई संज्ञान नहीं लिया गया। तीन जुलाई को नगर निगम ने अंतिम नोटिस जारी करते हुए सात दिनों की मोहलत दी है।

## स्कूल में बच्चे को पीटा, कमरे में बंद करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । देवरिया

क्षेत्र के खरोह चौराहा स्थित एएमजी किड्स स्कूल के संचालक रामू उर्फ एके गुप्ता पर बच्चे को पीटकर विद्यालय के कमरे में बंद करने का आरोप लगा है। सोमवार की देर शाम को बच्चे के चिल्लाने पर एक शख्स ने परिवार वालों को जानकारी दी गई। विद्यालय पहुंचे छात्र के परिवार वालों ने कमरे से बच्चे को निकाला। पुलिस ने प्रबंधक केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाने में तहरीर देकर ग्राम भटौली बुजुरुग के टोला नौगांवा निवासी रसोइया धनराजी देवी पत्नी रामसकल राजभर ने आरोप लगाया है कि उनके 12 वर्षीय बेटे संतोष को विद्यालय के संचालक ने बेरहमी से मारा-पीटा। घंटों बाद उसके चिल्लाने पर गांव के ही एक शख्स ने सूचना दी। उसके पीठ, गर्दन सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान हैं । थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विरासत गलियारा: भवनों का होगा पुर्नमूल्यांकन, दुकान-मकान और जमीनों की अब शुरू होगी रजिस्ट्री

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



विरासत गलियारे में चार लोगों ने आवेदन दिया है कि उनके भवन का मूल्यांकन कम किया गया है। इस मामले में तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने बताया कि जिन लोगों ने आवेदन दिया है, उनके भवन का पुर्नमूल्यांकन कराया जाएगा। किसी भी व्यक्ति का हित प्रभावित नहीं होगा।

विरासत गलियारे के अंतर्गत पांडेयहाता से धर्मशाला बाजार तक सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीनों और मकानों की रजिस्ट्री मंगलवार से शुरू हो जाएगी। विरासत गलियारे की सड़क करीब साढे बारह मीटर चौड़ी होगी। इसके लिए करीब 1000 दुकान-मकान के साथ जमीनों की रजिस्ट्री होगी। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू किया जाएगा।

एसडीएम कार्यालय में सोमवार को हुई बैठक में राजस्व व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने रजिस्ट्री कराने की रणनीति बनाई। बैठक में जमीन-दुकान के मालिक और किराएदार भी शामिल हुए। एसडीएम दीपक गुप्ता ने निर्देश दिया कि मंगलवार से रजिस्ट्री कराई जाए ताकि सड़क चौड़ीकरण का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों विरासत गलियारे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था। आम जनमानस और व्यापारियों की मांग पर सड़क की चौड़ाई 12.50 मीटर किया जा रहा। सोमवार को सदर तहसील में एसडीएम सदर दीपक कुमार गुप्ता ने सदर तहसील के संबंधित अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक में बताया कि विरासत गलियारे में कुल 833 मकान व दुकान पड़ रहे हैं। इसमें 550 मकान और दुकानों की रजिस्ट्री हो चुकी है। बचे मकान-दुकान की रजिस्ट्री होनी है। इसके लिए सदर तहसील के लेखपालों को लगा दिया गया है। बैठक में तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार प्रद्युम्न सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

**सीएम योगी के निर्देश के बाद प्रशासन ने कराया सर्वे**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सभी प्रभावितों को मुआवजा दिए जाने के निर्देश के बाद प्रशासन ने 3.5 किमी मार्ग पर सर्वे कराया है। मकान मालक और किराएदार दस्तावेज जमा कर रहे हैं। जिन लोगों के नाम खतौनी में नहीं हैं, वे गृहकर, बिजली बिल व न्यायालय के आदेश भी जमा कर रहे हैं।

**भवनों का होगा पुर्नमूल्यांकन**

विरासत गलियारे में चार लोगों ने आवेदन दिया है कि उनके भवन का

# छात्र नेता समागम युवाओं और नौजवानों को मुख्यधारा में लाने की एक पहल, सीएम योगी को भी करेंगे आमंत्रित

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



बैठक में सर्व सम्मति से यह तय किया गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छात्र राजनीति के उपज हैं। गोरखपुर परिक्षेत्र उनके राजनीति का आधार स्थल है। अतः उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एक स्वर से सभी छात्र नेताओं और आम छात्रों ने उन्हें आमंत्रित करने की जोरदार मांग की है।

गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र नेताओं एवं पदाधिकारियों की तरफ से 27 जुलाई को छात्र नेता समागम समारोह एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों के संबंध में एक बैठक सर्किट हाउस में की गई। अध्यक्षता विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महामंत्री डॉ चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने की।

छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ विभ्राट चन्द कौशिक ने कहा कि हालांकि छात्र संघ के चुनाव बन्द हैं, लेकिन छात्र नेता समाज का जागरूक वर्ग है, जो सामाजिक जागरण एवं जन समस्याओं के समाधान हेतु समर्पित भाव से निरंतर संघर्ष करता है। छात्र नेता समागम समारोह का आयोजन छात्र राजनीति विशेषकर युवाओं और नौजवानों को मुख्य धारा में लाने की एक सकारात्मक पहल है।

पूर्व अध्यक्ष दिनेश चन्द त्रिपाठी ने कहा कि 27 जुलाई को आयोजित होने वाला छात्र समागम समारोह एक अनोखी पहल है और इस समारोह से देश की युवा राजनीति में एक नई ऊर्जा प्रवाहित होगी। छात्र संघ अध्यक्ष राजीव पांडेय ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से न केवल गोरखपुर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के छात्र नेता संगठित होंगे और राजनीति को एक नया आयाम प्राप्त होगा।

विश्वविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ योगेश प्रताप सिंह और महामंत्री नीरज शाही ने इस कार्यक्रम में छात्र नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ परिश्रम देते हुए यादगार बनाये जाने की घोषणा की। बैठक में सर्व सम्मति से यह तय किया गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छात्र राजनीति के उपज हैं। गोरखपुर परिक्षेत्र उनके राजनीति का आधार स्थल है। अतः उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एक स्वर से सभी छात्र नेताओं और आम छात्रों ने उन्हें आमंत्रित करने की जोरदार मांग की है। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ0 चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि माननीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज हम सभी छात्र नेताओं के स्वाभाविक अभिभावक और मार्गदर्शक हैं।

## फिलिस्तीनी झंडे वाला टीशर्ट पहने पर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । देवरिया

रविवार को ताजिया जुलूस में फिलिस्तीनी झंडा लगा टी-शर्ट पहने के मामले में पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार को ताजिया जुलूस का एक फोटो वायरल हुआ था। इसमें कुछ किशोर टीशर्ट पहने हुए थे। उस पर फिलिस्तीनी झंडे का प्रतीकात्मक चिह्न बना था। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने पुलिस से की थी। पुलिस सक्रियता दिखाते हुए सभी आरोपियों को थाने ले गई और टीशर्ट को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के ही एक गांव के होने का पता चला। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों पर संबंधित धारा में केस दर्ज कर लिया। क्षेत्राधिकारी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि इस मामले में बघौचघाट थाने में छह आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

# बेखौफ बाइक सवार कर रहे छिनैती, 'खाकी' अब 'तीसरी आंख' से कर रही तालश

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि पादरी बाजार के पास की घटना सीसी कैमरे में कैद है। शाहपुर पुलिस बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश कर रही है। गोरखनाथ क्षेत्र की घटना में जल्दी ही बदमाशों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गोरखनाथ और शाहपुर थानाक्षेत्र में सोमवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। गोरखनाथ इलाके के हड़हवा फाटक के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के हाथ में झपट्टा मारा और पर्स लूटकर भाग गए।

वहीं, शाहपुर इलाके के पादरी बाजार बजरंगी पनीर के पास छात्रा का मोबाइल फोन लूट लिया। अनुमान जताया जा रहा है कि दोनों घटनाओं को एक ही आरोपियों ने अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पहली घटना शाहपुर इलाके की है। यहां पिपराइच की रहने वाली सृष्टि श्रीवास्तव पादरी बाजार नंद नगर कालोनी में किराये के कमरे में रहती हैं। पिपराइच के एक स्कूल में पढ़ते हुए वह बच्चों को कोचिंग पढ़ाती है। सोमवार की शाम 3¬30 बजे सृष्टि ऑटो से पादरी बाजार पहुंची। इसके बाद पैदल कमरे में जाने लगी। अभी वह बजरंगी पनीर की दुकान के पास पहुंची थी उसके मोबाइल पर कॉल आ गई। वह बात करते हुए आगे बढ़ रही थी कि पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसका मोबाइल फोन लूटकर भाग गए।

दूसरी घटना गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हड़हवा फाटक के पास की है। हुमायूंपुर निवासी सावित्री शर्मा के पति अरविंद शर्मा इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। सावित्री ने बताया कि सोमवार दोपहर में वह हड़हवा फाटक के पास स्थित राधाकृष्ण राय के घर आयोजित रामायण पाठ में शामिल होने गई थीं।

शाम करीब चार बजे वह चार वर्षीय बेटे गर्वित के साथ पैदल ही घर लौट रहीं थीं। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका पर्स लूट लिया। इसके बाद बदमाश हुमायूंपुर की ओर भाग गए। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि पादरी बाजार के पास की घटना सीसी कैमरे में कैद है। शाहपुर पुलिस बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश कर रही है। गोरखनाथ क्षेत्र की घटना में जल्दी ही बदमाशों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पहले बहू ने सास का दीवार से टकराया सिर, फिर लगा दी आग

जन एक्सप्रेस । देवरिया



बेटे के प्रेम विवाह में नाखुश 50 वर्षीय सास सुनीता देवी का रविवार को सिर दीवार से टकराने के बाद जब वह अचेत हो गई तो बहू रेशमा ने आग लगा दी। इससे सास की मौत हो गई।

यह बात पुलिस ने पूछताछ में रेशमा ने स्वीकारी है। इसके बाद रविवार की रात में ही हिरासत में ले ली गई रेशमा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के पिपरा मोहन वार्ड संख्या चार निवासी धनंजय कुमार पुत्र देवानंद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की सुबह करीब 7¬30 बजे वह काम के सिलसिले में किराए की मकान से निकल गया।

दोपहर करीब एक बजे मामा बेटे ने फोन कर बताया कि उसके घर में आग लग गई है। जब मौके पर पहुंचा तो मां शव झुलसा हुआ फर्श पर पड़ा हुआ था। पत्नी रेशमा घर से लापता थी।

कुछ देर बाद जब आई तो उससे घटना कीजानकारी ली। उसने बताया कि इसकी सूचना देने मामा के घर गई थी। तहरीर में उसने कहा है कि शादी को लेकर पत्नी और मां में अक्सर विवाद होता रहता था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने रविवार की देर रात को रेशमा पर हत्या का केस दर्ज कर कड़ाई से पूछताछ शुरू कर दी दी। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दी गई।


## परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को दी जाएगी रोजगारपरक शिक्षा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

परिषदीय विद्यालय के छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के 28 विद्यालयों को चिह्नित कर लर्निंग बाई डूइंग लैब का निर्माण कराया जाएगा। यहां छात्रों को विभिन्न ट्रेडों की जानकारी दी जाएगी। इस लैब में क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विकास क्षेत्र में दो-दो उच्च प्राथमिक विद्यालय का चयन किया गया है। जहां लर्निंग बाई डूइंग लैब का निर्माण कराया जाएगा। इस लैब में क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# पर्चे पर तंत्र-मंत्र के वाक्य...कटे बाल और माथे पर सिंदूर

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि किशोरी का मेडिकल कराने के साथ ही उसके माता-पिता से घटना से संबंधित जानकारी ली गई है। किशोरी कोई बात छिपा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चौरीचौरा इलाके में बदहवास हालात में मिलने के बाद सोमवार को पुलिस ने किशोरी (14) का मेडिकल कराया। पुलिस टीम सोनबरसा में उस जगह पर पहुंची जहां से किशोरी लापता हुई थी। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला। साथ ही कुशीनगर की कुछ महिलाओं से भी पूछताछ की।

पुलिस टीम ने किशोरी के माता-पिता से करीब दो घंटे तक पूछताछ की। उसके व्यवहार, स्वास्थ्य, दोस्तों से लेकर हर गतिविधि के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस की दूसरी टीम उस स्थान पर पहुंची जहां से वह लापता हुई थी। टीम ने सरैया से लेकर सोनबरसा तक लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका।

टीम ने आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की। इसके बाद टीम सोनबरसा से कुशीनगर की तरफ गई। कुशीनगर में टीम ने कुछ महिलाओं से पूछताछ की। उनसे तंत्र-मंत्र की जानकारी रखने वाली महिलाओं के बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश की। हालांकि, अभी तक की जांच में पुलिस के हाथ कोई ठोस सबूत नहीं लगे हैं।

एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि किशोरी का मेडिकल कराने के साथ ही उसके माता-पिता से घटना से संबंधित जानकारी ली गई है। किशोरी कोई बात छिपा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सोशल मीडिया से जानकारी जुटा रही पुलिस**

बताया जा रहा है कि किशोरी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव थी। पुलिस उसके सोशल मीडिया अकाउंट और कॉल रिकॉर्ड को भी खंगाल रही है। वह परिजनों का मोबाइल फोन इस्तेमाल करती थी। सूत्रों ने बताया कि उसमें कुछ संदिग्ध सर्च हिस्ट्री मिली है। इसके आधार पर भी पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। वापस आने के बाद किशोरी काफी कम बात कर रही है। पुलिस से भी पूछताछ में वह कम जवाब दे रही है।

**हार्ट की मरीज बताई जा रही किशोरी**

ग्रामीणों के अनुसार, किशोरी हार्ट की मरीज है। उसका कई वर्षों से इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि वह अक्सर गुस्सा जाती थी। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि अगर किशोरी ने खुद साजिश रची तो वह क्यों लौट आई। अगर उसने साजिश रची तो उसमें कौन-कौन शामिल थे। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

# पोस्ट ऑफिस से एक करोड़ 60 हजार रुपए गबन मामले में दो गिरफ्तार, अभियुक्तों में पोस्ट मास्टर व उसका सहयोगी भी शमिल

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर पुलिस ने मंगलवार को थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्रान्तर्गत उपडाकघर में 01 करोड़, 60 हजार 249 रूपए सरकारी धन का धोखधड़ी कर गबन किए जाने की घटना का खुलासा करते हुए घटना मे शामिल 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में तत्कालीन पोस्टमास्टर तथा उसका सहयोगी शामिल है । रैकेट में कई अन्य लोगों के शामिल होने के भी आशंका है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है ।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 8 जुलाई को प्रेस वार्ता में बताया कि 12 जून 2025 को वादी अशोक कुमार सहायक अधीक्षक डाकघर उप मंडल बलरामपुर द्वारा थाना कोतवाली उतरौला में दिए गए प्रार्थना-पत्र के आधार पर कि विपक्षी तत्कालीन पोस्ट मास्टर नरेन्द्र प्रताप उपडाक घर उतरौला द्वारा 14 दिसंबर 2023 से 09 जुलाई 2024 तक के बीच विभिन्न तिथियों में अपने सहयोगी सुनील कुमार व अन्य साथियों के साथ मिल एक करोड़ रूपये उपडाकघर उतरौला से स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा उतरौला में प्रेषण दिखाया गया परन्तु वास्तव में बैंक को प्रेषण नहीं हुआ । इस प्रकार सरकारी धन का स्थायी दुर्विनियोजन किया गया । तत्कालीन पोस्ट मास्टर नरेन्द्र प्रताप उतरौला द्वारा स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा उतरौला में विलम्ब से जमा करने और इस प्रकार सरकारी धन का अस्थायी दुर्विनियोजन किये जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली उतरौला पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत होकर विवेचनात्मक कार्यवाही क्षेत्राधिकारी ललिया द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि 08 जुलाई 2025 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला अवधेश राज सिंह व उनकी टीम उप निरीक्षक अनिल कुमार, कां0 राहुल त्रिवेदी, कां0 सुरेन्द्र कुमार, कां0 विमलेश सिंह व कां0 अतीश कुशवाहा द्वारा कोतवाली उतरौला पर पंजीकृत धोखाधड़ी व अन्य अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों नरेन्द्र प्रताप पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम रानीपुर थाना कसानगंज



जनपद बस्ती वर्तमान पता 1198/3 कृष्णा विहार कालोनी सिविल लाइन थाना को नगर जनपद गोण्डा तथा सुनील कुमार पुत्र स्व0 रामतीरथ वर्ष निवासी ग्राम विशुनापुर बेलभरिया थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को गुप्त सूचना पर गोण्डा रोड नहर पुलिया भडवाजो के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों नरेंद्र प्रताप से पूछताछ करने पर बताया कि जब मैंने उप डाकघर उतरौला का कार्यभार ग्रहण किया उस दौरान मुझे ज्ञात हुआ कि उप डाकघर उतरौला में खजांची नियुक्त नहीं है, खजांची का कार्य भी पोस्टमास्टर द्वारा ही किया जाता है । कार्य के दौरान ही मुझे ज्ञात हुआ कि उप डाकघर उतरौला के खाते का रिकन्साईलमेंट 2-3 साल पीछे चल रहा था, इसलिए मेरे मन में अवैध धनार्जन करने का लालच आया और मैंने सोचा कि यदि मैं उप डाकघर उतरौला की सरकारी धन को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए गबन कर लूं तो किसी को जानकारी नहीं हो पायेगी क्योकि रिकन्साईलमेंट पीछे चल रहा है जिससे बैंक स्टेटमेंट से मिलान संभव नही होगा और मेरी चोरी पकड़ी नही जाएगी। इसी का फायदा उठाते हुए मैने पहले 25 लाख कैश जो स्टेट बैंक भेजा जाना था उसे बैंक न भेजकर फर्जी डाक्यूमेंट तैयार कर उसका प्रेषण दिखा दिया गया और उस पैसे को भौतिक रूप से बैंक में नही भेजा। इसी तरह मेरे सहयोगी सुनील कुमार द्वारा भी अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए 15 लाख रु0 का गबन कर लिया गया, जब लेनदेन की भिन्नता की जानकारी प्रधान डाकघर बलरामपुर को हुई तो गबन का रुपया मैनेज करने के लिए 20 लाख रुपया प्रधान डाकघर के कर्मचारियों को दिया गया । इस तरह मैने व सुनील कुमार ने अन्य विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कुल 01 करोड़, 60 हजार 249 रुपये सरकारी धन का गबन कर लिया गया था। गिरफ्तारी कर्ता टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला अवधेश राज सिंह, उप निरीक्षक अनिल कुमार, कां0 राहुल, का0 सुरेन्द्र कुमार, कां0 विमलेश सिंह, कां0 अतीश कुशवाहा व एसओजी सर्विलांस टीम के उप निरीक्षक राणा प्रताप सिंह प्रभारी, हे0 कां0 शशांक सेखर, हे0कां0 अरविंद कुमार, कां0 शिवसागर, कां0 श्यामजी, कां0अश्वनी सिंह, कां0 अखिलेश कुमार, कां0 दिलीप गुप्ता, कां0 शमसेर, कां0 विशाल द्विवेदी शामिल थे ।

# 15 से 25 जुलाई तक होगा पीएचडी प्रवेश परीक्षा का साक्षात्कार

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में नव सृजित %मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा गत दिनों आयोजित प्रथम पी-एच.डी. प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों हेतु साक्षात्कार की तिथि घोषित कर दी गई है।

मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह ने 8 जुलाई को बताया कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम पी-एच.डी.प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों हेतु साक्षात्कार की समय सारिणी 15 जुलाई 2025 से लेकर 25 जुलाई 2025 तक निर्धारित की गई है। साक्षात्कार में प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण 138 परीक्षार्थी व प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त नेट जेआरएफ के 111 अभ्यर्थी, कुल 249 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि 23 जून 2025 को नवस्थापित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का प्रथम शैक्षणिक कार्यक्रम पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के रूप में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ था । इस परीक्षा का समन्वयन प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया था । उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के लिए भौतिक विज्ञान विषय का साक्षात्कार 15 जुलाई 2025 मंगलवार समय- प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक होगा । वनस्पति विज्ञान विषय का साक्षात्कार 15 जुलाई 2025 मंगलवार को अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक होगा । रसायन विज्ञान विषय का साक्षात्कार 16 जुलाई 2025 बुधवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक तथा इसी दिन वाणिज्य विषय का साक्षात्कार अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक संपन्न होगा । गणित विषय का साक्षात्कार 17 जुलाई 2025 गुरुवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक तथा इसी दिन सैन्य विज्ञान विषय का साक्षात्कार अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक होगा । जंतु विज्ञान विषय का साक्षात्कार 18 जुलाई 2025 शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक तथा राजनीति विज्ञान विषय का साक्षात्कार अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक होगा । हिन्दी विषय का साक्षात्कार 19 जुलाई 2025 शनिवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक तथा भूगोल विषय का साक्षात्कार अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक होगा । इतिहास विषय का साक्षात्कार 21 जुलाई 2025 सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक एवं अर्थशास्त्र विषय का साक्षात्कार इसी दिन अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक होगा । उर्दू विषय का साक्षात्कार 22 जुलाई 2025 मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक तथा इसी दिन संस्कृत विषय का साक्षात्कार अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक होगा । अंग्रेज़ी विषय का साक्षात्कार 23 जुलाई 2025 बुधवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक तथा इसी दिन समाजशास्त्र विषय का साक्षात्कार अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक होगा । शिक्षा शास्त्र विषय का साक्षात्कार 24 जुलाई 2025 गुरुवार को प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक होगा । गृहविज्ञान विषय का साक्षात्कार 25 जुलाई 2025 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक संपन्न होगा।

# लेखपाल के ऊपर अवैध वसूली और द्वेषपूर्ण कार्रवाई का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**

जनपद के भीटी तहसील के ग्राम कटरिया बड़ागांव निवासी जगदंबा देवी ने क्षेत्रीय लेखपाल कालिका प्रसाद उपाध्याय पर अवैध वसूली और द्वेषपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

जगदंबा देवी के अनुसार, विवादित भूखंड गाटा संख्या 184मि. का पूर्व में लेखपाल द्वारा जगदंबा देवी को पत्र बताते हुए आवासीय पट्टा देने का प्रस्ताव किया गया था जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 11 जुलाई को नियत है। महिला ने आरोप लगाया कि उसी जमीन पर लेखपाल द्वारा धारा 67



की कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई। जबकि उसी गाटा संख्या में अन्य लोगों द्वारा भी कब्जा किया गया है लेकिन उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई महिला का आरोप है कि लेखपाल ने पहले उनसे रिश्वत की मांग की थी और पैसे न देने पर दबाव बनाने के लिए पति को अतिक्रमणकारी दर्शाते हुए दंडात्मक कार्रवाई कर दी।

महिला ने जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी ने एसडीएम भीटी को जांच कर लेखपाल के ऊपर उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया वही जगदंबा देवी ने आरोप लगाया कि जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के कारण तिलमिलाए लेखपाल ने उनके घर पहुंच कर उनको भद्दी भद्दी गाली दी और जान से मारने की धमकी भी दी।

# अपनी जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**

जनपद के अपनी जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अकबरपुर मुख्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल के पास मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व अपनी जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने किया।जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या 68-5099/328/2025, अनुभाग-5 बेसिक शिक्षा विभाग 994409/2025, दिनांक 16/06/2025 के माध्यम से प्रदेश के 50 छात्रों से कम नामांकन वाले 27,764 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में पेयरिंग/मर्ज करने का आदेश दिया गया है।उन्होंने कहा कि




यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, मजदूर, शोषित, वंचित, पिछड़े एवं सुविधाविहीन परिवारों के बच्चों के हितों के प्रतिकूल है। गरीब बच्चों के सुपोषण के लिए सरकार ने मिड-डे मील योजना चला रखी है, परंतु विद्यालय बंद होने से न केवल उनकी पढ़ाई बाधित होगी बल्कि वे मिड-डे मील से भी वंचित रह जाएंगे।विजय कुमार मौर्य ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है, जिसे ऋञ्जश्व,ष्ह्ल 2009 के तहत हर बस्ती के निकट स्कूल होना राज्य की जिम्मेदारी है। विद्यालयों का मर्जर न केवल संविधान के अनुच्छेद 21 व नीति निर्देशक तत्वों के अनुच्छेद 46 का उल्लंघन है बल्कि 'पढ़े बेटियां, बढ़े बेटियां' जैसे अभियानों का भी उपहास करता है।उन्होंने बताया कि पेयरिंग/मर्जर के कारण बच्चों को 3 से 5 किलोमीटर दूर स्थित विद्यालयों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ेगा, जिससे विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और ड्रॉपआउट दर बढ़ने की आशंका है।आंकड़ों का हवाला देते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में लगभग 15,082 स्कूलों में प्रति विद्यालय मात्र एक शिक्षक कार्यरत है, जिनमें 10,187 प्राथमिक विद्यालय एवं 4,895 उच्च प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं।

अपनी जनता पार्टी ने इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों के हितों की अनदेखी की गई तो पार्टी का आंदोलन और उग्र होगा। प्रदर्शन में अमित मौर्य जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा वैभव नरेश मौर्य सुरेश मौर्य राजमणि पाल मनमोहन मौर्य लालमणि विजय कुमार प्रजापति अशोक कुमार राम दरस पलालुद्दीन शाहिद दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# मूसलाधार हुई बारिश ने नगर निगम की खोली पोल

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

सोमवार सुबह को तेज बारिश हुई,बारिश के कारण उमस भरी गर्मी से तो निजात मिली मगर शहर की सड़कें तालाब बन गईं।क्वार्सी क्षेत्र के निशात बाग,जीवनगढ़, रजा नगर,दादपुर,नगला मल्लाह,शाहजमाल ईदगाह, सराय हकीम, बारहद्वारी और रेलवे रोड पर दुकानों तक पानी पहुंच गया। क्षेत्रीय समाजसेवी शाहरुख उर्फ भूरा ने बताया कि सोमवार को अचानक तेज बारिश शुरू हो गई।झमाझम बारिश से महानगर में जलभराव हो गया।पुराने शहर के खैर रोड, घुड़ियाबाग, पूर्व मेयर आवास के बाहर, बारहद्वारी, महावीरगंज, गूलर रोड, सरायहकीम, सराय लबरिया मेयर आवास के बाहर की सड़क, रेलवे रोड, उदय सिंह जैन रोड, शाहजमाल आदि क्षेत्रों में जल भराव रहा। सड़क पर पानी भरने के कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। जलभराव के कारण नगर निगम के सभी वादे खोखले साबित हुए।बारिश के बाद शहर के विभिन्न जलभराव की समस्या लगातार सामने आ रही है। गूलर रोड और खैर रोड पर जलभराव पर नगर निगम ने नाला सफाई कार्य करने वाले ठेकेदार पर जुर्माना लगाया है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने टीम के साथ शहर के विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त ने नाला सफाई के लिए जिम्मेदार ठेकेदार आरबी इंटरप्राइजेज को नाला सफाई में शिथिलता के लिए नोटिस एवं पेनाल्टी लगाए जाने का निर्देश दिया है।नगर आयुक्त ने जलकल विभाग के महाप्रबंधक डॉ. प्रमोद कुमार सिंह को सीवर सकिंग मशीन एवं अन्य आवश्यक संसाधनों को भेजकर जल निकासी को समाप्त कराने का निर्देश दिया।एटा चुंगी से क्वार्सी बाईपास स्थित कुलदीप विहार में सहार दिल्ली रेजीडेंसी जाने वाला रास्ता जलभराव के कारण जानलेवा बन गया है।बारिश के बाद से जमा पानी में जहरीले सांप और कीड़े देखे जा रहे हैं।पुराने समय से जलनिकासी की समस्या थी, जिसे जल विभाग की अधूरी पाइपलाइन योजना ने और बिगाड़ दिया है।

## भगवान परशुराम द्वार का कराया निर्माण

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

चौधरी ऋषिपाल सिंह सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अलीगढ़ ने अपनी विधायक निधि से निमार्णाधीन भगवान परशुराम मंदिर आसना मथुरा रोड अलीगढ़ पर भगवान परशुराम के द्वार का निर्माण कार्य भी पूर्ण करा दिया है। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पीसी शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव कुमार गौड़ एव मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने अवगत कराया है कि एक कार्यक्रम में मुलाकात के दौरान चौधरी ऋषिपाल सिंह ने अपने ही स्तर से अवगत कराया कि मैं भी भगवान परशुराम मंदिर हेतु कुछ कार्य संपादित करना चाहता हूं,अर्थात स्वयं से ही पहल करने वाले वह पहले जनप्रतिनिधि हैं, संकल्प के आधार पर उन्होंने भगवान परशुराम द्वार का निर्माण कार्य पूर्ण भी करा दिया है। अतिशीघ्र तिथि का निर्धारण कर गेट का लोकार्पण कार्यक्रम कराया जाएगा। प्रस्ताव के क्रियान्वयन तक ट्रस्ट के महासचिव डॉक्टर एन के शर्मा एवं संस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र पंडित ने मेरे साथ महती भूमिका का निर्वहन किया।

# विद्यालय मर्ज किए जाने के विरोध में धरना

## छात्र सभा महानगर ने विरोध जताते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

- सुरक्षा कर्मीयों ने गेट पर रोका, जमकर किया हंगामा

भाजपा सरकार द्वारा पांच हजार से अधिक विद्यालयों को बंद/मर्ज किये जाने के विरोध में सपा छात्रसभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबंधित ज्ञापन सौपा। प्रदर्शनकारियों को आता देख सुरक्षा गार्डों ने सभी को गेट पर ही रोक लिया। हंगामा करने के बाद प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लिया गया।

समाजवादी पार्टी छात्रसभा महानगर अध्यक्ष अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, कि जो पांच हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी शुरू से ही शिक्षा विरोधी है, हमेशा गरीब आम जनता के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है। वैसे भी भाजपा शासन में शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है आज कोई भी गरीब बच्चा भाजपा शासन में अच्छी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहा है, भाजपाइयों के अत्याचारी वाले नियम, विद्यालयों को प्राइवेट करना, छात्रों के पास किताबें ना पहुंचना, ड्रेस ना पहुंचाना और अच्छी शिक्षा व्यवस्था पहुंचाना है। भारतीय जनता पार्टी एक तरफ 5000 प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला करती है, वहीं दूसरी तरफ हजारों की संख्या में शराब के ठेके खोलने को कहती है, आज प्रदेश में स्थिति यह है कि शिक्षा के लिए गरीब बच्चों को लड़ना पड़ता है और भाजपा शासन में शराब पीना हो तो किसी भी चौराहे पर चले जाओ भाजपाइयों के ठेके खुले मिलेंगे।

भाजपा 5000 प्राथमिक विद्यालय बंद कर कर उन तमाम छात्रों को शिक्षक बनने से भी रोक रही है जो छात्र ॢीं, बीटीसी किए हुए हैं। भाजपा शुरू से ही छात्रों के खिलाफ है, भाजपा नहीं चाहती कि प्रदेश के युवाओं के पास रोजगार हो, प्रदेश का युवा शिक्षक बने, गरीब, किसानों के बच्चों को पढ़ाएं और बच्चों को काबिल बनाएं, भाजपा शुरू से ही शिक्षा विरोधी रही है, युवा विरोधी रही है, रोजगार विरोधी रही है, ऐसी सरकार को 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता सबक सिखाएगी, प्रदेश से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

महामहिम राज्यपाल महोदया जी से यह निवेदन किया जो 5000 प्राथमिक विद्यालय भाजपा द्वारा बंद किए जा रहे हैं, उस प्रस्ताव को तत्काल भाजपा वापस ले अन्यथा की स्थिति में समाजवादी छात्र सभा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी इस अवसर पर मौजूद रहे महानगर उपाध्यक्ष मनीष यादव, भूपेंद्र तोमर, अजय यादव, ललित जाटव ,रघुवीर वाल्मीकि , विजय यादव, सम्मीर अब्बास , शिवम् बघेल, अतुल यादव, विकाश वर्मा, आयुष पंडित ,निखिल शर्मा, उदय श्रीवास्तव , कपिल कुमार, सोनू यादव, आदिल खान , पवन श्रीवास्तव , प्रदीप पंडित, अनुज प्रकाश, पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बारिश से भीगा अनाज, धरने पर बैठे किसान

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

अलीगढ़। सोमवार को किसान मजदूर संगठन ने राष्ट्रीय सचिव डॉ शैलेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में पूर्व सूचना पर धनीपुर मंडी में मण्डी सचिव कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू किया।

धरने की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों से वार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष बंटी जादौन ने बताया 15 दिन पूर्व मंडी सचिव और उप निदेशक राजेश कुमार गुप्ता को ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया था। किसानों के लिए बने टिन शेडो पर व्यापारियों द्वारा कब्जा कर रखा है। जिससे बरसात में किसानों का करोड़ों रुपए का अनाज बारिश में भीगता है। इसलिए उन्हें खाली कराया जाए,लेकिन मण्डी प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह राघव ने कहा कि हरदुआगंज मंडी में जब किसान का अनाज बारिश भीगा तो इसकी शिकायत मंडी सचिव से करने की कोशिश की तो तीन दिन तक फोन नहीं उठाया। बरसात में जिले की प्रत्येक मंडी में पानी भरा है। किसान व्यापारी परेशान है और मण्डी के अधिकारियों को इसकी कोई खबर नहीं। ऐसे अधिकारियों का सीट पर बने रहना हमारा दुर्भाग्य है।सत्यवीर चौधरी ने बताया कि प्रत्येक मंडी में जलभराव हो रहा है सफाई व्यवस्था नदारद है जरा सी बारिश पर कीचड़ नजर आती है लें लेकिन मंडी के अधिकारियों को दिखाई नहीं देता तो समस्या कैसे दूर होगी। मण्डी के पूर्व अध्यक्ष सुरेश लोधी ने मंडी में व्याप्त समस्याओं पर प्रकाश डाला मण्डी के सभापति और सिटी मजिस्ट्रेट रामशंकर सिंह ने मण्डी सचिव,उप निदेशक निर्माण ,उप निदेशक मंडी के साथ धरना स्थल पर ही वार्ता कर किसानों की समस्याओं का स्थाई निदान निकालने का आदेश दिया। जिस पर उप निदेशक मंडी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि टिन शेडो को खाली कराने की कार्यवाही शुरू कर दी है 7 दिन में सभी अवैध चबूतरों को खाली करा दिया जाएगा।

# इग्नू ने एमएलके कॉलेज में किया परिचर्चा का आयोजन

**3जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में मंगलवार को इग्नू द्वारा परिचर्चा का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 8 जुलाई को इग्नू के उपनिदेशक डॉक्टर कीर्ति विक्रम सिंह ने परिचर्चा कार्यक्रम में एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में छात्रों को बताया कि जनपद बलरामपुर के शिक्षित बेरोजगारों के लिए उत्तर प्रदेश में पर्यटन पोर्टल प्रबंधन के क्षेत्र में इग्नू तथा मान्यवर काशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त प्रयासों द्वारा सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है । इग्नू तथा काशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान के मध्य 24




अप्रैल 2025 को हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत होटल प्रबंधन के तीन सर्टिफिकेट कोर्स एवं एक डिप्लोमा कोर्स जुलाई सत्र से प्रारंभ हो रहे हैं । कार्यक्रम में अभ्युदय कोचिंग बलरामपुर के संचालक सचिन कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को पर्यटन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में इग्नू के छात्र छात्राओं के अलावा महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इग्नू एमएलके पीजी कॉलेज के समन्वयक डॉक्टर आलोक शुक्ला ने किया।

## कांवड़ यात्रा के दौरान भक्तों को न हो कोई परेशानी

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में 11 जुलाई से आरम्भ हो रहे श्रावण मास के प्रथम सोमवार 14 जुलाई, द्वितीय सोमवार एवं शिवरात्रि 21 जुलाई, हरियाली तीज 27 जुलाई, तृतीय सोमवार 28 जुलाई, चतुर्थ सोमवार 04 अगस्त एवं रक्षाबंधन 09 अगस्त महत्वपूर्ण पर्वों के दृष्टिगत जिले में स्वच्छता,पेयजल आपूर्ति,विद्युत व्यवस्था एवं कानून-शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांक पाठक समेत समस्त एसडीएम, सीओ एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।एसएसपी संजीव सुमन ने नगर निगम एवं सभी नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख बाजारों,मंदिरों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए। जल भराव की समस्या को जल्द से जल्द दूर करने के लिए भी निर्देशित दिए गए।

# आज से जिले में शुरू होगा वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 43 लाख पौधरोपण

- अभियान संबंधी बैठक नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

इस समय पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण महा अभियान चल रहा है जिसके तहत 37 करोड़ पौधों का पौधा रोपण किया जाना है। इसी क्रम में आज जनपद में 43 लाख पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा कार्यक्रम के सफलता के लिए मंगलवार को नोडल अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बताते चले कि पौधारोपण महाअभियान के तहत जनपद में 24 विभागों एवं जन सहभागिता से 43 लाख 56 हजार



100 पौधों का रोपण किया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा पौधारोपण महा अभियान की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की , उन्होंने कहा कि नर्सरी से पौधारोपण स्थल पर पौधे समय से पहुंच जाए एवं लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढे आदि का खुदान हो जाए। बैठक में डीएफओ ने बताया कि वृक्षारोपण महा अभियान को सफल बनाने के लिए इलेक्शन मोड पर गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जनपद स्तर पर कमांड सेंटर का गठन किया गया है, लक्ष्य के सापेक्ष कितने पौधारोपण हुए इसकी प्रति घंटे रिपोर्ट ली जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, उपायुक्त मनरेगा , जिला पंचायत राज अधिकारी, एडीएम न्यायिक व अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहें।

# स्कूल विलय के विरोध में शिक्षकों ने बुलंद की आवाज

- स्कूलों विलय, प्रधानाध्यापकों व रसोईयों के पदों की समाप्ति स्वीकार नहीं- अरविंद
- चरणबद्ध आंदोलन के तहत बीएसए कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर दिया धरना

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर स्कूल विलय, अधिसंख्यक प्रधानाध्यापकों, विलय स्कूल वाले रसोइयों के पदों एवं अन्य शिक्षक मांगो के समर्थन में मंगलवार को बीएसए कार्यालय परिसर में शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया।
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल की अगुवाई में शिक्षकों ने सरकार के असहयोगात्मक रुख पर कड़ा एतराज जताया।
संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा के आह्वान पर चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में हुए इस विरोध प्रदर्शन में शिक्षकों की काफी बड़ी संख्या से उत्साहित जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्कूलों का विलय, सरप्लस प्रधानाध्यापकों व रसोईयों के पदों की समाप्ति संघ को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है।
श्री शुक्ल ने कहा कि शिक्षक, शिक्षार्थी व शिक्षा व्यवस्था के हित में सरकार इस प्रकार के निर्णय को वापस ले। लोकतंत्र में शिक्षा के हितों से जुड़ी चीजों की अनदेखी अनुचित है। उन्होंने अपने इन महत्वपूर्ण मांगों के अलावा, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, शिक्षकों के अवकाशों से संबंधित मांग, राज्यकर्मियों की तरह शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्कूल का समय सुबह 7~30 से 12~30 बजे तक किए जाने, 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर माध्यमिक शिक्षकों की तरह प्रोन्नत वेतनमान आदि मुद्दों को भी जोरदारी के साथ उठाया।
विरोध प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल को सौंपा गया।
धरना प्रदर्शन का संचालन रामदुलार ने किया।

### धरने में यह शिक्षक रहे मौजूद

जौनपुर। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन में शिक्षक नेता अरविंद शुक्ला के साथ रवि चंद्र यादव जिला मंत्री, लाल साहब यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिवेंद्र सिंह रानू, वीरेंद्र सिंह, संजय यादव, प्रमोद दुबे, दीपक सिंह ,राकेश यादव, विक्रम प्रकाश यादव, विजय कुमार गुप्ता, मोहम्मद इमरान,अनिल दीप चौधरी, देशबंधु यादव, अनुपम सिंह, श्रीपाल, विमल यादव, प्रशांत मिश्रा, विष्णु तिवारी, राजेश कुमार पांडे, छाया सिंह,प्रियंका सिंह , श्वेता पाल, वंदना सिंह, कविता, नीतू सिंह, सुषमा पाठक अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## जलालपुर चौराहा पर ईट लदा ट्रैक्टर ट्राली पलटा तीन राहगीरों ने भागकर बचाई जान



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जलालपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर चौराहा पर मंगलवार को दोपहर में ईट लदा ट्रैक्टर ट्राली पलट गया। इस दौरान पुलिस बूथ के सामने खड़े तीन लोगों ने भाग कर जान बचाया। वहीं एक बाइक ईट से दबकर क्षतिग्रस्त हो गई।थानागद्दी की तरफ से एक ट्रैक्टर ईट लादकर चौराहा पर पहुंचा था।ट्रैक्टर जौनपुर रोड पर मूड रहा था तभी ट्राली का बाया चक्का निकल गया।जिससे ट्राली पलट गई।उसपर लदा ईट पुलिस बूथ के सामने फैल गया।ट्राली पलटते समय तीन राहगीर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे जिन्होंने भाग कर जान बचाई। नाली से सटकर खड़ी गुड्डू गुप्ता की बाइक ईट से दबकर क्षतिग्रस्त हो। ट्रैकर चालक मौके से फरार हो गया।ट्राली पर अमर मार्का ईट लदा हुआ है

## एसडीएम के आदेश पर मौके पर गई थी टीम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। जलालपुर क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव में जमीन विवाद का निस्तारण करने गए राजस्व टीम के साथ कुछ लोगों ने दुर्व्यवहार किया। करते हुए कार्य नही करने दिया।इस मामले में लेखपाल की तहरीर पर सात लोगों के विरुध्द मुकदमा दर्ज किया गया है।
ऊक्त गांव निवासी जिलाजीत पुत्र भजनी लाल का अपने पड़ोसी सुधीर कुमार से जमीनी विवाद चल रहा था।जिलाजीत ने एसडीएम सदर के यहां प्रार्थनापत्र देकर मामले का निस्तारण करवाने की मांग किया था।एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार तथा लेखपाल शिवराज मौके पर स्थलीय निरीक्षण करने और अभिलेखीय जांच के लिए के लिये मौके पर गए हुए थे।
राजस्व विभाग की टीम और मौजूद अधिकारियों ने पूरे मामले का स्थाई निस्तारण के लिए नापजोख की शुरूआत किया। इसके तुरंत बाद ही दूसरे पक्ष के लोग
आक्रोशित हो गए। वह लोग राजस्व विभाग के लोगों के साथ बदतमीजी करते हुए कार्य रोकने पर अड़ गए। लेकिन अधिकारियों ने कार्य नहीं रोका और पैमाईश् शुरू कर दिया। इससे नाराज होकर विपक्षी लोग
लेखपाल के साथ हाथापाई करते हुए उनका फीता छीन कर फेंक दिये। काफी समझाने बुझाने के बाद भी वह लोग नहीं माने और काम नही करने दिया।
घटना से नाराज अधिकारी फौरन तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने उप जिलाधिकारी से पूरे मामले की शिकायत करते हुए दोबारा घटनास्थल पर नहीं जाने का बात कही।
इसके बाद उप जिलाधिकारी ने सभी दोषी लोगों के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया।
आदेश मिलते ही लेखपाल शिवराज चौहान ने सुधीर व आनन्द पुत्र हंसराज, अनुराग, अमित पुत्रगण आनंद,रमेश पुत्र श्यामनारायण तथा रेहाना पत्नी आनंद,प्रज्ञा पत्नी सुधीर के विरुद्ध सरकारी काम मे बाधा का मुकदमा दर्ज कराया।

### इलाके में काफी दबंग माने जाते हैं आरोपी

जफराबाद। उप जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी संबंधित जमीन की पैमाइश न करने देने वाले सभी आरोपी इलाके में काफी दबंग माने जाते हैं। लेखपाल शिवराज चौहान ने बताया कि राजस्व टीम के साथ दुर्व्यवहार किया गया ।कार्य करने से रोका गया। इसके पहले भी अधिकारियों द्वारा पैमाइश का निर्देश दिया गया था लेकिन कोई कार्य नहीं करने दिया गया।

## जमीन विवाद के निपटारे में बाधा डालने वालों पर मुकदमा




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जफराबाद क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव में जमीन विवाद के निस्तारण के लिए पहुँची राजस्व टीम के साथ दुर्व्यवहार और काम में बाधा डालने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। लेखपाल शिवराज चौहान की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया गया है।
सूत्रों के अनुसार, गांव निवासी जिलाजीत पुत्र भजनी लाल का पड़ोसी सुधीर कुमार से भूमि विवाद चल रहा था। जिलाजीत ने एसडीएम सदर को प्रार्थनापत्र देकर मामले के समाधान की गुहार लगाई थी। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार व लेखपाल शिवराज चौहान अभिलेखीय और स्थलीय जांच हेतु मौके पर पहुंचे
जांच के दौरान ही विवादित पक्ष के कुछ लोगों ने लेखपाल द्वारा नापी के लिए उपयोग किया जा रहा फीता फेंक दिया और काम करने से रोक दिया। इतना ही नहीं, राजस्व टीम के साथ अशोभनीय व्यवहार और हंगामा किया गया।
लेखपाल शिवराज चौहान ने इस संबंध में सुधीर व आनंद पुत्र हंसराज, अनुराग, अमित (पुत्रगण आनंद), रमेश पुत्र श्यामनारायण, रेहाना पत्नी आनंद और प्रज्ञा पत्नी सुधीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालना एक गंभीर अपराध है, और टीम के साथ जो व्यवहार हुआ, वह निंदनीय है।

## बहरीन में आयोजित कुश्ती में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी आस्था सिंह

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**गौराबादशाहपुर।** कस्बा के पिलखिनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आस्था सिंह बहरीन में आयोजित होने वाले एशियन यूथ गेम्स के कुश्ती प्रतियोगिता में 61 किलो भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। आस्था के चयन पर कालेज परिवार में खुशी की लहर है। कालेज की प्राचार्य डा. रूबी राय और व्यवस्थापक राहुल सिंह ने बताया कि यह कालेज के लिए गौरव की बात है। आस्था सिंह आजमगढ़ जिले के मार्टीनगंज के सुरहन गांव की निवासी मेनका सिंह आनंद की पुत्री है। वह धर्मापुर ब्लाक के बिथार में स्थित ज्ञान कुश्ती एकेडमी की महिला पहलवान है। कोच अशोक सोनकर ने बताया कि आस्था उनके देखरेख में प्रैक्टिस करती है। इसके पहले जिले और प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी है। आस्था के चयन पर उनके कोच परिवार और पूरे जिले में हर्ष व्याप्त है।



## जौनपुर गोमती नदी में युवक का शव मिलने से सनसनी, परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**जफराबाद।** क्षेत्र के समोपुर कला गांव के पास गोमती नदी में मंगलवार को एक 24 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, बक्सा थाना क्षेत्र के अभयचंदपट्टी गांव निवासी गोविंदा 22 वर्ष पुत्र विनोद कुमार और साहबलाल पुत्र भोलानाथ रविवार को शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित सद्भावना पुल के पास गोमती नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान दोनों युवक नदी में डूब गए थे सोमवार को गोविंदा का शव शहर क्षेत्र में बरामद कर लिया गया था, जबकि साहबलाल की तलाश जारी थी। परिजन गोताखोरों की मदद से लगातार उसकी खोज कर रहे थे। मंगलवार को साहबलाल का शव समोपुर कला गांव के पास नदी में दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की युवक का शव मिलते ही परिजनों की आखिरी उम्मीद भी टूट गई और परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# विद्यालय पेयरिंग आदेश के विरोध में बीएसए कार्यालय पर गरजे शिक्षक, आंदोलन की चेतावनी






- सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो होगा प्रदेशव्यापी आन्दोलन- चन्द्रिका सिंह

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग के विरोध में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।
जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के विद्यालय पेयरिंग वाले तानाशाही फैसले के खिलाफ पूरे प्रदेश के शिक्षक आक्रोशित हैं। कहा कि यदि विद्यालय बंद कर दिए जाएंगे तो गरीब और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को जरूरी शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। यदि सरकार इस निर्णय को तत्काल वापस नहीं लेगी तो प्रदेश व्यापी आन्दोलन किया जाएगा। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा और जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव व जिला संगठन मंत्री विवेककांत पाण्डेय ने कहा कि यदि गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को विभाग के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त न होता यह स्थिति उत्पन्न न होती। कहा कि जिन स्कूलों को छोटा कहकर बंद किया जा रहा है, वे ही गांवों के बच्चों के लिए आत्मविश्वास, सामुदायिक जुड़ाव और जीवन की बुनियादी पहचान हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों पर इसका गहरा प्रभाव पडेगा। इसलिए सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करके इसे वापस लेना चाहिए। धरने को अनिल पाठक, मुरलीधर वर्मा, सनद पटेल, सत्य प्रकाश, दिनेश सिंह, अशोक यादव, शिव रतन, अटल बिहारी, हरेंद्र यादव, राम भवन, विजय, अविनाश दूबे, सविता, वन्दना त्रिपाठी, विवेक कान्त पाण्डेय, प्रवीण श्रीवास्तव, सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, चंद्रभूषण, राजेश गिरी, मधुकर जी, राम पियारे, राम सागर वर्मा, राजकुमार तिवारी, सुरेश गौंड, बब्बन पाण्डेय, मुक्तेश्वर यादव, विकास भट्ट, संतोष, हरिओम, शशिकांत आदि ने संबोधित किया।
वक्ताओं ने कहा कि सरकार पर कहावत सही लागू होती है की जरूरी नहीं है कि एकलव्य का अंगूठा ही काटा जाय, शिक्षा को महंगा करके भी तो एकलव्य को शिक्षा से वंचित किया जा सकता है। इसीलिए प्राथमिक विद्यालय बंद कर देंगे और निजी विद्यालय और डिग्री फीस इतनी बड़ा देंगे कि गांव गरीब का बच्चा पढ़ ही न पाए। स्कूल बन्द करने से गरीब तपके के बच्चे बड़ी संख्या में शिक्षा से वंचित होंगे साथ ही प्रधानाध्यापक, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के लाखों पद भी खत्म हो जायेंगे। संचालन समीउल्लाह अंसारी ने किया। कडी धूप और उमस के बावजूद शिक्षक जमे रहे।
धरने में मुख्य रूप से रवीश कुमार मिश्र, सत्यराम वर्मा, रीना कनौजिया, रेहाना परवीन, दीपिका यादव, कोमल बाला, रूमा सिंह, सलेहा बेगम, अमृता श्रीवास्तव, अनुमपा सिंह, शिल्पी पाण्डेय, गीता सिंह, संध्या यादव, प्रियंका यादव प्रियंका सिंह सुनीता चौधरी, शेषनाथ यादव, गौरव चौधरी, चंद्रमोहन, माखनलाल, राजीव सिंह, अशिवनी सिंह, सुनील तिवारी, बृजेश, शिवशंकर यादव, अशोक पाण्डेय, सतीश यादव, असलम, विनोद चौधरी, जयश्री पाठक, सुरभि ओझा, गीता यादव, कंचन लता, करिश्मा पाल, महेंद्र पटेल, सत्यराम वर्मा,विजय कुमार, लक्ष्मण लाल, उदयप्रताप सिंह, शोभाराम, गिरजेश सिंह, राकेश सिंह, मनीष पाण्डेय, काशीराम, हरि सिंह, चिन्मयराय, मंगला मौर्य, रामसहाय, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष विकास सहित हजारों की संख्या में शिक्षक, संविदाकर्मी मौजूद रहे।

## जौनपुर पुलिस लाइन में सजी मंगलवार परेड, एएसपी ग्रामीण ने ली सलामी और किया निरीक्षण





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पुलिस लाइन में सजी मंगलवार परेड, एएसपी ग्रामीण ने ली सलामी और किया निरीक्षण पुलिस लाइन में सजी मंगलवार परेड, एएसपी ग्रामीण ने ली सलामी और किया निरीक्षण जौनपुर रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार की साप्ता पुलिस लाइन में सजी मंगलवार परेड, एएसपी ग्रामीण ने ली सलामी और किया निरीक्षण जौनपुर रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड का नेतृत्व कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री आतिश कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली और पूरे परेड का गहन निरीक्षण किया। इस परेड में पुलिस लाइन के पुलिस बल, रिक्रूट आरक्षीगण एवं विभिन्न शाखाओं में कार्यरत पुलिसकर्मी शामिल रहे। परेड के दौरान सभी जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गई तथा अनुशासन, समरसता और एकरूपता को मजबूती देने के लिए ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। निरीक्षण के उपरांत एएसपी ग्रामीण श्री सिंह ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जवानों की सजगता, अनुशासन और परेड की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस बल का प्रशिक्षण ही उसकी रीढ़ है, और इस प्रकार की परेड से उनकी कार्यक्षमता में निरंतर सुधार होता है। जौनपुर पुलिस का यह अनुशासित और प्रेरणादायक आयोजन जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जिलाधिकारी से मिला कर्मचारियों का प्रतिनिधि मण्डल, समस्याओं के निस्तारण की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



विकास भवन कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम अधार पाल के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता से मिलकर कर्मचारी समस्याओं के बारे में अवगत कराया और निस्तारण की मांग किया। राम अधार पाल ने बताया कि डीएम ने बिन्दुवार समस्याओं को समझा और तत्काल सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता से इसका निस्तारण कराया जाय।
प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से संघ अध्यक्ष राम अधार पाल ने बताया कि प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से मांग किया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षों पुराने सरकारी आवासों की नये सिरे से मरम्मत, रंगाई पुताई, पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। सरकारी कालोनियों में बंदरो का आतंक है, यहां से उन्हें पकड़वाकर अन्यत्र भेजवाये जाने, पंचायतराज विभाग में नियम विरूद्ध किये गये सफाई कर्मचारियों के स्थानान्तरण को निरस्त किये जाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शासनादेश के अनुरूप लिपिक श्रेणी में पदोन्नित कराया जाय। राम अधार पाल ने बताया कि डीएम ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है।
डीएम से वार्ता के दौरान प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से विकास भवन कर्मचारी संघ के महामंत्री ओम प्रकाश, ग्राम्य विकास मिनीस्टीरियल एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश सोनकर, पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री राम कृपाल चौधरी आदि शामिल रहे।

## डीआईजी से बेटे के हत्यारोपियों के गिरफ्तारी की मांग



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बुधवार को संतकबीर नगर जनपद के पचतोरवा निवासी कमरून्निशा पत्नी असगर अली ने डीआईजी को पत्र देकर अपने पुत्र इब्राहीम की जमीनी विवाद में हत्या के मामले में वास्तविक दोषियों को गिरफ्तार कर न्याय दिलाने की मांग किया। डीआईजी को दिये पत्र में कहा गया है कि गत 20 जून की रात्रि लगभग 1 बजे कमरून्निशा के जेठ अकबर हुसेन पुत्र तहसीलदार, देवर जाकिर हुसेन के पुत्र वसीम, जीशान हाजरा पत्नी जाकिर हुसेन, हमीदुननिशा पत्नी अकबर हुसेन आदि ने दरवाजा खोलवाकर उसके बेटे इब्राहीम पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कमरून्निशा ने पत्र में कहा है कि उसके जेठ सादे कागज पर उसका अंगूठा लगवा लिया। मांग किया कि अकबर हुसेन, हाजरा और हमीदुन्निशां का नाम बढवाकर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित कराया जाय।

## जौनपुर प्राथमिक विद्यालय सरैया की एमडीएम रसोई में गैस पाइप फटने से लगी आग, बड़ा हादसा टला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर गौराबादशाहपुर धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरैया में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मिड-डे मील (एमडीएम) बनाते समय रसोई में गैस पाइप फट गया और आग की तेज लपटें उठने लगीं। हालांकि समय रहते रसोइयों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोज की तरह विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य चल रहा था और एमडीएम के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था। उर्मिला, गायत्री और माधुरी नामक तीन रसोइयाँ खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस चूल्हे में लगा पाइप अत्यधिक गर्म होने के कारण अचानक फट गया और उसमें आग लग गई। तेज लपटें उठती देख तीनों रसोइयाँ शोर मचाते हुए रसोई से बाहर भागीं और शिक्षकों को सूचना दी। प्रधानाध्यापिका संगीता राय तथा विद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं ने तत्परता दिखाते हुए 95 बच्चों को सुरक्षित रूप से विद्यालय प्रांगण से बाहर निकाला।
इसी दौरान आग की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक मौके पर पहुंच गए। गांव के कुछ साहसी युवकों ने आग पर काबू पाया और स्थिति को सामान्य किया।
सौभाग्यवश, इस घटना में कोई जनहानि या बड़ी क्षति नहीं हुई है। विद्यालय प्रशासन द्वारा मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और सुरक्षा के दृष्टिकोण से गैस आपूर्ति की व्यवस्था की जांच की ज रही है

## जौनपुर पेंशनर्स आक्रोशित, 15 जुलाई को कलेक्ट्रेट में करेंगे धरना-प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय में जनपद अध्यक्ष सी.बी. सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पारित वित्त विधेयक 2025 से पेंशनर्स को होने वाले संभावित नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।
अध्यक्ष सी.बी. सिंह ने बताया कि इस विषय में पूर्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा गया था, लेकिन अभी तक कोई सार्थक कार्रवाई नहीं हुई है।
इसी के विरोध में प्रदेश संगठन के आह्वान पर 15 जुलाई को जनपद सहित पूरे प्रदेश में पेंशनर्स धरना-प्रदर्शन करेंगे और जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को अनुस्मारक ज्ञापन भेजकर अपनी मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग करेंगे। पेंशनर्स की पेंशन राहत को महंगाई भत्ते के साथ घोषित किया जाए पेंशन राशि की वसूली की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष की जाए
नई पेंशन व्यवस्था समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल किया जाए 8वें वेतन आयोग के गठन का गजट नोटीफिकेशन शीघ्र जारी किया जाए बैठक को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबली यादव, सम्प्रेक्षक राजाश्रय रजक, डी.के. सिंह, वी.वी. सिंह, ओंकार मिश्र, कंचन सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, इंजीनियर पी.के. सिंह, राम प्रताप यादव, के.पी. सोनकर, रमेश, शंभूनाथ यादव, नंदलाल सरोज, भानुप्रताप श्रीवास्तव, शेषनाथ सिंह, हनुमान प्रसाद श्रीवास्तव, सूर्यबली चौहान, अजय कुमार श्रीवास्तव, महेंद्रनाथ पाठक सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।
बैठक का संचालन जिला मंत्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया। अंत में अध्यक्ष सी.बी. सिंह ने 15 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में धरना-प्रदर्शन में भाग लेने की अपील के साथ धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक समाप्त की

# जनपद प्रतिनिधियों की शिकायतों पर हो त्वरित कार्यवाही: डॉ.प्रज्ञा त्रिपाठी

■ विधान परिषद विनियमन समीक्षा समिति की अध्यक्ष ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति, जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों पर विभागीय कार्यवाही तथा जनता से जुड़े विकास कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा करना था। इनके साथ में एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल, एमएलसी अंगद सिंह व किरणपाल कश्यप तथा डॉ. रतनपाल सिंह भी मौजूद रहे। जनपद आगमन पर समिति का स्वागत कलेक्ट्रेट परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया, जिसके पश्चात जिलाधिकारी शशांक




त्रिपाठी द्वारा समिति अध्यक्ष एवं सभी माननीय सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान जनपद के विभिन्न विभागों को संबोधित माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही विधान परिषद में नियम 105, 110, 115, 111, 39, 39(क) व 223 के अंतर्गत पूछे गए प्रश्नों और सूचनाओं से संबंधित कार्यवाहियों का भी विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त पत्रों को गंभीरता से लेते हुए उन पर समयबद्ध, प्रभावी व पारदर्शी ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित जनप्रतिनिधियों को की गई कार्यवाही से यथाशीघ्र अवगत कराना अनिवार्य है। उन्होंने शासन की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता से जोड़ने पर बल दिया। समीक्षा बैठक में समिति सदस्य एवं जनपद से विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने जिले में संचालित विकास कार्यों, ग्रामीण सड़कों की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, युवा रोजगार, शिक्षा और अवस्थापना सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। इसके अतिरिक्त समिति के अन्य सदस्यगणो द्वारा भी विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए चाही गई सूचनाओं के सम्बंध में की गई कार्यवाहियों के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाहियों का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने समिति को अवगत कराया कि जनहित से जुड़े विषयों पर प्रशासन संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है और शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों को प्रभावी ढंग से अमल में लाया जा रहा है।

वहीं, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा समिति को जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग व्यवस्था एवं सामुदायिक भागीदारी के प्रयासों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने साइबर अपराधों में की गई त्वरित कार्यवाहियों से भी अवगत कराया। बैठक में समिति की अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी एवं अन्य सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना की गई।

उन्होंने कहा कि बाराबंकी प्रशासन शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है, जो अनुकरणीय है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, समिति के अनुसचिव अरुण प्रकाश शर्मा, प्रतिवेदक सुधीर यादव, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवाब की सम्पत्ति दूसरे दिन भी कुर्क, अब तक हुई दो करोड़ अड़तीस लाख की कुर्की

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

नाबालिग से रेप के आरोपी नवाब सिंह यादव की संपत्तियों को कुर्क करने की कार्यवाही लगातार दूसरे दिन भी की गई। इस बार करीब डेढ़ करोड़ कीमत की जमीनों को कुर्क किया गया, जोकि नवाब सिंह की मां और पत्नी के नाम दर्ज हैं। पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव की संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही मंगलवार को भी की गई। फोर्स के साथ पहुंची एसडीएम सदर नवनीता राय ने गदनपुर और कंदरौली बांगर की जमीनों पर बोर्ड लगवाकर संपत्ति कुर्क किए जाने का दावा किया।



## डुगडुगी पिटवाकर मुनादी भी कराई गई

इसके अलावा डुगडुगी पिटवाकर मुनादी भी कराई गई। कुर्क की गई जमीनें तहसीलदार सदर के सुपुर्द कर दी गईं। कार्यवाही को लेकर एसडीएम ने बताया कि गैंगस्टर नवाब सिंह यादव पर गिरोहबंद एवं असमाजिक क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14 (1) के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की गई है। मंगलवार को गदनपुर बड्डू मोहल्ला और कंदरौली बांगर की जमीनें कुर्क की गई। गदनपुर बड्डू की जमीन की कीमत 72 लाख और कंदरौली बांगर की जमीन की कीमत 74 लाख रुपए है। जोकि नवाब सिंह यादव की मां मूला देवी और पत्नी सुशील देवी के नाम पर दर्ज है।

## एक दिन पहले भी हुई कुर्की की कार्यवाही

नवाब सिंह यादव की संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही एक दिन पहले भी की जा चुकी।

सोमवार को पुलिस लाइन के पास 92 लाख कीमत की प्रॉपर्टी को प्रशासन ने कुर्क किया था। इसके बाद लगातार दूसरे दिन भी कुर्की की कार्यवाही की गई। इस प्रकार दो दिनों में 2 करोड़ 38 लाख कीमत की अचल संपत्ति कुर्क कर ली गई है।

# दक्षिणांचल के एमडी ने ली बैठक तो लग गयी बिजली वालों की शिकायतों की झड़ी

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

दक्षिणाचल विद्युत वितरण निगम कर प्रवंध निदेशक नीतीश कुमार ने जन प्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इस दौरान बिजली की खराब व्यवस्था पर जन प्रतिनिधियों ने शिकायत की। विभागीय जेई के फोन न उठाने पर नाराजगी जताई गई। विजिलेंस टीम पर भाजपा व सपा के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाये।

सोमवार को विकास भवन में दक्षिणांचल के एमडी नितीश कुमार ने विभागीय अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। कई उप केंद्रों के निर्माण में लापरवाही पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को समय से काम पूरा करने को कहा गया।

इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने जहां गुरसहायगंज कस्बे में जर्जर बिजली की लाइनों की शिकायत की वहीं छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय व तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने अपने-अपने विधान सभा क्षेत्रों में खराब बिजली व्यवस्था




पर विभाग के अधिकारियों की शिकायत की। छिबरामऊ विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने आरोप लगाया कि विजिलेंस टीम मनमाने तरह से छापा मारकर उन लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करा रही है जिनके यहां मीटर ही नहीं लगे हैं।

विजिलेंस टीम के साथ चलने वाले जेई का हर दूसरे माह में स्थानांतरण कर दिया जाये इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। सबसे अधिक शिकायतें तालग्राम के जेई की हुई। कहा गया कि फोन नहीं उठाते। इस पर एमडी ने कहा कि अब विभागीय उच्च अधिकारी जेई से लेकर एसडीओ व एक्सईएन के फोन समय-समय पर चेक करेंगे। इस के बाद पूछा कि जिले की बिजली व्यवस्था को बेहतर करने के लिये क्या किया जा सकता है। इस पर बताया गया कि सबसे अधिक लोड तिर्वा उपकेंद्र पर रहता है। यहां पर जब तक दूसरा उपकेंद्र निर्माण नहीं हो जाता तब तक समस्या को समाधान संभव नहीं है।

इस के बाद एमडी ने अधिकारियों की अलग से बैठक ली। बाद में बहादुरपुर स्थिति वर्कशाप का निरीक्षण किया।

# मासिक समीक्षा बैठक में डीएम ने दिया राजस्व वसूली लक्ष्य हासिल करने का निर्देश

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर करेक्तर के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने माह जून में वाणिज्य कर विभाग की 58 प्रतिशत, स्टाम्प विभाग की 48 प्रतिशत एवं परिवहन विभाग की 74 प्रतिशत, विद्युत विभाग की 61 प्रतिशत एवं वानिकी की 59 प्रतिशत राजस्व वसूली की प्रगति कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि माहवार लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर उसे समयबद्ध रूप से की जाए। वसूली कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री अग्निहोत्री ने निर्देश दिए कि सभी तहसीलों में लंबित वसूली की नियमित समीक्षा की जाए और बकायेदारों को नोटिस जारी कर समयबद्ध वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी तिर्वा को निर्देश दिए कि जमीन से संबंधित जो भी शिकायते आती है उनका निस्तारण समय से कराया जाए और जो



लेखपाल कई वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हैं उन्हें वहां से हटाकर दूसरे जगह तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी विभागीय कार्रवाई वाले प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना अवगत कराए किसी को भूमि/पट्टा आवंटन न किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आरसीसीएमएस पोर्टल के अनुसार लंबित राजस्व वादों, विशेषकर पाँच वर्ष या उससे अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से किया जाए। राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या में कमी लाने हेतु नियमित मॉनिटरिंग की जाए और संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि आरसीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज धारा 24, धारा 34 एवं धारा 80 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध एवं पूरी सावधानी के साथ किया जाए। राजस्व अभिलेखों से जुड़ी इन धाराओं में की गई किसी भी प्रकार की त्रुटि का सीधा प्रभाव राजस्व प्रणाली पर पड़ता है, इसलिए विशेष सतर्कता बरतें।

निस्तारण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही या तकनीकी त्रुटि न हो,

अन्यथा संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री देवेन्द्र सिंह सहित समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चोरों ने पांच घरों से चुराए चालीस लाख से अधिक जेवरात व नगदी

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुरजानी में बीती रात चोरों ने पांच घरों में धावा बोलकर चालीस लाख रुपए से अधिक कीमत के जेवरात और नगदी चोरी कर ली। घटना के दौरान चोरों ने कमरों में कुंडी लगा दी जिससे परिजन उसमें बंद हो गए। सूचना मिलने पर सुबह सीओ सदर भारी पुलिस बल , डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुरजानी में सोमवार की रात चोरों ने पांच मकानों में धावा बोल दिया। चोर मकान के पीछे सीढ़ी लगाकर संजीव, सत्येंद्र और ब्रजकिशोर के मकान में घुस गए और कमरों में सो रहे परिजनों को कमरे की कुंडी लगाकर उन्हें अंदर से बंद कर दिया और इसके बाद दूसरे कमरों में रखी अलमारी के लाक तोड़कर तीन सोने के हार, छः कंगन, चार चैन, तीन जोड़ी पायल, एक दर्जन अंगूठी और तीन लाख की नगदी चोरी कर ली।इसके अलावा चोरों ने अवधेश के मकान में धावा बोला जहां एक हार मंगलसूत्र, सोने की चेन, तीन अंगूठी, चांदी की पायल, नब्बे हजार की नगदी इसके अलावा वीर प्रताप के यहां से पांच हजार की नगदी और चांदी की पायल व कान के कुंडल चोरी कर ली।इसी रात चोरों ने गांव के ही सेवानिवृत दरोगा बादाम सिंह के यहां भी चोरी का असफल प्रयास किया। संजीव ने बताया कि चोर पांचो घरों से लगभग चालीस लाख रुपए कीमत के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गए हैं।सूचना पाकर सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजय कोतवाल आलोक कुमार दुबे जसोदा चौकी प्रभारी मोहन लाल पुलिस बल व डॉग स्क्वाड फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। चोरी से गांव में क्षेत्र में दहशत फैली हुई है।

# समाजवादी विचारक और सादगी के प्रतीक थे चन्द्रशेखर: राजनाथ शर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि पर गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गांधी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में चन्द्रशेखर के साथी रहे राजनाथ शर्मा एवं पूर्व विधायक सरवर अली खान व सपा नेता ज्ञान सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। स्मृति सभा की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने चंद्रशेखर के जीवन को याद किया। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर ने सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे एक समाजवादी विचारक और सादगी के प्रतीक थे। प्रधानमंत्री रहते हुए भी उन्होंने सादा जीवन जिया। वे हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं समझते थे। श्री शर्मा ने बताया कि मुझे चंद्रशेखर जी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला। वह युवा तुर्क के रूप में हर शख्स के दिलों पर राज करने वाले जननेता थे। स्व चंद्रशेखर भारतीय राजनीति के पुरोधा ही नहीं बल्कि समाजवादी आंदोलन के योद्धा भी थे। सन् 1973-75 के राजनीतिक उथल पुथल के दौर में जयप्रकाश नारायण



से काफी प्रभावित थे और कांग्रेस में रहते हुए भी वे पार्टी की नीतियों के प्रबल आलोचक बन गए थे। जिस कारण आपातकाल लागू होने के बाद उन्हें मीसा के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि वह कांग्रेस के केंद्रीय निर्वाचन और कार्यकारी समिति के सदस्य थे। वह सत्तारूढ़ दल के गिरफ्तार होने वाले चंद नेताओं में से एक थे। पूर्व विधायक सरवर अली खान ने चंद्रशेखर की ऐतिहासिक पदयात्रा का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वे एक जनआंदोलन के नेता और लोकतंत्र के रक्षक थे। गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों के हक के लिए उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। वरिष्ठ सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने कहा कि चंद्रशेखर ने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और जनहित को सर्वोपरि रखा। समाजसेवी विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्व चन्द्रशेखर एक गरीब किसान के बेटे थे। जिन्होंने अपनी योग्यता, कार्य क्षमता और दृढ इच्छा शक्ति से देश का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री के तौर पर किया। उन्होंने हमेशा शक्ति और पैसे की राजनीति को दरकिनार करके सामाजिक बदलाव और लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति पर जोर दिया। सभा में मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, सत्यवान वर्मा, साकेत संत मौर्य, श्रवण यादव, धनंजय शर्मा, नीरज दूबे, विनोद भारती, राजेश यादव, राकेश शर्मा, मनीष सिंह, विजय कनौजिया, रणंजय शर्मा, जयकरन वर्मा, अंकित शर्मा, मो तौफीक अहमद समेत कई लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

## पीड़ितो के घर पहुंचे साकेन्द्र, दी चार लाख की चेक

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बड्डूपुर।** कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में विगत दिनों आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर मौत व एक किसान की तालाब में पैर फिसलने से डूबकर मौत हो गई थी। जिस पर क्षेत्रीय विधायक साकेद्र प्रताप वर्मा एवं उप जिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह के द्वारा परिजनों को चार-चार लाख रुपये आर्थिक सहायता उनके घरों पर जाकर प्रदान की। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के कोतवाली बड्डूपुर के ग्राम रमपुरवा मंज़रे कुंवाडाडा में आकाशीय बिजली गिरने से पवन कुमार रावत पुत्र झब्बूलाल का खेत में मजदूरी करते समय मौत हो गई थी। जिस पर मुख्यमंत्री दुर्धटना सहायता योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की सहायता राशि उनकी पत्नी गीता देवी को उनके गांव जाकर प्रदान की। इसी प्रकार ग्राम मझिगवां में किसान उमेश चन्द्र पुत्र अयोध्या प्रसाद की तालाब में पैर फिसलने से डूबकर मौत हो जाने पर भी 4 लाख रुपये की मुख्यमंत्री दुर्धटना सहायता योजना के अंतर्गत उनकी पत्नी फूलमती देवी को उनके गांव जाकर आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर कार्तिकेय सिंह एसडीम फतेहपुर, योगेन्द्र पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष बड्डूपुर सहित पार्टी पदाधिकारी एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी ने की शपथ ग्रहण



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

आज कुन्ज बिहारी धर्मशाला में कांग्रेस जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं संकल्प समारोह जिला अध्यक्ष मो शाक़िर हुसैन एडवोकेट कीअध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अथिति हाज़ी सोहेल अंसारी(पूर्व विधायक कैंट,कानपुर) ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि कोऑर्डिनेटर प्रद्युमन कुमार दुबे(लालू)और विवेक नारायण मिश्रा थे।कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता घनश्याम सिंह यादव ने किया। पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पाण्डेय, उषा दुबे, विजय मिश्रा, प्रमोद शाक्य, दिनेश पालीवाल, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष सतेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष रोहित त्रिवेदी, वरिष्ठ नेता ओ. पी.तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार दूबे(पप्पू), हरी शंकर मिश्रा, नगर अध्यक्ष समधन, आरिफ खान, नगर अध्यक्ष छिबरामऊ आशीष चौहान, विजय लक्ष्मी दुबे, पूर्व प्रवक्ता शमशाद खान, डॉ ज़ाहिर, पारुल त्रिपाठी, शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र तिवारी, फैशल खान एडवोकेट, हरमोहन यादव एडवोकेट, अम्बुज शुक्ला, वैभव शुक्ला, लियाकत अली, गुडू गांधी, अमीर खान, राजू खान, मेराज़ खान आदि मौजूद रहे।

# कोमल की गला दबाकर हुई थी हत्या

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

**सिद्धौर।** थाना असन्द्रा अन्तर्गत दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान कोमल (25) के रूप में हुई है। असन्द्रा पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के सम्बन्ध में मृतका के भाई सत्यप्रकाष ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी 6 साल पहले चिरैधा थाना असन्दा निवासी नरेंद्र के साथ की थी। शादी में परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। वे दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर कोमल को प्रताड़ित करते थे। कोमल जब भी मायके आती, यह सब बताती थी। परिवार उसे समझाता था कि सब ठीक हो जाएगा। 6 जुलाई को सुबह करीब 10:30 बजे सत्यप्रकाश को सूचना मिली कि उनकी बहन की हिचकी आने से मौत हो गई है। जब वह परिवार के साथ चिरैधा पहुंचे तो कोमल घर के अंदर मृत अवस्था में पड़ी थी। उसके गले पर रस्सी के निशान और शरीर पर चोट के निशान मिले। सत्यप्रकाश का आरोप है कि उनके बहनोई नरेंद्र, उसके बड़े भाई अरविंद, पिता राम समुझ वर्मा और मां राम दुलारी ने मिलकर कोमल की हत्या की है।

# बारिश के मौसम में भी वृक्षों की हालत देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है 'वृक्षारोपण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया'

पुर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा ने बताया के नगर पालिका परिषद गंगा घाट पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में लिप्त है। जहां एक ओर मोदी जी एक वृक्ष मां के नाम लगाने की अपील कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अपने हित को साधते हुए भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को पार कर चुके हैं।

-राजीव शुक्ला



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

गंगाघाट नगर पालिका परिषद गंगाघाट के भारत स्वच्छता मिशन प्रभारी अनूप शुक्ला द्वारा 4 जुलाई 2025 को बताया गया था की लगभग 8 हजार पौधे वन विभाग नगर पालिका परिषद गंगाघाट को मुहैया करायेगा जिसे पार्कों और राजधानी मार्ग डिवाइडर पर लगाया जाएगा अगर वही पौधे वार्ड की जनता को दिया जाता तो नगर हरा भरा होता लेकिन नगर पालिका परिषद गंगाघाट द्वारा सूखे पौधे लगाकर वृक्षरोपण दिवस मना लिया गया शायद वन विभाग द्वारा ही सूखे पौधे उपलब्ध कराया गया बारिश के मौसम में भी वृक्षों के हालात देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि राजधानी मार्ग के डिवाइडर पर लगे हुए सूखे पौधों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तार जलने से विद्युत आपूर्ति रही बाधित

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** कस्बा फीडर के मुहल्ला बेगमगंज में रखे तिकोनिया पार्क में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर का मंगलवार सुबह लगभग दस बजे केबल जल जाने के चलते मुहल्ले की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई विद्युत आपूर्ति बाधित होने मुहल्ला सहित सीएचसी में भर्ती प्रसूताओं व मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा ।विद्युत विभाग के अधिकारियों ने शाम चार बजे ट्रांसफार्मर के केबल को सही कराया जिसके बाद आपूर्ति बहाल हो सकी इस दौरान छह घंटे आपूर्ति बाधित रही साथ ही कस्बा समेत ग्रामीण अंचलों के फीडरों में उपभोक्ताओं को लोवोल्टेज व बिजली की ट्रिप की समस्या से जूझना पड़ रहा हैं ऐसे से उपभोक्ताओं ने लोवोल्ट व ट्रिप होने की समस्या से निजात दिलाने की मांग हुई है इस उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं के घरो में लगे बिजली उपकरण शो बन गये है ।जेई अशोक पाल ने बताया कि ट्रांसफार्मर का केबल जल गया था ।जिसको सही करा दिया गया है सप्लाई सुचारू रूप से चल रही है।

### जमीन की जालसाजी की शिकायत पर डीएम ने दिए जांच के आदेश

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** कोलकाता निवासी राजेश गुप्ता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके चाचा चाचा रामेश्वर का विवाह नहीं हुआ था ।चाचा हम सभी के साथ रहते थे ।चाचा रामेश्वर कोलकाता में रहते थे ।रामेश्वर की 42 वर्ष पूर्व में मौत हो गई थी ।मौत के पूर्व रामेश्वर ने तहसील के गांव कंचनपुर स्थित अपने हिस्से की भूमि अपने भाई शंकर दयाल के नाम वरासत कर दी थी। जिसके बाद गांव स्थित भूमि पर उसका कब्जा है ।कुछ वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान ने रामेश्वर की पत्नी कलावती होने की बात कहकर उक्त भूमि की वरासत के विरुद्ध नायब तहसीलदार न्यायालय में आपत्ति दाखिल की थी ।जिसपर फरवरी 2025 में नायब तहसीलदार न्यायालय द्वारा पत्नी कलावती के पक्ष में फैसला सुनाते हुए रामेश्वर की हिस्से की भूमि का उत्तराधिकारी घोषित किया ।कलावती के नाम आदेश होते हुए कुछ दिन बाद ही कलावती द्वारा आनन फानन में क्षेत्रीय कुछ लोगों की मदद से तीन लोगों को बैनामा कर दिया गया ।राजेश गुप्ता ने बताया कि चाचा रामेश्वर का विवाह नहीं हुआ था और ना ही वो कभी गांव में रहे थे ।कुछ लोगो द्वारा कूट रचित तरीके से फर्जी दस्तावेज व फर्जी पत्नी बनाकर भूमि की वरासत करा की गई है ।बताया कि मामले की जानकारी होने पर कोलकाता से आकर एसडीएम सहित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की गई थी ।लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई है ।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने एसडीएम पुरवा को मामले के जांच के निर्देश दिए है ।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है ।जिलाधिकारी के यहां से कोई निर्देश आया है तो जांचकर कार्रवाई की जाएगी।


### उन्नाव विद्युत विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** उन्नाव जिले में कार्यरत विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री योगेन्द्र कुमार सिंह पर ट्रांसफर और पोस्टिंग के नाम पर भारी भरकम रिश्वत लेने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि अधिकारी द्वारा कर्मचारियों से उनकी मनचाही तैनाती के बदले ?2 से ?3 लाख तक की अवैध धनराशि की मांग की जा रही है ।शिकायतकर्ताओं के अनुसार, जो कर्मचारी उक्त राशि नहीं दे पाते हैं, उन्हें दूरदराज के स्थानों पर प्रताड़ना स्वरूप स्थानांतरित कर दिया जाता है। यह भी आरोप है कि पूर्व में भी अधीक्षण अभियंता द्वारा इस प्रकार की अनियमितताएं की गई हैं, जिनके प्रमाण स्वरूप ट्रांसफर आदेशों की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई हैं ।इस पूरे प्रकरण पर तब और सवाल उठने लगे जब विधान परिषद सदस्य श्री चंद्र प्रधान ने स्वयं इस संबंध में अधीक्षण अभियंता से बात की, लेकिन उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया ।मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए प्रबंध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ को पत्र सौंपा है ।अब देखना यह है कि विभाग इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या ऐसे भ्रष्टाचार पर अंकुश लग पाता है या नहीं।

# अलर्ट पर देश की नदियां

## असम, एमपी और महाराष्ट्र में भयंकर बाढ़ की स्थिति, 11 जगहों पर चेतावनी स्तर पार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



देश में मानसून ने रफ्तार पकड़ी है और इसके साथ ही कई राज्यों में नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। केंद्रीय जल आयोग (सीडबल्यूसी) की ताजा बुलेटिन के मुताबिक, असम, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की चार नदियों में गंभीर बाढ़ की स्थिति है, जबकि देश के अन्य 11 स्थानों पर नदियां चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही हैं। सीडबल्यूसी के मुताबिक, असम के गोलाघाट जिले में ढनसिरी (दक्षिण) नदी और नुमालीगढ़ क्षेत्र में पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। हालांकि इन नदियों के जल स्तर में अब धीरे-धीरे गिरावट देखी जा रही है, फिर भी प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

### नर्मदा और वैनगंगा भी खतरे के पार

मध्य प्रदेश के मंडला में नर्मदा नदी का जलस्तर 437.67 मीटर तक पहुंच गया, जो खतरे के निशान से ऊपर है। राहत की बात यह है कि इसका जलस्तर अब घट रहा है। उधर, महाराष्ट्र के भंडारा जिले में वैनगंगा नदी भी 245.8 मीटर तक पहुंच चुकी है और लगातार बढ़ रही है, जिससे स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है।

### अन्य 11 जगहों पर चेतावनी स्तर पार

बाढ़ की यह स्थिति सिर्फ इन राज्यों तक सीमित नहीं है। असम, बिहार, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 11 अन्य स्थानों पर भी नदियां चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही हैं। इनमें असम में ब्रह्मपुत्र (नेमाटीघाट और तेजपुर), डिखो नदी (शिवसागर) और कुशियारा (करीमगंज) शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में घाघरा नदी (एल्गिनब्रिज), बिहार में गंडक (डुमरिया घाट), और ओडिशा में बैतरणी और जलका नदियों में जलस्तर बढ़ा हुआ है। हालांकि इन नदियों में कुछ जगहों पर पानी स्थिर हो गया है या घट रहा है, जिससे बाढ़ की स्थिति थोड़ी राहत में दिख रही है।

### 35 डैमों और बैराजों पर जलभराव चेतावनी

केंद्रीय जल आयोग ने बताया कि देश भर में 35 ऐसे डैम और बैराज हैं, जहां पानी का बहाव खतरे के स्तर को पार कर गया है। इसमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, झारखंड, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के प्रमुख जलाशय शामिल हैं जैसे श्रीशैलम, मैथन, आलमट्टी, इंदिरा सागर और दुर्गापुर बैराज। इन क्षेत्रों में जल प्रबंधन की निगरानी बढ़ा दी गई है। राहत की बात यह है कि अब तक देश में कहीं भी कोई नदी अपने ऐतिहासिक जल स्तर को पार नहीं कर पाई है, यानी चरम बाढ़ की स्थिति नहीं बनी है। बावजूद इसके, स्थानीय प्रशासन को तैयार रहने की सलाह दी गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

# सरकारी स्कूलों के विलय के विरोध में समाजवादी छात्र सभा का जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन




जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार के स्कूल विलय के विरोध में जिला मुख्यालय पर समाजवादी छात्र सभा ने प्रदर्शन करते हुए डीएम के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार ने स्कूल के विलय की योजना के तहत पांच हजार से भी अधिक प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने फैसला लिया है। उसका समाजवादी छात्र सभा विरोध करती है । भाजपा की योगी सरकार स्कूलों में छात्रों की कम संख्या का हवाला देकर, जिन स्कूलों में छात्रों को पढ़ने के लिए भेज रही है, क्या वहां छात्र सुगमता से पहुंच सकेंगे? कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकारी स्कूलों की हालत पहले से ही चिंताजनक है, अध्यापकों की कमी, पेयजल और शौचालय की समस्याओं के साथ साथ अध्यापकों की कमी से पहले ही जूझ रहे हैं। ऐसे में छात्रों की संख्या अधिक होने से पढ़ाई पर सीधा असर पढ़ेगा । ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि स्कूल के विलय की योजना को वापस लिया जाए सभी सरकारी स्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक तैनात हों, स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, स्कूलों की निगरानी के लिए स्वतंत्र समिति गठित किया जाए, सरकारी स्कूलों को बचाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाय। ज्ञापन देने चालों में जिलाध्यक्ष अंशु ठाकुर, महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित, कृष्णा कुमार यादव, नंदकिशोर महेन्द्र, जितेन्द्र, मोहन यादव, गौरव, नितिन, रितिक, फैज, किशोर कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चार मंजिला निर्माणाधीन मकान भर-भराकर गिरा, दो मकान भी हुए क्षतिग्रस्त, करोड़ों रुपये का नुकसान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दादरी सोमवार रात में ग्रेटर नोएडा स्थित दादरी कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड पर वेद विहार कॉलोनी में निर्माणाधीन चार मंजिला मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। मकान की चपेट में आने से पड़ोस के दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए। मकानों में करोड़ों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। कोई जनहानि नहीं हुई है। मकान रात में खाली था। मकान से आवाजें आने के चलते पड़ोस के मकानों से लोग बाहर आ गए थे। मकान का मलवा हटाने का काम शुरू कर दिया है। दादरी कोतवाली क्षेत्र के तहत रेलवे रोड पर वेद विहार कॉलोनी में मनिंद्रर बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी है। वेद विहार कॉलोनी में ही 100 वर्ग वर्ग के प्लाट पर चार मंजिला मकान का निर्माण चल रहा था। मकान निर्माण अंतिम चरण में था। इन दिनों मकान का प्लास्टर चल रहा था। सोमवार सवेरे तीन बजे से तेज बरसात हुई थी। रात करीब नौ बजे के करीब मकान से कड़ने की आवाज आने लगी।

### नींव कमजोर होने के कारण गिरा मकान

मकान पर तेजी से निर्माण किया गया। मकान की नींव मजबूत नहीं होने से गिरा है। मकान के पीछे खाली सिंचाई विभाग की जमीन है। आगे रास्ता है। दोनों साइड में मकान बने हुए हैं। रात में मकान से आवाज आने के बाद लोग सर्तक हो गए थे। लोगों को मकान के गिरने का आशंका बनी हुई थी। अगर मकान साइड में गिरता तो काफी जनहानि होने की आशंका था।

# ओवरएज्ड वाहनों पर लगा फ्यूल बैन हटा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के साथ एनसीआर के पांच जिलों में भी अब पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। कमीशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (ष्ट्रक्तरू) के सूत्रों के मुताबिक यह नियम एक नवंबर से लागू होगा। बता दें कि राजधानी में 10 साल से अधिक पुराने डीजल, 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन देने से रोक लगा दी गई थी। जिस पर दिल्ली सरकार ने यू-टर्न लेते हुए पुराने वाहनों की जब्ती का अभियान रोक दिया। सरकार ने पुराने वाहनों पर लगे ईंधन प्रतिबंध को हटाने के लिए तकनीकी चुनौतियां एवं जटिल प्रणालियों का हवाला देते हुए सीएक्यूएम को पत्र लिखा। सिरसा ने मीडिया से कहा, अभियान को लेकर नागरिकों में गुस्सा है और सरकार उनके साथ खड़ी है। सिरसा ने पत्र में कहा, शिकायतें मिली हैं कि पेट्रोल पंपों पर कैमरे ठीक से काम नहीं कर रहे। उनमें तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। वाहनों पर कार्रवाई उनके प्रदूषण स्तर को देखकर की जानी चाहिए।

### सीएम रेखा गुप्ता ने क्या कहा था

दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार स्वच्छ, टिकाऊ परिवहन के लिए दीर्घकालिक समाधान पर कार्य कर रही है। किसी निर्णय को लागू करते समय नागरिकों की जरूरतों के साथ संतुलन भी जरूरी है। सीएक्यूएम का निर्णय लाखों परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी और आजीविका को प्रभावित कर रहा है।

# कांवड़ मार्ग पर खंभे में उतरा करंट

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

■ लापरवाही को लेकर नगर निगम और बिजली विभाग का एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप शुरू

सरकार के निर्देश और प्रशासनिक अधिकारियों की नियमित दौड़ धूप के बाद भी कांवड़ यात्रा के लिए किए जा रहे सुरक्षा इंतजामों की हकीकत उस वक्त सामने आ गई, जब मेरठ रोड पर नमो भारत पिलर संख्या 597 के पास स्ट्रीट लाइट के खंभे में करंट उतरने से एक राहगीर की जान चली गई। प्राप्त सूचना के अनुसार, कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सभी विभाग अलर्ट मोड पर हैं। स्वास्थ्य , चिकित्सा , लोक निर्माण , नगर निगम सहित सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों पर युद्धस्तर पर लगे हुए हैं । इसी क्रम में लाइट के खंभों को प्लास्टिक से कवर किया हुआ है। बावजूद इसके, पिलर संख्या 597 के पास स्ट्रीट लाइट के खंभे में करंट उतर रहा था। खंभे के आसपास जलभराव होने से स्थिति और खतरनाक हो गई थी। सुबह दो राहगीर सड़क पार कर रहे थे। दोनों को हल्का झटका लगा, लेकिन बिहार के सारन जिले के बंगरा डुमरर्शन निवासी शत्रुघ्न प्रसाद करंट की चपेट में आ गए जिससे उसकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि ऊर्जा निगम की 11 के वी की हाईटेंशन लाइन स्ट्रीट लाइट के खंभे के ऊपर से गुजारी गई है। नियमों के खिलाफ खंभे पर इंसुलेटर लगाकर तारों को टाइट किया गया, जिससे करंट खंभे में उतरा और हादसा हुआ। जबकि विद्युत विभाग के जोन तीन के मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल ने दावा किया कि अगर 11 केवी लाइन के कारण करंट उतरता, तो दोनों राहगीरों की जान चली जाती। उन्होंने स्ट्रीट लाइट के खंभे से निकले तारों को हादसे की वजह बताया । निगम प्रशासन और बिजली विभाग अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए जिम्मेदारी लेने से बच रहे हैं। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि मेरठ रोड पर टाटा मोटर्स शोरूम के पास एक शव पड़ा है। पुलिस को शव के पास जाने पर हल्का झटका लगा। शटडाउन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पहचान शत्रुघ्न प्रसाद के रूप में हुई। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि शत्रुघ्न और एक अन्य युवक सुबह 6:50 बजे ट्रक से उतरकर पैदल जा रहे थे। बारिश के कारण सड़क किनारे जलभराव था। स्ट्रीट लाइट के खंभे के पास से गुजरते वक्त शत्रुघ्न को करंट लगा और उनकी मौत हो गई।




# क्रिकेटर यश दयाल की बढ़ी मुसीबत

## पीड़िता की शिकायत पर दर्ज हुई एफआईआर

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



देश के उदयीमान क्रिकेटर आईपीएल के आरसीबी की तरफ से खेलने वाले तेज गेंदबाज यश दयाल के खिलाफ गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। रेप और यौन शोषण के आरोपों में युवती ने शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत देकर अपनी आप बीती बताई थी। जिसके बाद हड़कंप मचने के बाद और लकड़ी के आरोप पर अडिग होने से मामला आगे बढ़ा और एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने आरोपी क्रिकेटर यश दयाल से अभी तक पूछताछ अपना पक्ष नहीं रखा है। पीड़ित द्वारा पुलिस को दिए तहरीर की माने तो 2019 से वह क्रिकेटर यश दयाल के संपर्क में थी । फेसबुक और इंस्टाग्राम की दोस्ती रिलेशनशिप में।बदल गई और वैवाहिक जीवन के सपनों के बीच आरोपी क्रिकेटर द्वारा उसके साथ सम्बन्ध बनाए। युवती द्वारा जब भी यश दयाल से शादी का प्रस्ताव रखती तो उसके द्वारा जीवन में मुकाम हासिल करने की बात कहकर बात टाल देता था। 5 साल के उसका रिलेशनशिप में धीरे धीरे बदलाव आने लगा , क्रिकेटर यश दयाल द्वारा उसकी अनदेखी किया जाने लगा और अंत में सोशल मीडिया समेत अन्य संपर्क प्लेटफॉर्म से उसे यश दयाल द्वारा ब्लॉक कर दिया गया। पीड़िता की माने तो कुछ वर्ष पूर्व तक यश दयाल उसे हर जगह घुमाने तक लेकर जाता और अपने परिजनों से भी मिलवाया । लेकिन एक माह पूर्व जब शादी का दबाव बनाने लगी तो उसके साथ मारपीट तक की घटना को अंजाम दिया जाने लगा। पीड़िता ने 21 जून को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया था और 25 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से एक पोस्ट भी किया जिसमें क्रिकेटर यश दयाल के साथ उसकी फोटो भी थी । शिकायतकर्ता की माने तो यश दयाल के अनैतिक संबंध अन्य लड़कियों से भी थे जिसके विरोध के कारण उसके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। जिसके साक्ष्य उसने अपनी तरफ से दिए हैं।

### कौन है यश दयाल

यश दयाल आईपीएल से चर्चा में आए जब कोलकाता नाइट्स राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 2023 में इनके एक ओवर में 5 छक्के लगाकर केकेआर को अप्रत्याशित जीत दिलाई थी। 2024 में आरसीबी ने इन्हें 5 करोड़ में रिटेन किया जिसके बाद सुर्खियों में आए । इलाहाबाद निवासी वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल पहले भी विवादों में रहे हैं जब एक मुस्लिम विरोधी स्टोरी लगाई थी और भारी विवाद के बाद उन्होंने वह स्टोरी डिलीट किया था । अब तक 43 मैचों में 41 विकेट लेने वाले यश दयाल ऐसे मामले में सुर्खियां बटोरेंगे कोई नहीं सोचा था ।

## पश्चिम बंगाल एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, पाकिस्तानी आईएसआई से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले से दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन पर पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से संबंध होने का संदेह है। राज्य विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों की पहचान कोलकाता के भवानीपुर निवासी राकेश कुमार गुप्ता और पानागढ़ निवासी मुकेश रजक के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, इन दोनों के पाकिस्तान की आईएसआई से संबंध हैं। दोनों पड़ोसी देश में कुछ लोगों के संपर्क में थे। एसटीएफ के मुताबिक, दोनों व्यक्ति एक एनजीओ के लिए काम करते थे और मेमारी में किराये के मकान में रह रहे थे।

## सीएम मोहन यादव और भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल पहुंचे दिल्ली, शाह-नड्डा के अलावा राजनाथ से भी मिले

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और मध्य प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मंगलवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई केंद्रीय मंत्रियों के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले उपभोक्ता मामले,खाद्य-सार्वजनिक वितरण मामलों और केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात की। सीएम यादव ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप मध्यप्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। मुझे संतोष है कि मध्यप्रदेश न केवल सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवा रहा है,बल्कि किसानों को भी सौर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। यादव ने कहा,राज्य के 32 लाख किसानों के लिए सोलर पैनल लगाकर देंगे, जिससे भविष्य में किसान स्वयं की बिजली उत्पन्न कर सकें। इससे लगभग 18 हजार करोड़ की सब्सिडी के भार से राज्य सरकार मुक्त हो सकेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कुसुमश्री योजना में ए-बी-सी- तीनों श्रेणियों में मध्यप्रदेश सरकार काम कर रही है। मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात के दौरान पीएम सूर्य घर और पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई। मध्यप्रदेश में अक्षय ऊर्जा विकास में तेजी लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)